3 राजधानी — कोर्ट में 24 को पेश किया जाएगा आफताब

6 अभिमत — आयकर में क्रांतिकारी परिवर्तन

10 विदेश — यूक्रेन में पीड़ा और मौत का साल

11 राष्ट्रीय — भारत का मानव मिशन गगनयान 2024 में



RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 11 अंक 109
नई दिल्ली, बुधवार, 22 फरवरी, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




वार्नर भारत के खिलाफ अंतिम दो टेस्ट से बाहर

स्पोर्ट्स-12

# विदेशों से प्रभावित हो रही भारत की राजनीति

● बीबीसी डॉक्यूमेंट्री पर विदेश मंत्री ने खुलकर बोला हमला, बोले- चुनाव का समय दिल्ली में शुरू हुआ हो या नहीं, लेकिन न्यूयॉर्क और लंदन में जरूर प्रारंभ हो गया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



फाइल फोटो

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी पर बीबीसी की डॉक्यूमेंट्री को लेकर विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर मंगलवार को खुलकर बोले। उन्होंने कहा कि कहा कि किसी दूसरे माध्यम का इस्तेमाल कर राजनीति की जा रही है। उन्होंने इस डॉक्यूमेंटी को लाने के समय पर सवाल उठाए और कहा कि आपको क्या लगता है कि बीबीसी डॉक्यूमेंट्री अचानक आई है। मैं यह बताना चाहता हूं कि चुनाव का समय भारत और दिल्ली में शुरू हुआ हो या नहीं, लेकिन न्यूयॉर्क और लंदन में जरूर प्रारंभ हो गया है। समाचार एजेंसी एएनआई को दिए साक्षात्कार में विदेश मंत्री ने कहा कि यह बस केवल एक राजनीति है, जो उन लोगों द्वारा की जा रही है, जिनमें राजनीतिक क्षेत्र में आने की ताकत नहीं है। वे खुद को बचाने के लिए कहते हैं कि हम एक एनजीओ, मीडिया संगठन आदि हैं, लेकिन वे राजनीति कर रहे हैं।

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कहा कि कभी कहा जाता है कि सरकार रक्षात्मक है, कभी कहा जाता है कि सरकार उदार हो रही है। यदि हम उदार हैं तो एलएसी पर आर्मी को किसने भेजा? राहुल गांधी ने आर्मी को नहीं भेजा है, वहां नरेंद्र मोदी ने सेना को भेजा है। विदेश मंत्री बोले, ये समझना मुश्किल क्यों है कि जो विचारधारा और राजनीतिक पार्टियां भारत के बाहर हैं, उससे मिलती-जुलती विचारधारा और पार्टियां भारत के अंदर भी हैं और दोनों एक साथ मिलकर काम कर रहे हैं।

देश भर में मचे हंगामे के बीच बीबीसी डॉक्यूमेंट्री पर विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि कई बार भारत में चल रही राजनीति यहां की नहीं होती, बल्कि बाहर से आई होती है। विचार और एजेंडा बाहर से आए होते हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि आप डॉक्यूमेंट्री ही बनाना चाहते हैं तो दिल्ली में 1984 में बहुत कुछ हुआ था। हमें उस विषय पर कोई डॉक्यूमेंट्री देखने को क्यों नहीं मिली? पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कार्यकाल पर विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि मेरे पिता सरकारी अधिकारी थे और वह 1979 में जनता सरकार में सचिव बने थे, लेकिन उन्हें सचिव पद से हटा दिया गया था। वर्ष 1980 में वह रक्षा उत्पादन सचिव थे। जब इंदिरा गांधी दोबारा चुनी गई थीं, तब उन्होंने उनको पद से हटा दिया था। वे काफी ईमानदार थे, शायद यही दिक्कत थी।

जयशंकर ने कहा कि आज भारत का वैश्विक स्तर बहुत ऊंचा है। आज हम अपनी सोच, अभियान और विदेश नीति को लागू करने की रणनीति को लेकर पहले की तुलना में अधिक स्पष्ट हैं और ये होना भी चाहिए। आज वैश्विक मामलों पर विश्व भारत की ओर देखता है कि आखिर जलवायु परिवर्तन, आतंकवाद, काला धन, सुरक्षा आदि वैश्विक मुद्दों पर उसके विचार क्या हैं। खाड़ी देशों से करीबी पर विदेश मंत्री ने कहा कि खाड़ी देशों के साथ हमारे रिश्ते बहुत अच्छे हुए हैं। ऐसा पहले क्यों नहीं हुआ? मुझे लगता है कि जब आपकी मानसिकता वोट बैंक की हो, तो आप विदेश नीति और इसे क्रियान्वित करने के बारे में गंभीर नहीं होते। पाकिस्तान को लेकर जयशंकर ने कहा कि पड़ोसी देश का भविष्य काफी हद तक उसकी कार्रवाई से तय होता है। मेरा मतलब है कि कोई भी अचानक ऐसी एक कठिन स्थिति में नहीं पहुंचता है। अब उन्हें इसके लिए रास्ता खुद खोजना है।

## चीन पर विपक्ष के हमलों का भी दिया जवाब

**सीमा** पर चीनी आक्रामकता को लेकर सरकार पर लगातार विपक्ष के हमलों पर विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि मैं बताना चाहता हूं कि चीन ने 1962 में हमारी जमीन के एक टुकड़े पर कब्जा कर लिया था और अब विपक्ष 2023 में मोदी सरकार पर आरोप लगा रहा है कि चीन उस जमीन पर पुल बना रहा है। यह पुल उसी जमीन पर बन रहा है, जिस पर चीन ने 1962 में कब्जा कर लिया था। उन्होंने कहा कि सभी कहते हैं कि हमें सीमा पर आधारभूत ढांचे का निर्माण करना चाहिए तो कांग्रेस ने ऐसा क्यों नहीं किया? मैंने सीमा पर आधारभूत ढांचे का बजट देखा है। मोदी सरकार में बजट पांच गुना बढ़ा है। वर्ष 2014 तक यह 3-4 हजार करोड़ था और आज यह 14000 करोड़ है। उन्होंने कहा कि मैं सबसे लंबे समय तक चीन का राजदूत रहा और सीमा के मुद्दों को करीब से देख रहा था। मैं यह नहीं कहूंगा कि मुझे सबसे अधिक ज्ञान है, मगर मैं इतना जरूर कहूंगा कि मुझे चीन के विषय पर काफी कुछ पता है। यदि राहुल गांधी को चीन पर ज्ञान होगा तो मैं उनसे भी सीखने के लिए तैयार हूं।

# भविष्य में कैश से ज्यादा लेनदेन होगा यूपीआई से

● भारत की भुगतान सेवा यूपीआई और सिंगापुर की पे नाउ प्रणाली के बीच संपर्क सुविधा की शुरुआत

**एजेंसी।** नई दिल्ली, सिंगापुर



फाइल फोटो

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) को भारत की सबसे पसंदीदा भुगतान प्रणाली बताया और कहा कि यह जल्द ही नकद लेनदेन को पीछे छोड़ देगी। मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सिंगापुर के अपने समकक्ष ली सियन लूंग की मौजूदगी में यूपीआई और सिंगापुर की पे नाऊ प्रणाली के बीच संपर्क सुविधा की शुरुआत के मौके पर कहा कि भारत की भुगतान सेवा यूपीआई और सिंगापुर की पे नाउ प्रणाली के बीच इस सुविधा की शुरुआत दोनों देशों के संबंधों के लिए एक नया मील का पत्थर है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि 2022 में यूपीआई के जरिए 1,26,000 अरब रुपए से अधिक के 74 अरब लेनदेन हुए हैं। उन्होंने कहा कि यूपीआई अब अन्य देशों में भी अपने कदम बढ़ा रही है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास और सिंगापुर मौद्रिक प्राधिकरण के प्रबंध निदेशक रवि मेनन ने इस सुविधा को शुरू किया। दास ने इस सुविधा के जरिए पहला लेनदेन भी किया। मोदी ने कहा, कई विशेषज्ञों का अनुमान है कि भारत का डिजिटल वॉलेट लेनदेन जल्द ही नकद लेनदेन को पीछे छोड़ देगा। उन्होंने कहा कि भारत और सिंगापुर के बीच हुई इस शुरुआत ने सीमापार वित्तीय प्रौद्योगिकी संपर्क (क्रॉस बॉर्डर फिनटेक कनेक्टिविटी) का एक नया अध्याय शुरू किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस सुविधा से प्रवासी भारतीयों, छात्रों, पेशेवरों और उनके परिवारों को विशेष रूप से लाभ होगा। उन्होंने कहा, आज के बाद सिंगापुर और भारत के लोग अपने मोबाइल फोन से उसी प्रकार धन का हस्तांतरण कर पाएंगे जैसे वे अपने-अपने देशों में करते हैं। उन्होंने कहा, यूपीआई के जरिए इतनी अधिक संख्या में होने वाला लेनदेन यह दिखाता है कि स्वदेशी स्तर पर तैयार यह भुगतान प्रणाली बहुत सुरक्षित है। यह उल्लेख करते हुए कि सरकार का ध्यान नवाचार और आधुनिकीकरण को बढ़ावा देने पर है, मोदी ने कहा कि सरकार के डिजिटल इंडिया कार्यक्रम ने जीवन जीने की सुगमता, कारोबार सुगमता और डिजिटल कनेक्टिविटी को बढ़ाया है। साथ ही इससे वित्तीय समावेशन को भी बढ़ावा मिला है। उन्होंने कहा कि डिजिटल इंडिया कार्यक्रम से शासन और सार्वजनिक सेवा वितरण में महत्वपूर्ण सुधार आए हैं।

रिजर्व बैंक ने एक बयान में कहा कि यूपीआई-पे नाउ संपर्क सुविधा दोनों देशों की त्वरित भुगतान प्रणाली के उपयोगकर्ताओं को अपने-अपने मोबाइल ऐप के जरिए सुविधाजनक, सुरक्षित, त्वरित और किफायती सीमापार धन हस्तांतरण में सक्षम बनाएगी। इसमें बताया गया कि धन को बैंक खातों या ई-वॉलेट के जरिए यूपीआई-आईडी, मोबाइल नंबर या वर्चुअल पेमेंट एड्रेस (वीपीए) का उपयोग करके भारत से या भारत में स्थानांतरित किया जा सकता है। (शेष पेज 8)

# निर्वाचन आयोग के फैसले के खिलाफ उद्धव गुट की याचिका पर आज सुनवाई

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**उच्चतम** न्यायालय ने महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाले शिवसेना के धड़े की उस याचिका पर बुधवार को सुनवाई करने पर सहमति जताई, जिसमें मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के खेमे को असली शिवसेना के तौर पर मान्यता देने और उसे धनुष बाण चुनाव चिह्न आवंटित करने के निर्वाचन आयोग के फैसले को चुनौती दी गई है। ठाकरे खेमे की पैरवी कर रहे वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी एवं न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा की पीठ के समक्ष मंगलवार को इस मामले का जिक्र किया।

सिब्बल ने अनुरोध किया, ईसी (निर्वाचन आयोग) के आदेश पर यदि रोक नहीं लगाई जाती है, तो वे चिह्न और बैंक खाते अपने कब्जे में ले लेंगे। कृपया इसे संविधान पीठ के समक्ष कल के लिए सूचीबद्ध कीजिए। शीर्ष अदालत ने कहा कि उसे मामले की फाइल पढ़ने की जरूरत है और उसने मामले की सुनवाई को बुधवार अपराह्न साढ़े तीन बजे के लिए स्थगित कर दिया।

ठाकरे खेमे की याचिका में कहा गया कि उठाए गए बिंदुओं का उन मुद्दों से सीधा संबंध है जिन पर संविधान पीठ विचार कर रही है। याचिका में दलील दी गई कि निर्वाचन आयोग ने यह कहकर गलती की है कि शिवसेना में विभाजन हो गया था। इसमें कहा गया कि जब किसी राजनीतिक दल में विभाजन का कोई साक्ष्य नहीं है तो निर्वाचन आयोग का निष्कर्ष इस आधार पर पूरी तरह त्रुटिपूर्ण है। (शेष पेज 8)

## एकनाथ शिंदे होंगे शिवसेना प्रमुख

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे शिवसेना के प्रमुख नेता बने रहेंगे। मंगलवार शाम मुंबई में पार्टी की पहली राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में यह तय किया गया। राज्य के उद्योग मंत्री उदय सामंत ने बैठक में पारित प्रस्तावों की घोषणा की। निर्वाचन आयोग ने पिछले हफ्ते शिंदे गुट को असली शिवसेना के रूप में मान्यता दी थी और उसे पार्टी का चुनाव चिन्ह तीर-कमान आवंटित किया था। शिंदे और पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाले प्रतिद्वंद्वी गुट पार्टी के नियंत्रण को लेकर कानूनी लड़ाई में उलझे हुए हैं। सामंत ने कहा, बैठक की अध्यक्षता शिवसेना के प्रमुख नेता मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने की। इस अहम बैठक में वीरसावरकर को भारत रत्न देने का प्रस्ताव भी लाया गया।

# कर्नाटक में कांग्रेस पर बरसे नड्डा

● राज्य में फिर से डबल इंजन की सरकार बनाने को वोट करने की अपील

**दीपक कुमार उप्रेती।** नई दिल्ली



**कर्नाटक** के मुख्यमंत्री ने हाल ही में राज्य में 'राम मंदिर' के निर्माण की घोषणा करके राज्य में भगवा पार्टी के चुनाव प्रचार की धार तेज कर दिया, वहीं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मंगलवार को कांग्रेस पर पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के खिलाफ मामले वापस लेने का आरोप लगाया है। उन्होंने राज्य की जनता से तुष्टिकरण की राजनीति को खारिज करते हुए भाजपा की डबल इंजन की सरकार बनाने के लिए वोट करने की अपील भी की। कर्नाटक में 224 विधानसभा सीटों के लिए मई से पहले चुनाव होने हैं। भाजपा की कांग्रेस और जेडीएस के साथ समान रूप से मुकाबले की उम्मीद है, जो सत्ताधारी दल के लिए परेशानी का कारण बन सकती है। भाजपा को उम्मीद है कि कांग्रेस में मुख्यमंत्री पद को लेकर होने वाली गुटबाजी उनको चुनाव में मदद कर सकती है। वहीं भाजपा को उम्मीद है कि लिंगायत नेता बीएस येदियुरप्पा की जगह एसआर बोम्मई को मुख्यमंत्री बनाने की पहल से पार्टी को फायदा होगा। कर्नाटक में लिंगायत और वोक्कालिगा के अलावा, कुर्बा भी प्रभावशाली जातियां जो राज्य में अच्छी पकड़ रखते हैं।

राज्य में सत्ता वापसी के प्रयास में जुटी कांग्रेस ने पिछले हफ्ते कर्नाटक में भाजपा लिंगायत नेता और पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सीटी रवि के करीबी विश्वासपात्र एचडी थमैय्या को पार्टी में शामिल किया था। भाजपा से इस्तीफा देकर थमैय्या ने कांग्रेस का दामन थामा है। जिसके बाद से कयास लगाए जा रहे हैं कि सत्तारूढ़ दल को टिकट के लिए इंतजार कर रहे नेताओं के असंतोष का सामना करना पड़ रहा है। नड्डा चुनाव के लिए (शेष पेज 8)

# यूक्रेन पर पुतिन सख्त, अमेरिका के साथ परमाणु संधि रद्द

**एपी।** मॉस्को



**रूसी** राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने मंगलवार को घोषणा की कि रूस न्यू स्टार्ट संधि में अपनी भागीदारी निलंबित कर रहा है जिसका उद्देश्य परमाणु हथियारों के विस्तार पर रोक लगाना है। यह संधि अमेरिका के साथ रूस का आखिरी बचा हुआ परमाणु हथियार नियंत्रण समझौता है। पुतिन ने अपने संबोधन में यह भी घोषणा की कि वह यूक्रेन में युद्ध को लेकर अपनी रणनीति में बदलाव नहीं करेंगे। इस घोषणा से पश्चिमी देशों और रूस के बीच तनाव और बढ़ने की आशंका है।

पुतिन ने कहा है कि रूस उस संधि में अपनी भागीदारी निलंबित कर रहा है जिसका उद्देश्य परमाणु हथियारों के विस्तार पर रोक लगाना है। तथाकथित न्यू स्टार्ट (नई सामरिक शस्त्र न्यूनीकरण संधि) संधि पर 2010 में रूस और अमेरिका ने हस्ताक्षर किए थे। यह संधि दोनों देशों द्वारा तैनात किए जा सकने वाले लंबी दूरी के परमाणु हथियारों की संख्या को सीमित करती है और परमाणु हथियार ले जाने में समक्ष मिसाइल के उपयोग को भी सीमित करती है। पुतिन ने यह भी कहा कि रूस को परमाणु हथियारों के परीक्षण को फिर से शुरू करने के लिए तैयार रहना चाहिए, यदि अमेरिका ऐसा करता है तो। यह एक ऐसा कदम है जो शीतयुद्ध काल के बाद से ऐसे परीक्षणों पर वैश्विक प्रतिबंध को खत्म कर देगा। न्यू स्टार्ट के तहत रूस के दायित्वों को निलंबित करने के अपने फैसले की व्याख्या करते हुए, पुतिन ने अमेरिका और उसके नाटो सहयोगियों पर खुले तौर पर यूक्रेन में रूस की हार के लक्ष्य की घोषणा करने का आरोप लगाया। उन्होंने संधि में रूस की भागीदारी को निलंबित करने के अपने फैसले की घोषणा करते हुए कहा, वे हमें एक रणनीतिक हार देना चाहते हैं और उसी समय हमारी परमाणु ठिकानों तक पहुंचने की कोशिश करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, इस संदर्भ में, मुझे आज यह घोषणा करनी है कि रूस सामरिक आक्रामक शस्त्रों पर संधि में अपनी भागीदारी को निलंबित कर रहा है। पुतिन ने मंगलवार को राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में पश्चिमी देशों पर संघर्ष को भड़काने का आरोप लगाया और पड़ोसी देश यूक्रेन पर हमले का बचाव किया। अपने बहुप्रतीक्षित संबोधन में पुतिन ने रूस और यूक्रेन को पश्चिमी देशों के दोहरे रवैए का पीड़ति बताया और कहा कि यूक्रेन नहीं, बल्कि रूस अपने अस्तित्व के लिए लड़ाई लड़ रहा है।

पुतिन ने दलील दी कि एक ओर अमेरिका ने संधि के तहत रूसी परमाणु ठिकानों के निरीक्षण को फिर से शुरू करने पर जोर दिया है, नाटो सहयोगियों ने यूक्रेन की उन रूसी हवाई ठिकानों पर ड्रोन हमले करने में मदद की जहां परमाणु हमले करने में सक्षम बमवर्षक रहते हैं।

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 60,672 | ↓ 18 | |
| निफ्टी | 17,826 | ↓ 18 | |
| सोना | 56,100 | ↓ 371 | /10g |
| चांदी | 65,742 | ↓ 230 | /kg |

## क्विक न्यूज

### आतंक की जड़े काटने को देशभर में एनआईए के छापे

**नई दिल्ली।** संगठित अपराधी गिरोहों, आतंकवादी समूहों और मादक पदार्थ तस्करों के बीच साठगांठ से जुड़े तीन मामलो के सिलसिले में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) के अधिकारियों ने मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी समेत सात राज्यों में 76 स्थानों पर छापे मारे। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय राजधानी के अलावा महाराष्ट्र, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, गुजरात और मध्य प्रदेश में छापेमारी चल रही है। एजेंसी को एक अपराधी गिरोह के एक सदस्य से डेढ़ करोड़ रुपये मिले है। उन्होने बताया कि तलाशी के दौरान 11 पिस्तौल, रिवॉल्वर और राइफल के साथ गोला-बारूद जब्त किया गया है। इसके अलावा आपत्तिजनक दस्तावेज तथा डिजिटल उपकरण भी जब्त किए गए। एनआईए ने तीन मामले पिछले साल अगस्त में दर्ज किए थे।

# गली के कुत्तों ने मासूम को नोंच कर मार डाला

**पायनियर समाचार सेवा।** हैदराबाद

**अपने** छोटे बच्चों को बेफिक्री से सड़क या बाजार में छोड़कर दूसरे कामों में व्यस्त हो जाने वाले लोगों को यह लापरवाही कभी भी भारी पड़ सकती है। तेलंगाना के हैदराबाद से एक भयावह घटना में इसी तरह सड़क पर छोड़ दिए गए चार साल के बच्चे को गली में घूमने वाले कुत्तों ने नोंच कर मार डाला। रोंगटे खड़े कर देने वाला इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है। तेलंगाना के निजामाबाद के रहने वाले बच्चे के पिता उसे और छह साल की अपनी बेटी को इलाके में ही स्थित एक कार सर्विस सेंटर पर ले गए थे, जहां वह सुरक्षाकर्मी के तौर पर काम करते हैं। बच्चा खेलते हुए बाहर सड़क पर निकल गया, जहां अचानक कुत्तों ने उस पर हमला कर दिया। बच्चा कई बार सड़क पर गिरा और संभला, लेकिन अंत में हिम्मत हार गया और बेसुध गया। कुछ देर बाद गार्ड की बेटी ने उन्हें खबर दी कि कुत्तों ने बच्चे पर हमला कर दिया है। वह आनन-फानन में उसे अस्पताल लेकर गए, जहां बच्चे को मृत घोषित कर दिया गया। बच्चे की बहन ने कहा कि उसने अपने भाई के चारों ओर कुत्ते देखे और उसे बचाने के लिए वहां कोई नहीं था। ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम (जीएचएमसी) के एक अधिकारी ने कहा कि शहर के अंबरपेट इलाके में रविवार को घटी इस घटना की तस्वीरें सीसीटीवी कैमरे में दर्ज हो गईं। ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम (जीएचएमसी) की महापौर जी. विजयलक्ष्मी ने घटना को दुर्भाग्यपूर्ण करार देते हुए संवाददाताओं से कहा कि इसमें निगम की तरफ से कोई लापरवाही नहीं हुई। इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए हर तरह की सावधानी बरती जाएगी। उन्होंने कहा कि इस घटना के कारण स्पष्ट नहीं हैं, (शेष पेज 8)

# साथ रह रही प्रेमिका को जलाकर मार डाला

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** में एक बार फिर लिव-इन पार्टनर को जलाकर मारने का दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। आरोपी ड्रग्स का सेवन करता है। इसी बात को लेकर दोनों में झगड़ा हुआ। इससे नाराज होकर प्रेमी मोहित ने महिला को आग के हवाले कर दिया, जिससे वह बुरी तरह झुलस गई और इलाज के दौरान अस्पताल में नौवें दिन दम तोड़ दिया। मरने वाली महिला फुटवियर फैक्टरी में मजदूरी करती थी। पीड़िता के परिवार वालों का कहना है कि मोहित ने उनकी बेटी से शादी कर ली थी।

पुलिस के अनुसार, 11 फरवरी को संजय गांधी स्मारक अस्पताल से अमन विहार थाना पुलिस को जानकारी मिली थी कि जली हुई हालत में एक महिला को भर्ती कराया गया है। इस जानकारी पर जांच अधिकारी अस्पताल पहुंचे तो पाया कि महिला बयान देने की स्थिति में नहीं है।

# फरवरी में मार्च सी गर्मी, पारा 40 डिग्री के करीब

● मार्च के पहले पखवाड़े में उत्तर पश्चिम भारत के कई हिस्सों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंचने की संभावना

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



प्रतीकात्मक चित्र

**सर्दी** का मौसम चला गया और गर्मी ने फरवरी में ही अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया है। देश के कई हिस्सों में मंगलवार को दिन का अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस से 39 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने चेतावनी जारी कर कहा है कि उत्तर-पश्चिम, मध्य और पश्चिम भारत में अगले पांच दिनों में अधिकतम तापमान सामान्य से तीन से पांच डिग्री अधिक रहने का अनुमान है। देश के कई हिस्सों में पहले से ही इतना तापमान दर्ज किया जा रहा है जो आमतौर पर मार्च के पहले सप्ताह में दर्ज किया जाता है। मौसम विभाग ने सोमवार को कहा था कि सामान्य से अधिक तापमान का गेहूं और अन्य फसलों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। मौसम विभाग के एक वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक ने कहा कि पश्चिमी हिमालई क्षेत्र को प्रभावित करने वाले पश्चिमी विक्षोभ के कम होने के बाद अगले दो दिनों में उत्तर-पश्चिम भारत में तापमान में दो डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने की संभावना है।

उन्होंने कहा कि हालांकि, अगले पांच दिनों में क्षेत्र के साथ-साथ मध्य और पश्चिम भारत में अधिकतम तापमान सामान्य से तीन से पांच डिग्री अधिक रहने की संभावना है। सोमवार को उत्तर-पश्चिम, मध्य और पश्चिम भारत के अधिकांश स्थानों पर अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस से 39 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। राजधानी के प्राथमिक मौसम केंद्र सफदरजंग वेधशाला में अधिकतम तापमान 33.6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने के साथ दिल्ली में सोमवार को 1969 के बाद फरवरी का तीसरा सबसे गर्म दिन दर्ज किया गया। शहर में 26 फरवरी 2006 को अधिकतम तापमान 34.1 डिग्री सेल्सियस और 17 फरवरी 1993 को अधिकतम तापमान 33.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। (शेष पेज 8)

## गेहूं की फसल हो सकती है प्रभावित

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**समय** से पहले लगातार बढ़ रहे तापमान का गेहूं की फसल पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है, यह फसल अब पकने के लिए तैयार हो रही है। इस अवधि के दौरान उच्च तापमान उपज के लिए नुकसानदेह होता है। अन्य खड़ी फसलों और बागवानी पर भी इसी तरह का प्रभाव पड़ सकता है। मौसम वैज्ञानिकों ने कहा कि अगर फसल पर दबाव दिखाई देता है तो किसान हल्की सिंचाई के लिए जा सकते हैं। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार उच्च तापमान के प्रभाव को कम करने व मिट्टी की नमी को संरक्षित करने तथा उसके तापमान को बनाए रखने के लिए सब्जी की फसलों की दो पंक्तियों के बीच की जगह में गीली घास सामग्री रखें।

# कैंसर के इलाज की चार दवाओं के सैंपल जांच में पाए गए नकली

● मरीजों की जान से हो रहा था खिलवाड़, औषधि विभाग ने लिया था नमूना

● औषधि विभाग ने सैंपल लेकर राजकीय प्रयोगशाला लखनऊ में जांच को भेजे थे



पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

जानलेवा बीमारियों में भी दवा के दलाल अपनी दलाली से बाज नहीं आ रहे है। नकली दवाओं का जाल इतनी बुरी तरह फैल चुका है कि अब इसका रोकने के लिए एक विभाग नाकाफी है।

ताजा मामले में कैंसर की रोकथाम के लिए उपयोग होने वाली चार दवाओं के नमूने जांच में नकली पाए गए हैं। जांच रिपोर्ट के आधार पर औषधि विभाग ने संबंधित लोगों के खिलाफ वाद दायर करने की तैयारी शुरू कर दी है।

रेपर पर चार में से तीन दवाओं के बांग्लादेश और एक दवा का उत्पादन कोलंबो में किया जाना दर्शाया गया था। औषधि विभाग और दिल्ली पुलिस ने 11 नवंबर 2022 को लोनी स्थित ट्रानिका सिटी के प्लाट संख्या बी-314 में संयुक्त रूप से छापामार कार्रवाई करते हुए आठ करोड़ से अधिक कीमत की दवाएं बरामद करते हुए छह लोगों को गिरफ्तार किया था। पुलिस और औषधि विभाग ने दावा किया था कि पकड़ी गई दवाएं नकली हैं। पकड़े गए आरोपितों में डॉ. पवित्र नारायण प्रधान मुख्य है।

इसी दौरान औषधि विभाग ने चार दवाओं के सैंपल लेकर राजकीय प्रयोगशाला लखनऊ में जांच को भेज दिये थे। प्रयोगशाला ने चारों दवाओं के नमूने यह कहते हुए वापस कर दिया कि पहले इन दवाओं के मानक का विवरण भेजा जाये। विभाग की टीम ने कई राज्यों में दौरा करके दवाओं के मानक का विवरण एकत्र किया। औषधि निरीक्षक आशुतोष मिश्रा खुद मानक एकत्र करने के लिए देहरादून गए और मानक मिलने पर तुरंत संदेशवाहक के माध्यम से लखनऊ स्थित लैब को भिजवाया गया।

इसके बाद दवाओं की जांच की गई। औषधि निरीक्षक ने बताया कि चारों सैंपलों की जांच रिपोर्ट मंगलवार को प्राप्त हुई है। पांच माह में 18 दवाओं के नमूने जांच में अधोमानक मिल चुके हैं। विभाग ने डेढ़ महीने में 32 दवाओं के सैंपल जांच को भेजे हैं। इनमें कफ सिरप भी शामिल हैं।

## जांच में नकली पाई गई ये दवाएं

| दवा का नाम | कंपनी का नाम |
|---|---|
| 1. इब्रूटिनिब केप्सूल | एवरेस्ट फार्मासीटीकल्स, बांग्लादेश |
| 2. इब्रूटिनिब केप्सूल | ल्यूसिया फार्मासीटीकल्स, कोलंबो |
| 3.लेनवाटिनिब केप्सूल | बीकान फार्मासीटीकल्स, बांग्लादेश |
| 4.लेनवाटिनिब केप्सूल | एवरेस्ट फार्मासीटीकल्स, बांग्लादेश |

## जिले में उत्पादन और बिक्री के लाइसेंसों का विवरण

- **थोक औषधि विक्रेताओं के कुल 1999 लाइसेंस हैं**
- **फुटकर औषधि विक्रेताओं के कुल 3527 लाइसेंस**
- **एलोपैथिक दवा निर्माण के 26 लाइसेंस**
- **होम्योपैथिक दवा निर्माण के दो लाइसेंस**
- **कास्मेटिक सामग्री निर्माण के चार लाइसेंस**
- **मेडिकल डिवाइस निर्माण के छह लाइसेंस**
- **जिले में पंजीकृत फार्मासिस्टों की संख्या 5421**

*''लोनी में कैंसर की रोकथाम को इस्तेमाल होने वाली नकली दवाओं के बनाने की सूचना पर छापामार कार्रवाई करते हुए चार दवाओं के नमूने लेकर जांच को भेजे गए थे। जांच में चारों दवाएं नकली पाई गईं हैं। दवा बनाते समय पकड़े गए छह आरोपितों के खिलाफ औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम-1940 की धारा 18, 27 के तहत कोर्ट में वाद दायर किया जाएगा। आरोपित वर्तमान में जेल में बंद। नकली और अधोमानक दवाओं की बिक्री रोकने को निगरानी बढ़ा दी गई है।''*

**आशुतोष मिश्रा , औषधि निरीक्षक**

## जांच में इन दवाओं के नमूने भी हो चुके हैं फेल



1. ओसेल्टामिविर सिरप
2. एमोक्सीसिलीन सिरप
3. रेनीटिडिन टेबलेट
4. प्रीडेनीसोलोन टेबलेट
5. सिप्रोफ्लोक्सिन इंजेक्शन
6. क्लोबाजेम टेबलेट
7. जेन्टामाइसीन आइ ड्राप
8. मेकोनाजोल क्रीममोनोसेफ

# मौसम बदलते ही अस्पतालों में बढ़ी मरीजों की भीड़

## त्वचा रोग, फिजिशयन, बाल रोग विशेषज्ञ की ओपीडी में लगी बीमारों की लंबी लाइनें

● मरीजों की संख्या दो से ढाई हजार रहती हैं, वहीं यह साढ़े तीन हजार तक पहुंच गई



पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

फरवरी में ही एनसीआर में मौसम तेजी से करवट बदल रहा है। गाजियाबाद में गर्मी की दस्तक से ही लोग भी बीमार हो रहे है। जिले में सरकारी अस्पतालों में मरीजों की संख्या में इजाफा हो रहा है। मंगलवार को एनसीआर का तापमान अधिकतम 27 डिग्री व न्यूनतम 17 डिग्री तक पहुंच गया है।

हर दिन मौसम में गर्माहट बढ़ती जा रही है जिसका सीधा असर लोगो की सेहत पर पड़ रहा है। आलम यह है कि बदलते मौसम की चपेट में अधिकतर लोग आ रहे हैं जिसमें स्किन से लेकर पेट दर्द, सीजनल बुखार, इन्फ्यूंजा से पीड़ित मरीजों की संख्या भी अच्छी खासी है।

सामान्य दिनों में जहां मरीजों की संख्या दो से ढाई हजार रहती हैं, वहीं यह संख्या बढ़कर साढ़े तीन हजार तक पहुंच गई है। सबसे अधिक भीड़ त्वचा रोग, फिजिशयन, बाल रोग विशेषज्ञ की ओपीडी में हैं। मौसम परिवर्तन सबसे अधिक असर सांस सम्बंधी समस्या से जूझ रहे मरीजों पर पड़ रहा है। न केवल बड़े, बल्कि बच्चे और बुजर्ग भी इसके चपेट में हैं। मौसम में बदलाव से त्वचा संबंधी रोगियों में भी वृद्धि हो रही है। इसके साथ ही सोरायसिस के मरीजों की परेशानी बढ़ने लगी है। त्वचा संबंधी बीमारियों को लेकर लोग निजी और सरकारी अस्पतालों में पहुंच रहे हैं। डॉक्टर्स की मानें तो त्वचा सम्बंधित सभी रोग शरीर के लिए नुकसानदेह हैं।

इसमें फंगल इंफेक्शन व स्क्रेबसिस भी शामिल हैं जो शरीर में चर्म रोग का रूप ले सकते हैं। यह रोग मौसम में बदलाव, प्रदूषण और सैनेटाइजर के ज्यादा प्रयोग समेत अन्य कारणों से भी हो सकता है, लेकिन इन बीमारियों को लेकर लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए।

इसके साथ ही जिन लोगों को सोरायसिस की दिक्कत होती है, बदलते मौसम में उनकी परेशानी बढ़ जाती है। ऐसे में यदि मरीज लापरवाही बरतें तो हालत बहुत ज्यादा खराब हो जाती है। बदलता मौसम इसका कारण माना जाता है।

## सांस संबंधी समस्या से जुझ रहे लोग

एमएमजी अस्पताल में ही त्वचा रोग के प्रतिदिन 250 से 300 मरीज रोजना पहुंच रहे हैं। इतना ही नहीं सांस सम्बंधी समस्या से जूझ रहे लोगों को मौसम का बदलाव बेदम कर रहा है। अधिक समय तक धूप में खड़ा रहना सेहत के लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है। मौसम में गर्माहट के साथ ही सूरज की किरणों तेज होंगी जो कई बीमारियों का कारक बन सकती हैं। इतना ही नहीं फिजिशयन चिकित्सक की ओपीडी में वायरल बुखार, जुकाम व खांसी के मरीजों की अच्छी खासी संख्या है। बच्चों में बदलते मौसम का असर सबसे अधिक आता है। ऐसे में जरूरी है कि बच्चों के खान.पान का विशेष ध्यान रखा जाए।

# संयुक्त जिला अस्पताल में लगातार छठें दिन भी बिजली गुल




**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के संयुक्त जिला अस्पताल में छह दिन से अंधेरा है। वजह है कि 16 फरवरी को अस्पताल की वायरिंग में आग लग गई थी। तब से वायरिंग ठीक नहीं हो सकी है। इस वजह से बिजली आपूर्ति ठप पड़ी है। इमरजेंसी टॉर्च या मोबाइल टॉर्च में मरीजों का इलाज हो रहा है। ऑपरेशन थिएटर और कुछ वार्डों में जुगाड़ करके बिजली आपूर्ति सुचारू कर ली गई है, लेकिन अस्पताल के बाकी हिस्सों में अभी अंधेरा ही छाया है। एक्सरे, सीटी स्कैन जैसी मशीनें बिजली न होने से बंद पड़ी हैं। कई जरूरी वार्डों में डॉक्टर इमरजेंसी लाइट या मोबाइल टॉर्च जलाकर मरीज देख रहे हैं। दरअसल संयुक्त जिला अस्पताल की वायरिंग में फॉल्ट के बाद आग लग गई। इससे पूरे अस्पताल की आपूर्ति बाधित हो गई। कर्मचारियों ने खूब ढूंढा, लेकिन वायरिंग का फॉल्ट नहीं मिल सका है। जिस पॉइंट पर वायरिंग जली थी, उसे भी बदला जा चुका है। इसके बावजूद फॉल्ट नहीं मिलने से छह दिन से अंधेरा है। डॉक्टर विनोद चंद पांडेय का स्पष्ट कहना है कि बिना फॉल्ट ढूंढे बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हो सकती।

# संक्षिप्त समाचार



कार्यशाला में जिलाधिकारी राकेश सिंह व चिकित्सा से जुड़े लोग।

### यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में कार्यशाला

**गाजियाबाद।** स्टेट एजेंसी फॉर कॉम्प्रीहेंसिव हेल्थ एंड इंटीग्रेटेड सर्विसेज (साचीज) के तत्वावधान में एक्सेस हेल्थ इंटरनेशनल के सहयोग से कौशांबी स्थित यशोदा सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, कौशाम्बी में मंगलवार को निजी चिकित्सालयों की कार्यशाला हुई। सूबे में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का संचालन कर रही साचीज की सीईओ संगीता सिंह ने निजी चिकित्सालयों की भ्रांतियां दूर करने का प्रयास किया। कार्यशाला में दो दर्जन से अधिक निजी चिकित्सालयों के संचालक और प्रतिनिधि मौजूद रहे। जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह और मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. भवतोष शंखधर ने भी योजना के बारे में विस्तार से बताया। कार्यशाला की आयोजक और यशोदा हॉस्पिटल की प्रबंध निदेशक (एमडी) उपासना अरोड़ा ने कहा- आयुष्मान भारत योजना से आबद्ध होने में न केवल निजी चिकित्सालयों बल्कि मरीजों की भी भलाई है क्योंकि हम चिकित्सा जैसे पेशे से जुड़े हैं तो भलाई के काम करना भी हमारी जिम्मेदारी बन जाती है। अस्पताल के सीएमडी डा. पीएन अरोड़ा ने कार्यशाला में जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह, सीईओ संगीता सिंह और सीएमओ डा. भवतोष शंखधर का स्वागत किया।

### तेगबहादुर चौक विकसित कराने की मांग, भूख हड़ताल

**गाजियाबाद।** गुरु तेगबहादुर साहिब चौक एवं सभी सर्व समाज वाटिकाओं के ब्यूटीफिकेशन की मांग को लेकर नगर निगम में आज से शिरोमणी अकालीदल अमृतसर की ओर से यह भूख हड़ताल आज सुबह शुरू की गई। इस दौरान एक ज्ञापन भी नगर आयुक्त के नाम दिया गया है जिसमें कहा गया कि मेरठ रोड के पास स्थित चौक गुरु तेग बहादुर साहिब के नाम से जगह आवंटित है। इस प्रकरण में कई बार नगर निगम को निवेदन पत्र दिया गया जिससे वाटिका और चौक का विकास किया जा सके। यह ज्ञापन मनी रियाड जिला प्रधान गाजियाबाद की ओर से दिया गया। गुरूद्वारा श्री गुरूसिंघ सभा के अध्यक्ष सरदार गुरुदीप सिंह, सचिव ज्ञानी गुरूमुख सिंह, रिक्षपाल सिंह आदि ने समर्थन किया।

### रेहड़ी पटरी वालों ने किया प्रदर्शन

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण और पथ विक्रेता कर्मकार यूनियन के बीच हुई वार्ता विफल होने के बाद आज भी सेक्टर.6 स्थित नोएडा प्राधिकरण के कार्यालय के बाहर पथ विक्रेताओं ने वेंडिंग जोन को लेकर धरना प्रदर्शन किया और 17 सूत्रीय मांगों को लेकर प्राधिकरण के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। धरना प्रदर्शन के दौरान गंगेश्वर दत्त शर्मा, रामदीन, रोहताश, मौ ताहिर, जग्गू, राम स्वास्थ, रामगोपाल, एम डी आजाद, मन्जू देवी, रागनी, पूनम देवी, हरी गुप्ता, अरविन्द, सविता यादव, विकास गुप्ता, रामसागर, कपिल पासवान, राम भोली, देव नारद, सियाराम, रामेश्वर स्वामी, मिथिलेश, मोती गुप्ता, नरेन्द्र पान्डे, भुजकुल राम सहित अन्य मौजूद रहे।

### भारी मात्रा में नकली देसी घी बरामद

**गाजियाबाद।** नगर की जीतपुर कॉलोनी स्थित एक मकान से पुलिस ने सुबह भारी मात्रा में नकली देसी घी पकड़ा है। पुलिस ने उक्त मकान से नकली देसी घी बनाने वाला कच्चा माल व नकली घी बनाने के उपकरण भी बरामद किए हैं। जबकी, नकली देसी घी बनाने वाली फैक्ट्री का मालिक व कारीगर मौके फरार हो गए। नगर की जीतपुर कॉलोनी की गली नम्बर एक में माजू कुरैशी का मकान है। उक्त मकान को किराए पर लेकर एक व्यक्ति नकली देसी घी बनाने का कार्य करता है। पकड़ा गया नकली देसी घी प्लास्टिक के पैकेटों में भरा हुआ था।

# अब हर महीने जांची जाएगी पानी की गुणवत्ता

● जल में बढ़ती टीडीएस की मात्रा को देखते हुए उठाया कदम



पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा में सप्लाई पानी के टीडीएस को लेकर लगातार शिकायत मिलती है। उनकी शिकायतों के निपटारे के लिए अधिकारियों की ओर से समय-समय पर टीडीएस का स्तर चेक किया जाता है। लेकिन अब ये रूटीन वर्क की तरह होगा।

इसकी एक लॉगबुक तैयार की जाएगी। इस बुक में प्रत्येक महीने सोर्स और एंड दोनों स्थान से पानी का टीडीएस चेक कर आकड़ा नोट किया जाएगा। इसकी रिपोर्ट संबंधित को अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी को देनी होगी। नोएडा में सप्लाई के लिए तीनों खंड में 70 से ज्यादा यूजीआर बने हुए है। इन यूजीआर में प्रति महीने पानी के टीडीएस की जांच की जाएगी।

इसकी फाइलिंग की जाएगी और एसीईओ स्तर पर इसकी निगरानी भी रहेगी ताकि जब भी कोई सेक्टर या सोसायटी वासी पानी की गुणवत्ता पर सवाल उठाए तो प्रूफके तौर पर उसे ये आकड़े दिखाए जा सके। नोएडा में 240 एमएलडी गंगाजल की सप्लाई की जा रही है। इस गंगाजल में इतना ही सप्लाई का पानी मिलाकर इसका टीडीएस स्तर 800 से 900 के आसपास बनाया गया है। इस पानी को यूजीआर के जरिए सेक्टर और सोसायटी में पहुंचाया जा रहा है। ताकि लोगों को साफ पानी मिल सके। योजना है गंगाजल के तीसरे फेज शुरू होने के बाद अतिरिक्त 90 एमएलडी गंगाजल और मिलाया जाए। जिससे इसका टीडीएस स्तर में और सुधार किया जा सके।

दरअसल नोएडा के हाइराइज सोसायटी से अक्सर शिकायत मिल रही थी कि यहां पानी की टीडीएस स्तर 1800 के पास है। मौके पर अधिकारियों ने निरीक्षण किया। बताया गया कि प्राधिकरण के यूजीआर से जो सप्लाई किया जा रहा है। उसे सोसायटी में पहले से उपलब्ध पानी के साथ मिलाकर स्टोरेज किया जाता है, जिसके बाद सप्लाई होती है। इसका टीडीएस 1800 के पास है।

# सोसाइटी में खड़ी कारों से बैटरी चुराने वाला गैंग पकड़ा

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद पुलिस ने आखिरकार गाड़ियों से बैटरी चुराने वाले गैंग को मंगलवार को धर दबोचा। तीनों आरोपी दिल्ली के रहने वाले हैं। उनसे 31 बैटरियां बरामद हुई हैं। इसके अलावा चोरी की ज़ज्ड मोटरसाइकिल भी रिकवर हुई है।

रवि सिंह ने बताया, पकड़े गए आरोपी टिंकू शर्मा, नरेंद्र पांडे उर्फ मोनू और राहुल राठौर हैं। ये तीनों दिल्ली में सोनिया विहार साढ़े तीन पुस्ता के पास रहते हैं। आरोपियों ने बताया कि वे ईको कार साथ लेकर चलते हैं। सोसाइटी या घरों के बाहर खड़े होने वाली गाड़ियों के निशाना बनाते हैं। जिस गाड़ी की बैटरी चुरानी होती है, उसके बराबर में अपनी ईको कार खड़ी कर देते हैं, जिससे अन्य किसी को कुछ दिखने न पाए।

इसके बाद बोनट खोलकर बड़ी आसानी से 1 मिनट में बैटरी चुराकर अपनी गाड़ी में रख लेते हैं। फर्जी नंबर प्लेट ये अपनी कार पर लगाकर चलते थे, ताकि सीसीटीवी में आने पर भी पकड़े न जाएं। टिंकू के खिलाफ दिल्ली में 9 मुकदमे दर्ज हैं।

## संभव में नगर आयुक्त ने सुनीं लोगों की शिकायतें

**गाजियाबाद।** नगर निगम में संभव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वयं नगर आयुक्त डॉ. नितिन गौड़ उपस्थित रहे। इनके अलावा अपर नगर आयुक्त शिवपूजन यादव, अपर नगर आयुक्त अरूण कुमार यादव, आदि अधिकारी मौजूद रहे। नगर निगम में संभव कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

14 शिकायतें संभव में दर्ज कराई गई है। बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी समस्याओं से नगर निगम को अवगत कराया गया। नगर विकास विभाग के मंत्री एके शर्मा भी संभव में आई शिकायतों के निस्तारण की प्रक्रिया पर नजर रखते है।

# स्क्रैप माफिया के गैंग पर मुकदमा दर्ज, एक गिरफ्तार

पायनियर समचार सेवा। नोएडा

बहुचर्चित स्क्रैप माफिया रवि नागर और उसके भाई राज कुमार नागर सहित तीन लोगों के खिलाफ गाजियाबाद के एक व्यापारी ने अवैध रूप से रंगदारी मांगने का मुकदमा थाना ईकोटेक .3 में दर्ज करवाया है।

पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। अपर पुलिस उपायुक्त जोन द्वितीय विशाल पांडे ने बताया कि गाजियाबाद के रहने वाले स्क्रैप व्यापारी मनीष ने थाना ईकोटेक .3 में मुकदमा दर्ज करवाया है कि रविंद्र नगर, राजकुमार नागर, तरुण छोकर आदि उसे स्क्रैप का व्यापार करने के नाम पर लाखों रुपए की रंगदारी मांग रहे हैं।

घटना की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही थाना ईकोटेक-3 पुलिस ने आज तरुण छोकर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार रवि काना ने कुछ भाजपा नेताओं, गौतमबुद्ध में पूर्व में तैनात रहे वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से सांठगांठ करके गौतमबुद्धनगर और आसपास के क्षेत्रों में स्क्रैप के कारोबार मे एकछत्र कब्जा कर रखा है।

## हिमाचल के लोक नृत्य ने सरस मेले की बढ़ाई रौनक

**नोएडा।** ग्रामीण विकास मंत्रालय एवं पंचायती राज संस्थान द्वारा आयोजित सरस आजीविका सरस मेले में पांचवें दिन एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया।

सेक्टर-33ए स्थित नोएडा हाट के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित प्रोमोशन एंड मार्केटिंग ऑफ रूरल प्रोडक्ट्स थ्रो सोशल मीडिया नामक वर्कशॉप के माध्यम से देशभर के विभिन्न राज्यों से आई समूह की बहनों को प्रोमोशन एवं मार्केटिंग के तरीके बताए गए। कुमार गिरीश ने बताया कि आप अपने उत्पादों को किस तरह से प्रोमोट करेंगी ताकि उनकी सफल मार्केटिंग हो सके।



सरस मेले में वर्कशॉप के दौरान पदाधिकारी।

# ग्रेटर नोएडा में अब हर घर से उठाया जाएगा कूड़ा

● प्राधिकरण ने जारी किया टेंडर, एक माह में कंपनी का किया जाएगा चयन



पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा के हर गांव और सेक्टर से बहुत जल्द घरों से कूड़ा उठेगा। वहीं हर सड़क की साफ-सफाई भी होगी। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने डोर टू डोर वेस्ट कलेक्शन, मैनुअल स्वीपिंग व मैकेनिकल स्वीपिंग के लिए टेंडर जारी कर दिए हैं।

इन कार्यों के लिए एक माह में कंपनियों का चयन कर काम शुरू कराने की योजना है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ ऋतु माहेश्वरी की मंशा है कि ग्रेटर नोएडा के गांव हो या सेक्टर, हर घर से कूड़ा उठना चाहिए ताकि ग्रेटर नोएडा का कोना-कोना स्वच्छ बन सके।

सीईओ के निर्देश पर ही प्राधिकरण के जनस्वास्थ्य विभाग ने डोर टू डोर कलेक्शन, मैनुअल व मैकेनिकल स्वीपिंग के टेंडर निकाल दिए हैं। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ प्रेरणा शर्मा ने बताया कि डोर टू डोर वेस्ट कलेक्शन का टेंडर 17 फरवरी को निकाल दिया गया है।

डोर टू डोर वेस्ट कलेक्शन सेंट्रलाइज्ड और मैनुअल स्वीपिंग के टेंडर की प्री बिड मीटिंग 24 फरवरी को प्रस्तावित है। मैनुअल स्वीपिंग के लिए ग्रेटर नोएडा को चार जोन में बांटा गया है। इन चारों जोन की 30 मीटर तक चौड़ी सड़कों की मैनुअल स्वीपिंग हो रही है, लेकिन कुछ एरिया की सड़कें अछूती रह गईं थीं। इनके लिए जोन 5 बनाया गया है।

## दस साल के लिए 213 करोड़ का बजट निर्धारित

सभी घरों से 10 साल कूड़ा उठाने और प्रोसेसिंग प्लांट तक पहुंचाने के लिए करीब 213 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया गया है। इच्छुक कंपनियां ऑनलाइन पोर्टल के जरिए 6 मार्च तक बिड डॉक्यूमेंट अपलोड कर सकती हैं। 9 मार्च को इसकी तकनीकी बिड खुलेगी। चयनित कंपनी पूरे रिहायशी सेक्टरों व गांवों से डोर टू डोर वेस्ट कलेक्शन करेगी।

# घरेलू सहायक सीखेंगे कचरा कैसे अलग करें, निगम देगा ट्रेनिंग

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

● कूड़ा निस्तारण में मिलेगी मदद: आयुक्त

घरेलू सहायकों को जिस तरह पुलिस वेरिफिकेशन कराना जरूरी होता है, ठीक उसी तरह अब उन्हें गाजियाबाद नगर निगम से भी एक सर्टिफिकेट लेना होगा। ये सर्टिफिकेट इस बात का सुबूत होगा कि वे सूखा-गीला कचरा अलग-अलग करने की ट्रेनिंग ले चुके हैं।

नगर निगम ने इस सर्टिफिकेट को अनिवार्य कर दिया है। नगरायुक्त नितिन गौड़ ने बताया, गाजियाबाद में रोजाना करीब 1509 टलन कचरा निकलता है। 100 फीसदी कूड़ा निस्तारित करने में कठिनाइयां आती हैं। उसकी वजह ये है कि ज्यादातर वक्त सूखा-गीला कचरा अलग-अलग करने में ही निकल जाता है। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली-2016 में प्रावधान है कि कचरा अलग-अलग करके डस्टबिन में डालने की जिम्मेदारी मकान मालिक की है। इसे देखते हुए फैसला लिया गया है कि घरों में काम करने वाले कुक और मेड को इसकी ट्रेनिंग दी जाएगी। 25 फरवरी 2023 तक सभी को गूगल लिंक फार्म उपलब्ध करा दिया जाएगा। एक मार्च से ट्रेनिंग शुरू हो जाएगी। ट्रेनिंग में सूखा-गीला कचरा अलग-अलग करें और फिर उसको सिखा जाएगा।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यवाहक कार्यकारी संपादक: विजय प्रकाश सिंह , स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# किस दल का होगा महापौर, फैसला आज

## निकाय चुनाव के बाद निगम सदन की चौथी बार बैठक, मेयर के लिए पहले पार्षद करेंगे मतदान

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

ढाई महीने के बाद ही सही, लेकिन अब दिल्ली नगर निगम मेयर के चुनाव का रास्ता साफ हो गया है। किस दल का महापौर बनेगा इस फैसला बुधवार यानी 22 फरवरी हो जाएगा।

अब तक आप और बीजेपी के बीच चल रही खींचतान की वजह से तीन बार बुलाई गई एमसीडी सदन की बैठक स्थगित हो चुकी है। इसके बाद आप की मेयर पद की उम्मीद वार शैली ओबेरॉय सुप्रीम कोर्ट से चुनाव कराने की गुहार लगाई थी। उन्होंने एल्डरमैन के वोटिंग के अधिकार को भी चुनौती दी थी। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि मनोनित पार्षदों को मतदान का अधिकार नहीं है। इसलिए वे मेयर चुनाव की प्रक्रिया से दूर रहेंगे।

दिल्ली नगर निगम द्वारा मेयर चुनने के पिछले तीन असफल प्रयासों के बाद सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद मेयर चुनाव के लिए मंच तैयार हो गया है। उच्चतम न्यायालय से राहत के बाद मेयर चुनाव में आम आदमी पार्टी की जीत का रास्ता साफ या भाजपा अब भी चौंका सकती है। इस पता बुधवार को ही चल सकेगा। मेयर पद के लिए आप की ओर से शैली ओबरॉय और भाजपा की ओर से रेखा गुप्ता मैदान में हैं। दिल्ली नगर निगम (डीएमसी) अधिनियम, 1957 के अनुसार, नगर निगम चुनावों के बाद सदन के पहले सत्र में महापौर और उप महापौर का चुनाव किया जाता है। हालांकि, नगर निगम चुनाव हुए दो महीने से अधिक समय हो गया है।

नगर निगम चुनाव पिछले साल चार दिसंबर को हुए थे। नगर निगम चुनाव के एक महीने बाद छह जनवरी को पहली बार सदन की बैठक बुलाई गई थी। भारतीय जनता पार्टी और आम आदमी पार्टी के सदस्यों के बीच तीखी बहस के बाद सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी गई थी।

इसके बाद 24 जनवरी और फिर छह फरवरी को बुलाई गई दूसरी और तीसरी बैठक में इस कवायद को पूरा करने में विफल रही और दोनों को महापौर का चुनाव किए बिना स्थगित कर दिया गया। इस संकट ने वार्षिक बजट कार्यवाही को भी प्रभावित किया और वर्ष 2023-24 के लिए करों की अनुसूची 15 फरवरी को एमसीडी के विशेष अधिकारी द्वारा पारित की गई थी।

करों की अनुसूची को 15 फरवरी को या उससे पहले सदन से पारित कराना होता है। हालांकि, शेष बजट 31 मार्च से पहले सदन द्वारा पारित होने की उम्मीद है, जैसा कि आवश्यक होता है।

उपराज्यपाल के निर्देश के अनुसार बुधवार को सदन की जो बैठक होगी, वह छह जनवरी को स्थगित की गई सदन की पहली बैठक की कार्यवाही होगी।


फाइल फोटो
मेयर चुनाव को लेकर पिछली बैठक में भिड़े आप और भाजपा पार्षद।

### एमसीडी में किसका पलड़ा भारी

**दिल्ली नगर निगम का चुनाव चार दिसंबर को हुआ था। इसके बाद सात दिसंबर को नतीजे आए थे। एमसीडी के 250 वार्डों में से आम आदमी पार्टी को 134 वार्डों में जीत का परचम फराया। वहीं भाजपा ने 104 वार्डों में जीत मिली है। जबकि कांग्रेस के हाथ केवल नौ सीटें आई हैं। अन्य के खातें में 3 सीटें आईं।**

कुल संख्या- 250
बहुमत का आंकड़ा -138



**आप का पूरा आंकड़ा**

| | |
|---|---|
| आप- | 134 |
| मनोनीत ( विधायक- | 13 |
| मनोनीत ( सांसद )- | 3 |
| कुल नंबर- | 150 |
| ( बहुमत से 12 ज्यादा ) | |

**भाजपा का आंकड़ा**

| | |
|---|---|
| बीजेपी- | 104 |
| मनोनीत ( विधायक )- | 1 |
| मनोनीत ( सांसद )- | 7 |
| कुल नंबर - | 113 |
| ( बहुमत से 25 कम ) तय नहीं | |

**कांग्रेस-9**
**निर्दलीय-2**

नोट: कांग्रेस ने एमसीडी मेयर चुनाव में हिस्सा नहीं लेने का फैसला पहले ही लिया हुआ है।



# एलएनजेपी मामला: मृत घोषित नवजात बच्ची अभी वेंटिलेटर पर, हालत नाजुक

● अस्पताल में जीवित को मृत घोषित करने के मामले में पीड़ितों ने कही एफआईआर दर्ज कराने की बात




पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

लोक नायक जय प्रकाश अस्पताल में डॉक्टरों ने जिस नवजात बच्चे मृत घोषित कर दिया था बाद में उसकी सांसे चल रही थीं। इसके बाद परिवार के लोगों ने बच्ची को अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है और वह वेंटिलेटर सपोर्ट पर ही है।

अस्पताल के एक वरिष्ठ डॉक्टर ने बताय कि नवजात की मां सिर्फ 23 सप्ताह की गर्भवती थी और शिशु का वजन केवल 490 ग्राम था। बच्चे की हालत गंभीर बनी हुई है और वेंटिलेटर सपोर्ट पर है। उसकी निगरानी की जा रही है। लोकनायक अस्पताल के चिकित्सा निदेशक डा. सुरेश कुमार ने कहा कि इस पूरे मामले की जांच के लिए तीन सदस्य समिति का गठन किया गया है। समिति बुधवार को जांच कर रिपोर्ट सौंपेगी।


दिल्ली पुलिस के स्थापना सप्ताह के मौके पर मेगा जॉब फेयर स्पेशल कमिश्नर संजय सिंह। दिल्ली पुलिस के 13 ट्रेड पार्टनर्स ने 1250 युवा उम्मीदवारों को कौशल प्रशिक्षण दिया। जॉब फेयर कार्यक्रम के दौरान 49 कंपनियों द्वारा उनका चयन किया गया और उन्हें ऑफर/आशय पत्र दिया गया।

# ऐप आधारित बाइक टैक्सी को लेकर चालक सशंकित

● दिल्ली सरकार की प्रस्तावित नीति को लेकर असमंजस बरकार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली सरकार द्वारा ऐप आधारित बाइक-टैक्सी संचालकों को निजी वाहनों का इस्तेमाल बंद करने को कहे जाने के कारण इस सेवा से जुड़े कई चालकों का भविष्य अनिश्चित हो गया है।

इन चालकों ने कहा है कि उन पर कार्रवाई करने और जुर्माना लगाने के बजाय सरकार को उनके लिए एक नीति लानी चाहिए। परिवहन विभाग ने दिल्ली की सड़कों पर बाइक-टैक्सी परिचालित किए जाने से आगाह करते हुए चेतावनी दी है कि यह मोटर वाहन अधिनियम,1988 का उल्लंघन है और सेवा प्रदाता कंपनियों पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया जा सकता है।

विभाग ने एक सार्वजनिक नोटिस में कहा है कि निजी पंजीकरण नंबर वाले दो पहिया वाहनों का उपयोग वाणिज्यिक उद्देश्य के लिए करना मोटर वाहन अधिनियम,1988 का उल्लंघन है। इस अपराध में पहली बार लिप्त पाए जाने पर 5,000 रुपए, जबकि दूसरी बार 10,000 रुपए का जुर्माना और एक साल तक की कैद की सजा हो सकती है।

गौरतलब है कि परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने सोमवार को कहा था कि दो, तीन और चार पहिया वाहनों की ऐप आधारित (टैक्सी) सेवाओं के लिए नीति अपने शुरुआती चरण में है तथा यह जल्द ही लाई जाएगी। बाइक-टैक्सी सेवा से जुड़े आजमगढ़ (उत्तर प्रदेश) निवासी आनंद राय (29) ने कहा, मैंने तुरंत ऐप बंद कर दिया।

मैं दिल्ली आया था ताकि कैब (ऐप आधारित टैक्सी) सेवा प्रदान करने वाली कंपनी के साथ काम कर सकूं। लेकिन किसी तरह से मैं एक दोपहिया वाहन खरीदने के लिए पैसा जुटा सका और बाइक-टैक्सी सेवा प्रदान करने वाली तीन कंपनियों के लिए काम करना शुरू किया।

राय ने कहा, मैंने पैसों का इंतजाम कर एक पुराना दोपहिया वाहन खरीदा और अब यदि इस पर पाबंदी लगा दी गई है तो मैं एक कार खरीदने के लिए पैसों का इंतजाम करने की कोशिश करूंगा। प्रमोद (25) नाम के एक व्यक्ति ने नौकरी ना मिलने पर अपने पिता द्वारा दी गई मोटरसाइकिल का उपयोग इस सेवा के लिए करना शुरू किया। वह प्रतिदिन करीब 700 रुपए कमा लेता है। प्रमोद भी उत्तर प्रदेश का रहने वाला है।

प्रमोद ने कहा, मैं एक स्नातक हूं। लेकिन नौकरी नहीं मिली इसलिए, मैंने ओला के साथ पंजीकरण कराया और अपनी मोटरसाइकिल का उपयोग दोपहिया टैक्सी के रूप में किया। उन्होंने कहा कि कल मैंने सुना कि राष्ट्रीय राजधानी में दोपहिया टैक्सी के परिचालन की अनुमति नहीं दी जाएगी। मुझे लगा कि यह सच नहीं है। यदि इस तरह की कुछ योजना है तो सरकार को दोपहिया टैक्सी सेवा को वैध बनाने के लिए पहले एक योजना बनानी चाहिए।



# श्रद्धा हत्याकांड: अदालत में 24 को पेश किया जाएगा आफताब पूनावाला

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● लिव-इन पार्टनर की हत्या के बाद शव के 35 टुकड़े कर फ्रिज में छिपाए थे



दिल्ली की एक मजिस्ट्रेटी अदालत ने महरौली हत्याकांड की सुनवाई की कार्यवाही शुरू करने के लिए इस मामले को मंगलवार को एक सत्र अदालत के पास भेज दिया।

अपनी लिव-इन पार्टनर श्रद्धा वालकर का गला घोंटकर हत्या करने और उसके शव के टुकड़े करने के आरोपी आफताब अमीन पूनावाला को 24 फरवरी को साकेत के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के समक्ष पेश किया जाएगा। मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट अविरल शुक्ला ने कहा कि आरोप पत्र भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) और 201 (अपराध के साक्ष्य का विलोपन, या अपराधी को प्रतिच्छादित करने के लिए मिथ्या जानकारी देना) के तहत दायर किया गया था। मजिस्ट्रेट ने कहा कि दस्तावेजों की जांच पूरी हो गई है। आरोपी को 24 फरवरी को अपराह्न दो बजे प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के समक्ष पेश किया जाए। उन्होंने कहा, मामला अब सत्र न्यायालय के सुपुर्द है।

### अश्लील तस्वीरें सोशल मीडिया पर डालने वाली महिला गिरफ्तार

नई दिल्ली। पुलिस ने 19 वर्षीय एक युवती को एक महिला और उसके भाई की तस्वीर के साथ छेड़छाड़ कर सोशल मीडिया पर डालने के आरोप में पकड़ा है। पुलिस ने बताया कि युवती, महिला के भाई से उसकी छवि खराब करना का बदला लेना चाहती थी। शिकायतकर्ता महिला ने आरोप लगाया है कि किसी ने उसकी तस्वीर के साथ छेड़छाड़ कर अश्लील तस्वीरें सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दी हैं। दोनों भाई और बहन को बदनाम करने के लिए सार्वजनिक मंचों पर उनके भाई के फोन नंबर के साथ अपमानजनक संदेश प्रसारित किए।

# राजधानी में हरित क्षेत्र बढ़ाने के लिए इस साल लगेंगे 52 लाख पौधे

● मुख्यमंत्री 26 फरवरी को बेला फार्म से शुरू करेंगे पौधरोपण महाभियान



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण बहुत जरूरी है। पेड़-पौधों के बिना पृथ्वी पर मानव जीवन के अस्तित्व की कल्पना नहीं की जा सकती है। इसलिए हर व्यक्ति को अपनी आने वाली पीढ़ी की सांसे सुरक्षित रखने के लिए बड़े पैमाने पर पौधे लगाना चाहिए। इसी मकसद से दिल्ली सरकार 26 फरवरी से पौधारोपण महाअभियान शुरू करेगी और पूरे सालभर में 52 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य तय किया है।

इसमें 20 लाख बड़े पौधे और 25 लाख झाड़ियां लगाई जाएंगी और 7 लाख पौधे दिल्ली वालों को बांटे जाएंगे। सरकार ने दावा किया है कि पिछले साल 42 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया था। लेकिन लगाए थे 47 लाख पेड़-पौधे।

वन एवं पर्यावरण मंत्री गोपाल राय की अध्यक्षता में मंगलवार को पौधारोपण अभियान को लेकर 30 से ज्यादा एजेंसियों के साथ बैठक हुई। इसमें वन विभाग, एमसीडी, शिक्षा विभाग, एनडीएमसी, दिल्ली जल बोर्ड, पर्यावरण विभाग, डीएसआईडीसी, सीपीडब्लूडी, एनडीपीएल, आईएफसीडी, नार्दन रेलवे, बीएसईएस, पर्यावरण आदि विभागों के आला अधिकारियों ने भाग लिया। इस बैठक के बाद गोपाल राय ने 26 फरवरी से शुरू होने वाले पौधारोपण महाअभियान की जानकारी देते हुए बताया कि इस साल 52 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य तय किया गया है।

इसका मकसद राष्ट्रीय राजधानी का हरित क्षेत्र 20 फीसदी से बढ़कर 23 फीसदी हो गया है। इस मुहिम की शुरुआत मुख्यमंत्री बेला फार्म से करेंगे। इस दिन 20 हजार पौधें लगाए जाएंगे। पूरे साल सबसे ज्यादा पौधे लगाने का लक्ष्य वन विभाग ने लिया है। वन विभाग 18 लाख पौधे लगाएगा, जबकि एनडीएमसी 5 लाख, शिक्षा विभाग 4.5 लाख, एमसीडी 4 लाख और डीडीए 9 लाख लगभग पौधे लगाएगी। इसके साथ-साथ अन्य एजेंसी भी पौधे लगाएंगी। राय ने कहा कि इस बार अंतर्राष्ट्रीय

### थर्ड पार्टी ऑडिट रिपोर्ट को लेकर एक्सपर्ट कमेटी बनाने का निर्देश

पर्यावरण मंत्री ने थर्ड पार्टी ऑडिट रिपोर्ट को लेकर एक्सपर्ट कमेटी बनाने का निर्देश दिया है। यह कमेटी थर्ड पार्टी ऑडिट रिपोर्ट का अध्ययन करेगी कि किस प्रकार के किस जगह पर पौधों का ज्यादा विकसित होंगे। इस अध्ययन से जो निष्कर्ष आएगा उसी आधार हम संबंधित एजेंसियों को निर्देश दे सकेंगे कि किस जमीन और किस प्रकार के पौधे लगाएं। इससे उनका सरवाइवल रेट ज्यादा हो। दिल्ली में जहां साल 2013 में हरित क्षेत्र 20 फीसदी था, वह केजरीवाल सरकार के प्रयासों के कारण साल 2021 में बढ़कर 23.06 फीसदी हो गया है। साथ ही शहरों के प्रति व्यक्ति फॉरेस्ट कवर के मामले में दिल्ली पूरे देश में नंबर वन हो गया है। इस अभियान से ना केवल दिल्ली के हरित क्षेत्र में वृद्धि होगी बल्कि भविष्य में प्रदूषण की समस्या से लड़ का का रोडमैप भी तैयार होगा।

चार्ट में विश्व के सबसे प्रदूषित शहरों की सूची में दिल्ली का नाम नहीं होना इस बात का प्रमाण है कि उनकी सरकार शहर को प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए दीर्घकालिक और अल्पकालिक योजना बनाकर कार्य कर रही है।

# मॉडल टाउन में निजी बैंक लूटने की कोशिश करने वाला गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

मॉडल टाउन में व्यक्ति को एक निजी बैंक के अंदर कथित रूप से गोलीबारी करने और उसे लूटने की कोशिश करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

आरोपी मंगलवार दोपहर बैंक पहुंचा और बैंक के एक अधिकारी से कहा कि वह नकदी निकालना चाहता है। जब अधिकारी ने उसे चेक सौंपने के लिए कहा, तो उसने अपने बैग से पिस्तौल निकाली और हवा में गोली चलाई। बाद में उसने कहा कि उसे नकदी चाहिए, जिसके बाद बैंक कर्मियों ने शोर मचाया और पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने बताया कि एक राहगीर ने गश्त ड्यूटी पर तैनात एक पुलिस कर्मी को गोलीबारी की सूचना दी। उत्तर पश्चिमी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) जितेंद्र मीणा ने बताया कि अपराह्न करीब 2.40 बजे मॉडल टाउन के गुजरावाला में एचडीएफसी बैंक की एक शाखा में गोली चलने की घटना के संबंध में पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) को फोन पर सूचना मिली।

पुलिस की एक टीम शाखा में पहुंची और हथियारबंद लुटेरे को दबोच लिया। बाद में आरोपी की पहचान राजा के रूप में की गई। उसके पास से एक पिस्तौल, दो मैगजीन, सात कारतूस बरामद किए गए हैं। उन्होंने बताया कि इस संबंध में कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# सीएम ने बुजुर्गों को वरिष्ठ सम्मान से नवाजा

● केजरीवाल ने शाह ऑडिटोरियम में विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देने के लिए किया सम्मानित



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उम्र के आखिरी पड़ाव में भी दिल्ली के बुजुर्ग अलग-अलग क्षेत्रों में अपना उत्कृष्ट सेवाएं देकर अपने समाज और देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्रोत बन कर उभरे ऐसे 24 बुजुर्गों को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को वरिष्ठ सम्मान देकर सम्मानित किया और दिल्ली व देश की तरक्की के लिए उनसे आशीर्वाद लिया। शाह ऑडिटोरियम में आयोजित वरिष्ठ सम्मान उत्सव के दौरान अरविंद केजरीवाल ने कहा कि इंसान हर पल संघर्ष करता रहता है। जिस वक्त वह संघर्ष करना छोड़ देता हैं, बुढ़ापा आ जाता है।

65 साल की उम्र में शूटिंग शुरू करने वाली दादी प्रकाशी तोमर जैसे तमाम बुजुर्ग हैं, जो देश का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ सम्मान के लिए आवेदन मांगे गए थे और 133 आवेदन मिले। मलिकपुर गांव की रहने वाली 94 साल की भगवानी देवी ने फिनलैंड वर्ल्ड मास्टर एथलेटिक चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल हासिल किया था। जम्मू की स्टार जोड़ी तरसेम लाल बसोत्रा और सुदेश बसोत्रा ने एवरेस्ट के बेस कैंप की चढ़ाई पूरा की थी।

# मर्म चिकित्सा : बिना दवा संभव है अधिकांश रोगों का इलाज

● रोहिणी में विशेष शिविर का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

मर्म चिकित्सा के माध्यम से अधिकांश रोगों को बिना किसी दवाई के ठीक किया जा सकता है। यह दावा आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉक्टर आरपी पाराशर ने एक स्वास्थ्य शिविर शुभारंभ पर किया।

रोहिणी सेक्टर-9 में मंगलवार को डॉ. आरपी पराशर ने मर्म चिकित्सा शिविर का उद्घाटन किया। डॉ पाराशर के अनुसार मर्म चिकित्सा के माध्यम से शरीर के बाधित ऊर्जा केन्द्रों का इलाज कर शरीर को स्वस्थ रखा जा सकता है, साथ ही रोग ग्रस्त होने पर तुरंत रोग मुक्त किया जा सकता है। मर्म शरीर के संधि स्थल है जहाँ दो और दो से अधिक उत्तक मिलते हैं; जैसे- मांसपेशियां, नस, हड्डियां, जोड़ या अस्थिबंध। हमारे शरीर के 107 चक्र मुख्य मर्म केंद्र से सम्बंधित है और हमारे शरीर में ऊर्जा के केंद्र हैं। इन के बारे में विस्तारपूर्वक सदियों पूर्व आयुर्वेद के महान ग्रन्थ सुश्रुत संहिता में बताया गया है। परफेक्ट हेल्थ इंस्टिट्यूट द्वारा आयोजित इस शिविर में डॉक्टर रमा पाराशर, डॉ. पूनम अग्रवाल, डॉ. योगराज आर्य, डॉ. अश्वनी रोहिल्ला व डॉ. पाराशर ने सर्वाइकल स्पॉन्डिलाइटिस, माइग्रेन, एंकाइलोजिंग स्पॉन्डिलाइटिस, शिआटिका, लंबर स्पॉन्डिलाइटिस, अनिद्रा, पैरालिसिस तथा स्पाइन से संबंधित अन्य रोगों के सौ से अधिक रोगियों का इलाज किया। रीढ़ की हड्डी से संबंधित रोगों के ऐसे मरीजों ने भी मर्म चिकित्सा का लाभ उठाया जो अन्य चिकित्सा ले रहे हैं।



# सरकार संभालेगी मेट्रो की फीडर ई-बस सेवा की कमान

## डीएमआरसी के अनुसार अप्रैल से शुरू होगी करीब सौ इलेक्ट्रिक बसों की हस्तांतरण प्रक्रिया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली मेट्रो की फीडर ई-बसों की कमान अब दिल्ली सरकार के हाथों में होगी। डीएमआरसी अप्रैल महीने से अपनी 100 फीडर ई-बसों का बेड़ा दिल्ली सरकार को सौंपना शुरू करेगी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) के एक अधिकारी ने कहा कि डीएमआरसी इस साल अप्रैल महीने से सभी बसों को दिल्ली सरकार को सौंप देगी। अधिकारी ने बताया कि ये 100 ई-बस दिल्ली मेट्रो की ओर से शहर में चल रहीं इलेक्ट्रिक बसों का पहला बेड़ा हैं। उन्होंने कहा कि फिलहाल, ए ई-बस शहर में छह मार्गों पर चल रही हैं। उन्होंने बताया कि फीडर बस दूरदराज के इलाकों तक सेवाएं प्रदान करेंगी जिनमें डीएमआरसी स्मार्ट कार्ड से भी भुगतान स्वीकार किया जाएगा। गौरतलब है कि पिछले साल दिसंबर के अंत में, अधिकारियों ने कहा था कि दिल्ली सरकार जल्द ही दूर-दराज के इलाकों तक पहुंच मजबूत करने के लिए डीएमआरसी की इलेक्ट्रिक बसों के बेड़े का अधिग्रहण करेगी। इसके बाद, कैबिनेट ने हाल में डीएमआरसी की 100 से अधिक मौजूदा इलेक्ट्रिक बसों का अधिग्रहण करने का फैसला किया और वहीं, इस साल परिवहन विभाग के तहत अतिरिक्त 380 फीडर बसों का संचालन करने का फैसला भी किया गया।



### प्रति किमी की दर से लिया जाएगा किराया

दिल्ली सरकार ने एक बयान में कहा था कि डीएमआरसी दिसंबर 2019 से शास्त्री पार्क और मजलिस पार्क डिपो से पूर्वी और उत्तरी क्लस्टर में फीडर ई-बसों का संचालन कर रही है। इन बसों को परिवहन विभाग द्वारा दिल्ली इंटीग्रेटेड मल्टी-मॉडल ट्रांजिट सिस्टम (डीआईएमटीएस) के माध्यम से चलाया जाएगा। इसने कहा था कि अतिरिक्त 380 इलेक्ट्रिक बसों के संचालन के लिए, छह स्टेशन-वेलकम, कोहाट एन्क्लेव, रिठाला, नांगलोई, मुंडका और द्वारका की पहचान की गई है। इन स्थानों पर डिपो का निर्माण डीएमआरसी द्वारा किया जाएगा।

अधिकारियों ने कहा था कि परिवहन विभाग फीडर बसों को प्रति किलोमीटर के आधार पर संचालित करेगा, जहां ऑपरेटरों को दिन के दौरान तय की गई दूरी के आधार पर भुगतान किया जाएगा।

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 22 फरवरी , 2023



# जी-20 सम्मेलन को लेकर गुरुग्राम में होगी मॉडल बैठक, ओपन सेशन और मैराथन

## गुरुग्राम के सभी कॉलेज-यूनिवर्सिटी के विद्यार्थी करेंगे जी-20 मॉडल बैठक में भागीदारी

### साइबर हब में होगा ओपन सेशन, ताऊ देवीलाल स्टेडियम से शुरू होगी मैराथन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम में जी-20 सम्मेलन को लेकर बैठक लेते उपायुक्त निशांत कुमार मीणा।

**जी-20** एंटी करप्शन वर्किंग ग्रुप्स की गुरुग्राम में 1 से चार मार्च तक प्रस्तावित बैठक को लेकर युवाओं को प्रेरित करने के लिए गतिविधियां आरंभ हो चुकी है। जिसके तहत जी-20 को लेकर उच्चतर शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों की मॉडल बैठक, भारत को मिली जी-20 की अध्यक्षता को लेकर मैराथन व खुली चर्चा गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

डीसी निशांत कुमार यादव की अध्यक्षता में इस विषय पर मंगलवार को लघु सचिवालय स्थित कांफ्रेंस हॉल में गुरुग्राम जिला की विभिन्न यूनिवर्सिटी व कॉलेजों के प्रतिनिधियों की संयुक्त बैठक आयोजित हुई। डीसी निशांत कुमार यादव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत को इस बार जी-20 देशों के समूह की अध्यक्षता मिली है। इस समूह के एंटी करप्शन वर्किंग ग्रुप्स की बैठक गुरुग्राम में आयोजित होगी जोकि हम सभी के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति को इस महत्वपूर्ण उपलब्धि और बैठक के उद्देश्यों को लेकर प्रेरित करने के लिए जागरुकता संबंधी गतिविधियां नियमित रूप से आयोजित होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम में आगामी 24 फरवरी को जी-20 देशों की एक मॉडल बैठक का आयोजन होगा। जिसमें हर यूनिवर्सिटी व कॉलेज एक-एक देश का प्रतिनिधित्व करते हुए बैठक के उद्देश्यों पर चर्चा करेंगे। सभी टीम संबंधित देश में एंटी करप्शन को लेकर जारी अच्छे कार्यों से अन्य प्रतिभागियों को अवगत कराएंगे।

उन्होंने बताया कि इस बैठक में जी-20 के सदस्य सभी 20 देश, 10 आमंत्रित देश व 9 अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधि भागीदारी करेंगे। ऐसे में प्रतिभागी सदस्यों की संख्या के अनुरूप शिक्षण संस्थान मॉडल बैठक में अपने प्रतिनिधि भेजे।

इसके साथ ही 24 या 25 फरवरी की शाम को साइबर हब स्थित ओपन एयर थिएटर में भी चर्चा के लिए एक खुला सत्र रखा जाएगा। मॉडल बैठक में सराहनीय प्रदर्शन करने वाली टीमों को इस सत्र में आमंत्रित किया जाएगा। उन्होंने भारत को मिली अध्यक्षता के लिए युवा शक्ति में गौरव की अनुभूति जागृत करने के लिए शनिवार 25 फरवरी की सुबह ताऊ देवीलाल स्टेडियम से 15 किमी लंबी मैराथन का भी आयोजन होगा। इस मैराथन में भी सभी शिक्षण संस्थाएं अपनी भागीदारी आवश्यक करें। डीसी ने शिक्षण संस्थाओं में जी-20 के उद्देश्यों को लेकर निबंध लेखन, वाद-विवाद, सेमिनार व अन्य रचनात्मक गतिविधियां आयोजित करने के भी निर्देश दिए।

## अग्रवाल कॉलेज में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता

**फरीदाबाद।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में आगामी 24 और 25 फरवरी 2023 को 51वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन के बारे में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त ने बताया कि महाविद्यालय में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

इस प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. देवेन्द्र सिंह ढुल, निदेशक खेल विभाग, महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय रोहतक होंगे। प्रतियोगिता में पुरूष वर्ग के लिए कुल 13 व महिला वर्ग के लिए कुल 12 प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन किया जाएगा। 24 फरवरी को पुरूष वर्ग में 1500 मी, 200 मी, 400 मी, 10 किमी दौड़, शॉट पुट, हैमर थ्रो, जैवलिन थ्रो, हाई जम्प और महिला वर्ग में 800 मी0, 200 मी, 3 किमी दौड़, शॉटपुट, हैमर थ्रो, जैवलिन थ्रो, हाई जम्प व 25 फरवरी को पुरूष वर्ग में 100 मी, 800 मी, 5 किमी दौड़, डिस्कस थ्रो, लोंग जम्प और महिला वर्ग में 1500 मी, 100 मी, 400 मी दौड़, डिस्कस थ्रो, लोंग जम्प का आयोजन किया जाएगा।

# घुमंतू परिवारों को समाज से जोड़ने के लिए चलाई जाएगी मुहिम

### घुमंतू परिवारों को मुख्यधारा में लाने के लिए सेक्टर-10 में किया हवन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



सेक्टर-10 में घुमंतू परिवार के बच्चों के साथ आरएसएस के सदस्य।

**घुमंतू** परिवारों को समाज की मुख्यधारा में लाने और शिक्षित करने के लिए मंगलवार को यहां सेक्टर-10 में हवन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर आरएसएस से संबंधित घुमंतू गतिविधि संगठन और आर्य समाज ने कूड़ा बीनने वाले बच्चों एवं उनके परिवारों को एकत्रित किया।

कार्यक्रम में महानगर कार्यवाहक आरएसएस संजीव, संघचालक गुरुग्राम जगदीश ग्रोवर, मनीष आर्य एवं नेहा आर्य अधिवक्ता दिल्ली उच्च न्यायालय, लक्ष्मण जिज्ञासु तथा घुमंतू सेवा टीम के सदस्यों ने भाग लिया। आर्य समाज मंदिर कादीपुर के प्रधान ओपी आर्य ने बताया कि छोटे-छोटे बच्चे कूड़ा बीनकर किसी तरह अपने परिवार का गुजारा करते हैं, लेकिन वे शिक्षा से वंचित रह जाते हैं। उन्होंने बताया कि शिक्षित ना होने के कारण वे समाज की मुख्यधारा से भी दूर रहते हैं। ऐसे में उनको शिक्षित करने और वैदिक व्यवस्था से जोड़ने तथा पुनर्उत्थान करने के लिए आज एकत्रित किया गया। आर्य ने बताया कि 8 से 15 वर्ष तक के बच्चों को शिक्षित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसी असहाय को शिक्षा और दीक्षा देना ही सबसे बड़ा दान हैं। ऐसे बच्चों को शिक्षित कराने की व्यवस्था की जाएगी। शिक्षित होकर ये बच्चे आगे चलकर समाज निमाज़्ण में अपना योगदान दे सके और स्वयं में बदलाव कर सम्मान से अपना जीवन यापन कर सकें।

# गुरुग्राम और मानेसर में भाजपा का ही बनेगा मेयर : यशपाल बतरा

### गुरुग्राम-मानेसर में बहुमत से जीतकर आएंगे भाजपा के प्रत्याशी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम में जनसंपर्क अभियान के दौरान पहुंचे भाजपा नेता यशपाल बत्रा।

**भाजपा** प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर यशपाल बतरा ने कहा कि गुरुग्राम और मानेसर नगर निगम में भाजपा का ही मेयर बनेगा। दोनों नगर निगमों में बहुमत से भाजपा प्रत्याशी जीत दर्ज करेंगे। ये बातें उन्होंने सूरत नगर, इस्लामपुर, मदनपुरी और राजेंद्रा पार्क के क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान के दौरान कही। इस दौरान उन्होंने केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की भी जानकारी दी। बतरा ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ के नेतृत्व में भाजपा संगठन सेवा के कार्यों में जुटा हुआ है। भाजपा के लिए सेवा ही संगठन है, इसलिए भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता लगातार सेवा भाव से लोगों की सहायता कर रहे हैं। प्रदेश प्रवक्ता यशपाल बतरा ने कहा कि गुरुग्राम जिला की जनता ने नगर निगम चुनावों में कमल खिलाने का मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि आज के माहौल में कांग्रेस कहीं नजर नहीं आ रही है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश में लगातार विकास कार्यकिए जा रहे हैं जिससे जिला की जनता संतुष्ट है।

कांग्रेस में गुटबाजी की ओर इशारा करते हुए श्री बतरा ने कहा कि इनकी पार्टी में फूट है और कांग्रेस के नेताओं की आपस में ही नहीं बनती। कांग्रेस की गुटबाजी से कार्यकर्ता भी निराश हैं। उनमें चुनाव को लेकर कोई सक्रियता नजर नहीं आ रही है। यशपाल बतरा ने कहा कि भाजपा की लोकप्रियता दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। शहर व ग्रामीण इलाकों के मतदाताओं का रूझान बीजेपी की तरफ लगातार बढ़ता जा रहा है। जनता भी समझ चुकी है कि भाजपा ही बिना भेदभाव के विकास कराती है।

# जन मानस के लिए रूचिकर गीत तैयार करे भजन पार्टी : महिपाल

### सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों पर बनाएं ह्दय को छू लेने वाले गीत

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम



**गुरुग्राम,** फरीदाबाद व रोहतक मंडल के जिलों की चार दिवसीय कार्यशाला जारी है। कार्यशाला के दूसरे दिन मंगलवार को संगीत विशेषज्ञों, सूचना, लोकसंपर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग हरियाणा के सेवानिवृत अधिकारियों ने प्रतिभागी भजन पार्टी व खण्ड प्रचार कार्यकर्ताओं को क्षेत्रीय प्रचार दल के प्रभावी इस्तेमाल की रणनीति, प्रचार के लिए महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा, मंच संचालन की कला तथा नए विकास गीत व धुन तैयार करने के विषय में प्रेरित किया।

प्रचार के लिए महत्वपूर्ण विषय पर आयोजित सत्र में विभाग के सेवानिवृत संयुक्त निदेशक महिपाल सिंह, सेवानिवृत डीआईपीआरओ रणबीर दहिया, सेवानिवृत सांग एण्ड ड्रामा ऑफिसर राजबीर भारद्वाज तथा ड्रामा इंस्पेक्टर पवन कुमार ने प्रतिभागियों को वर्तमान समय की चुनौतियों और अनुभव के आधार पर स्वयं को अपडेट करने की कला के बारे में जानकारी दी। महिपाल सिंह ने प्रचार को प्रभावी बनाने के गुर सिखाते हुए कहा कि नीति निर्माता यानी सरकार व लाभार्थी यानी आमजन के बीच आप एक सेतु का काम करते हैं। ऐसे में आपको अपने साजो व गायकी को बरकरार रखते हुए अपना अंदाज बदलना होगा। आज समाज में बड़ी तेजी के साथ परिवर्तन हो रहा है, ऐसे में आप अपनी प्रासंगिकता बनाएं रखने पर फोकस रखें तभी आपकी कला सार्थक है। आप को ऐसे गीत तैयार करने चाहिए जो सुनने वाले लोगों के लिए रुचिकर हो साथ ही सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों का संदेश भी धरातल पर पहुंच पाए।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए विभाग के सेवानिवृत्त डीआईपीआरओ आरएस दहिया ने कहा कि प्रचार अमला सरकार की नीतियों को धरातल पर जाकर प्रचारित करता है। आप ग्रामीणों की सरल भाषा में ही उन्हें उन योजनाओं के बारे में बतायें।

## 25 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध हालत में हुई मौत

**सोहना।** नागरिक अस्पताल पर तैनात एम्बुलेंस चालक की 25 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध हालत में फांसी के फंदे पर लटकने से मौत हो गई। निमौठ चौकी पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेने के बाद कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी है। घंघौला में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में बने सरकारी क्वाटर में पति के संग रह रही 25 वर्षीय मोनिका की फांसी के फंदे पर लटकने से संदिग्ध हालत में मौत हो गई।

सोमवार-मंगलवार की रात करीब डेढ़ बजे आनन फानन में विवाहिता को फांसी के फंदे से उतार नागरिक अस्पताल परिजन लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने महिला को मृतक घोषित कर दिया। जिसकी सूचना पुलिस को दी गई। नागरिक अस्पताल पहुंची निमौठ चौकी से पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेने के बाद पोस्टमार्टम के लिए शव कक्ष में रखवा दिया। मामले की जांच कर रहे एसआई सत्यवान ने बताया कि मोनिका की करीब डेढ़ वर्ष पहले शादी हुई थी।

# लायंस क्लब सोहना सिटी का शपथ व वार्षिक महोत्सव 24 को

### क्लब ने एक साल में रक्तदान, चिकित्सा शिविर, वस्त्र वितरण पौधारोपण जैसे कार्य किए

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**सामाजिक** संस्था लायंस क्लब सोहना सिटी का वार्षिक स्थापना व शपथ ग्रहण समारोह 24 फरवरी को मनाया जाएगा। संस्था का गंठन एक साल पहले किया गया था। इस अवसर पर संस्था कई सामाजिक कार्य भी करने की घोषणा करने की संभावना जताई जा रही है।

मालूम रहे कि करीब एक साल पहले शहर कीं सामाजिक संस्था लायंस क्लब सोहना सिटी का गठन किया गया था। क्लब ने एक वर्ष के अंतराल में सामाजिक कार्यों में काफी उपलब्धि प्राप्त की है। जिसमें रक्तदान शिविर, पौधारोपण, चिकित्सा शिविर, वस्त्र वितरण आदि समाज उपयोगी कार्य करके क्लब के स्थान को उन्नति की ओर पहुंचाया है। इस क्लब एक वर्ष पूर्ण होने पर 24 फरवरी को स्थापना मना रहा है। इस स्थापना दिवस के अवसर पर संस्था के कार्यकर्ता और पदाधिकारियों का शपथ समारोह आयोजित किया जाएगा।

# गुरुग्राम की श्वेता ने जीता मिसेज ब्यूटीफुल स्माइल का खिताब

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



मिसेज ब्यूटीफुल श्वेता।

**महिलाओं** को विश्व स्तर पर सौंदर्य के क्षेत्र में सशक्त बनाने के उद्देश्य से मिस एंड मिसेज इंडिया क्वीन ऑफ हार्ट्स सीजन-5 में गुरुग्राम की श्वेता अनमोद मिसेज ब्यूटीफुल स्माइल-2022 की विजेता बनी है।

श्वेता महिलाओं के लिए एक रोल मॉडल बनना चाहती हैं, जो अपने सपनों को हासिल करना चाहती हैं, इसके लिए वह प्रयासरत हैं। इस आयोजन में फिल्म अभिनेत्री सोनाली राउत ने ज्यूरी की भूमिका निभाई थी। 210 प्रतिभागी इस आयोजन में शामिल हुई थी। श्वेता का कहना है कि यदि दृढ़ इच्छाशक्ति है तो कोई काम मुश्किल नहीं है। उन्होंने महिलाओं से भी आग्रह किया कि वे विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ें, उन्हें सफलता अवश्य मिलेगी।

# दो करोड़ 97 लाख रुपये से बनेगा घामडौज का सरकारी स्कूल

### घामडौज के राजकीय कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल का चार मंजिला नया भवन बनेगा

पायनियर समाचार सेवा। सोहना



सोहना के गांव घामडौज में स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय।

**खंड** के गांव घामडौज स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय छात्राओं के लिए चार मंजिला भवन जल्द ही तैयार होगा। इस भवन परिसर के निर्माण पर 2 करोड़ 97 लाख रुपये खर्च होंगे। स्कूल में पुराने भवन परिसर को गिराने का कार्य आगामी 15 दिन में शुरू कर दिया जाएगा।

घामडौज में स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल परिसर के जर्जर भवन को जल्द ही धराशायी किया जाएगा। इसके साथ पर यहा शिक्षा प्राप्ती के लिए आ रही छात्राओं को चार मंजिला नया भवन परिसर बनाया जाएगा। इस नये भवन परिसर को शिक्षा विभाग ने राज्य सरकार से मंजूरी प्राप्त कर ली है। राज्य सरकार ने भी नये भवन निर्माण के लिए 2 करोड़ 97 लाख रुपये की राशि की मंजूरी प्रदान कर दी है।

**ये भवन में होगा उपचार कक्षः घामडौज** में बनने वाले स्कूल परिसर में नये भवन के अंदर पहली बार छात्राओं के आपातकाल में उपाचार सुविधा देने की सुविधा होगी। नये भवन में अलग से एक उपचार कक्ष तैयार होगा। ताकि आपातकाल में छात्रा को उपचार कक्ष में लेटने, बैठने और दवाइयां उपलब्ध कराई जाएगी।

**कैसा होगा नया भवनः** शिक्षा विभाग के खंड स्तरीय जेई बलबीर सिंह ने बताया कि नया भवन चार मंजिल का होगा। प्रधानाचार्य का कार्यालय, पुस्तकालय, एनसीसी कक्ष, स्मार्ट कक्ष, संगीत कक्ष, स्टाफ व छात्राओं के लिए अलग-अलग शौचालय तथा दिव्यांग छात्राओं के लिए मार्डन शौचालय बनाएं जाएंगे।

> **नये** भवन का टेंडर छोड़ देने के बाद विभाग के उच्चाधिकारियों के पास मंजूरी के लिए भेज दिया है। पुराने जर्जर हालत में खड़े कमरों को गिराने का कार्य 15 दिन बाद शुरू कर दिया जाएगा।
>
> **शील कुमारी**
> (डीसीपी गुरुग्राम)

# राजकीय महाविद्यालय के दीक्षांत समारोह में 418 विद्यार्थियों को दी डिग्रियां

## गुरुग्राम विवि के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार रहे मुख्य अतिथि

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम





राजकीय महाविद्यालय सेक्टर-9 के दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को डिग्रियां वितरित करते गुरुग्राम विवि के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार।

**मंगलवार** को राजकीय महाविद्यालय सेक्टर-9 में 13वां दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर गुरुग्राम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने मुख्यातिथि के रूप में 418 विद्यार्थियों को विद्यार्थियों को स्नातक एवं स्नातकोत्तर डिग्रियां प्रदान की।

कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि किसी भी विद्यार्थी के जीवन में दीक्षांत का दिन बहुत महत्व रखता है। प्रत्येक विद्यार्थी ने शिक्षा के दौरान जो कुछ भी सीखा है, उसे जीवन में धारण करना है। कड़ी मेहनत से ही जीवन में सफलता पाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि सभी को स्वामी विवेकानंद के विचारों को याद रखना चाहिए कि-जागो, उठो और तब तक मत रुको, जब तक सफलता प्राप्त नहीं हो जाती। उन्होंने कहा कि यह समय आपके अभिभावकों और अध्यापकों के लिए भी गौरवमयी है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ते रहने और कड़ी मेहनत करने का संदेश दिया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रणधीर सिंह ने बताया कि महाविद्यालय ने शैक्षणिक, खेल, सांस्कृतिक क्षेत्र में बहुत अधिक उपलब्धियां हासिल की हैं। आज यह महाविद्यालय गुरुग्राम के श्रेष्ठ शैक्षणिक संस्थानों में से एक है। आशा है कि भविष्य में भी महाविद्यालय सभी क्षेत्रों में नए कीर्तिमान हासिल करेगा। उन्होंने कहा कि सत्य के पथ पर चलने वाला व्यक्ति कभी भी हार नहीं सकता। इसलिए सदैव सत्य का मार्ग ही अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सत्य के रास्ते पर सफलता अवश्य मिलेगी। उन्होंने डिग्री लेने वाले विद्यार्थियों को जीवन में सदैव सत्य के पथ पर अग्रसर रहने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. नीलम दहिया ने कहा कि सभी के सहयोग के बिना यह कार्यक्रम सफल नहीं हो सकता था। उन्होंने उपाधि प्राप्त सभी विद्यार्थियों को जीवन में सफल होने की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर डॉ ललिता गौड एवं रोहित शर्मा ने सफल मंच संचालन किया। महाविद्यालय की उपप्राचार्या डॉ. कृष्णा मल्हान ने सभी टीचिंग, नॉन टीचिंग तथा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का धन्यवाद प्रकट किया। इस अवसर पर डॉ. गीतिका, डॉ. राजेश कुंडु, डॉ. मुकेश शर्मा, संदीप यादव, डॉ. सुमन अहलावत, डॉ मीनू शर्मा, डॉ. सुरेंद्र काद्यान, डॉ. बहादुर सिंह, डॉ. प्रदीप, रवि श्योराण, डॉ. सतीश यादव, डॉ. मुकेश, डॉ. राजेश सहित महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## प्रोफेसर राम सिंह को मिला लाइफ टाइम अचीवमेंट वैज्ञानिक पुरस्कार



प्रो. राम सिंह को लाइफ टाइम अचीवमेंट वैज्ञानिक पुरस्कार देते अतिथि।

**गुरुग्राम।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के पूर्व निदेशक, मानव संसाधन प्रबंधन और प्रमुख, कीट विज्ञान विभाग प्रो. राम सिंह को भारत के सात संस्थानों द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन कृषि विज्ञान, प्रौद्योगिकी, नवाचार और उद्यमिता-2023 में अकादमिक उत्कृष्टता का लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 16-18 फरवरी, 2023 में अमेरिकन कॉलेज मदुरै, तमिलनाडु में प्रॉस्पर फाउंडेशन द्वारा आयोजित किया गया। प्रोफेसर राम सिंह को यह आजीवन पुरस्कार पिछले 40 वर्षों में शिक्षण, अनुसंधान और प्रशासन में उनके उत्कृष्ट योगदान के आधार पर दिया गया। इस पुरस्कार से पहले, प्रोफेसर राम सिंह को पिछले 3 वर्षों में भारत और विदेशों में 7 राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों से भी सम्मानित किया जा चुका है। इस सम्मेलन में विभिन्न देशों के 450 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। अपने संबोधन में प्रोफेसर राम सिंह ने वैज्ञानिकों को सलाह दी कि वे 21वीं सदी के अंत तक मानव अस्तित्व के लिए आसन्न खतरे का सामना करने के लिए खोई हुई जैव विविधता को बहाल करने और संरक्षित करने के लिए अधिकतम प्रयास करें। इस सम्मेलन में प्रोफेसर राम सिंह ने एक वैज्ञानिक सत्र की अध्यक्षता भी की। उन्होंने 142 साल पुराने इस प्रतिष्ठित कॉलेज के पोस्ट ग्रेजुएट छात्रों को भी संबोधित किया। उन्होंने राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाओं में 200 से अधिक शोध पत्र प्रकाशित किए। पौध संरक्षण से सम्बंधित विषयों पर 8 पुस्तकें,35 पुस्तक अध्याय व 11 समीक्षा पत्र प्रकाशित किए।

## आत्मरक्षा को तकनीकी प्रशिक्षण के साथ आत्मविश्वास भी जरूरी



मुख्यातिथि को पौधा देकर स्वागत करते प्राचाया

**फरीदाबाद।** राजकीय महिला महाविद्यालय नचौली सेक्टर-16 में मंगलवार को नेहरू युवा केन्द्र संगठन के कार्यक्रम Local Theme Based Workshop के अंतर्गत विषय-मिशन साहसी के अंतर्गत आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर एवं महिला अधिकारों के प्रति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन जज्बा फाउंडेशन के सहयोग से किया गया। मंगलवार को महाविद्यालय के सेमिनार हॉल में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, एवं महिला थाना सेक्टर-16 की एसएचओ गीता यादव रही। महाविद्यालय की प्राचार्या सुनिधि चौहान एवं नेहरू युवा केन्द्र की जिला युवा अधिकारी प्रियंका मालिक द्वारा मुख्य अतिथियों तथा महिला थाना प्रभारी गीता यादव को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे भाजपा जिला अध्यक्ष ने छात्राओं की मांग सुनते हुए जल्द जिले की अपनी यूनिवर्सिटी शुरू करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि सरकार बेटियों की है उनके हक और मदद के लिए सदैव तत्पर हैं। किसी भी छात्रा को मदद की आवश्यकता है तो वह संपंर्क कर सकती है, इसके अतिरिक्त बेटियों के साथ बदसलूकी करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने बेटियों को स्वयं भी मजबूत होने के लिए प्रेरित किया। सेक्टर-16 महिला थाना प्रभारी गीता यादव ने छात्राओं को बताया कि कॉलेज जाते समय रास्ते में छेड़छाड़ या फब्तियां करने वालों से डरे नहीं उनकी सूचना प्रधानाचार्य व पुलिस को दें ताकि समय रहते हुए ऐसे लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की जा सके। उन्होंने कहा कि आज के परिवेश में छात्राएं और महिलाएं घर से बाहर काम व पढ़ाई के लिए रहती हैं। ऐसे में उन्हें अधिकारों और सुरक्षा के लिए बनाए गए कानूनों की जानकारी अवश्य होनी चाहिए।

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 22 फरवरी, 2023



# एमसीएफः बिलों के भुगतान के लिए भी काटने पड़ते हैं चक्कर

## तीन साल से पानी-सीवर के बिल न मिलने पर लोगों ने आयुक्त से की शिकायत

कविता। फरीदाबाद


निगम कमिश्नर को ज्ञापन सौंपते गोल्डी बरेजा और अन्य


निगम कमिश्नर के दफ्तर के बाहर शिकायत देने पहुंचे लोग

समस्याओं का समाधान करवाने के नाम पर नगर निगम द्वारा हमेशा कंगाली का रोना रोया जाता है। जबकि निगम की कंगाली आम जनता की वजह से नहीं बल्कि यहां तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों की वजह से है। शहर के कई सेक्टरों में पिछले तीन साल से पानी और सीवर के बिल न भेजने से परेशान आरडब्ल्यूए के सदस्यों को निगम आयुक्त से मंगलवार को शिकायत करने पड़ी। उन्होंने संबंधित एक्सईएन से दो दिन में जवाब मांगा है। शिकायत करने वालों में समाजसेवी गोल्डी बरेजा, आरडब्ल्यूए प्रधान सेक्टर 8 अरुण चौहान, आरडब्ल्यूए प्रधान सेक्टर 7डी राजेश शर्मा, हरीश थरेजा प्रधान आरडब्लूए सेक्टर 4आर, वैभव बजाज आरडब्लूए सचिव नालन्दा पाकेट सेक्टर-8,वेद कटारिया, महेश गुप्ता आरडब्लूए सचिव, प्रमोद चोपड़ा आदि उपस्थित रहे ।

**हैरान हुए निगमायुक्त :** कई सेक्टरों में तीन साल से लोगों के पास पानी के बिल नहीं पहुंच रहे हैं। ऐसे में लोगों को चिंता सताने लगी कि यदि निगम ने एक साथ भारी भरकम बिल भेजा तो उन्हें पेरशानी हो सकती है।

निगम के अधिकारियों से कई बार शिकायत करने पर भी जब बिल नहीं पहुंचे तो विभिन्न आरडब्ल्यूए के पदाधिकारी मंगलवार को शिकायत लेकर निगमायुक्त के पास पहुंचे। शिकायत सुनकर निगमायुक्त जितेंद्र दहिया भी हैरान रहे गए। उन्होंने जल्द समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया है।

**तीन साल से बिल नहीः** गोल्डी बरेजा ने निगमायुक्त को दी शिकायत में कहा कि लोगों को 2020, 2021, 2022 से अब तक के पानी के बिल नहीं मिले है। यदि तीन से चार साल के बिल एक साथ मिलेंगे तो लोगों को परेशानी होगी। ऐसे में वह चाहते हैं कि पानी के बिल बिना सरचार्ज के उन्हें जल्द उपलब्ध करवाए जाए।

**रोड की दिक्कतः** सेक्टर-आठ निवासी अरूण चौहान ने बताया कि वे सीवरेज ओवरफ्लो और टूटी सड़कों से परेशान है। जर्जर सड़कों के कई लोग हादसों का शिकार हो चुके हैं। उन्होंने इन दोनों समस्याओं के समाधान की मांग भी निगमायुक्त से की है।


**आवारा पशु हैं मुसीबतः** इन सेक्टरों के निवासियों ने बताया कि उनके इलाके में आवारा पशुओं का जमावड़ा लगता है।

पिछले दिनों एक आवारा पशु ने एक बुजुर्ग महिला को टक्कर मार दी। जिससे वह एक माह से बिस्तर पर हैं। आवारा पशुओं को पकड़ने वाली एनजीओ पैसों की मांग करते हैं।

**ट्यूबवेल बंदः** सेक्टर-चार आर के सदस्यों ने बताया कि उनके इलाके में पानी की सप्लाई बेहद खराब है। यहां पांच ट्यूबवेल हैं। लेकिन इनमें से केवल दो ही चालू है। जिसके कारण पूरे इलाके में पानी नहीं पहुंच पाता है। कई बार शिकायत के बाद भी ठीक नहीं हो पा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### 20 लाख का बिल शिकायत के बाद भी नहीं हुआ ठीक



**फरीदाबाद।** सरकार लोगों को सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने से बचाने के लिए ऑनलाइन प्रणाली को बढ़ावा दे रही है। ऑनलाइन तो दूर लिखित शिकायतों की भी सुनवाई नहीं हो रही है। ऐसा ही बल्लभगढ़ की सुभाष कालोनी निवासी आस मोहम्मद के संग हुआ। सेक्टर-58 में रामबदन के शेड में हिना इंस्ट्रीज के नाम से कम्पनी चलाने वाले आस मोहम्मद ने बताया कि उन्होंने दिसंबर और जनवरी माह का बिजली का बिल 30 जनवरी को 19,152 रुपये जमा किया था। 16 फरवरी को उनके पास 19,80,912 रुपये का बिजली का बिल पहुंच गया। संदेश देखकर उनके होश उड़ गए। वह बिजली दफ्तर शिकायत लेकर पहुंचे तो उनकी शिकायत ले ली गई और ऑनलाईन शिकायत को कहा गया। जहां दोनो तरह से शिकायत देने के बाद उन्हें लाइनमैन और जेई को भेजने का आश्वासन दिया गया। लेकिन छह दिन बाद कुछ न होने पर वह एक बार फिर चिंता में आकर मंगलवार को एसडीओं के पास पहुंच गए। जहां उन्होंने एसडीओ को अपना दुखड़ा बताया तो उन्होंने एक अन्य शिकायत लिखवा कर पुरानी शिकायत पर ध्यान न देते हुए मार्क करके भेजने का आश्वासन दे दिया। लेकिन उनका कहना है कि 19,80,912 रुपये बिजली का बिल देखकर उनकी माता सरवती को हार्ट अटैक आ गया। जिसके कारण उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाना पड़ गया।

### फल और कढ़ी चावल किए वितरण


तैयार प्रसाद के संग क्लब के सदस्य

**फरीदाबाद।** शनिवार को भारत वर्ष मे ही नही बल्कि पूरे विश्व मे शिवरात्री का पर्व बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। सभी मन्दिरो को सजाया गया और रौशनी की गई। सुबह चार बजे से ही लोगो ने पूजा पाठ करना शुरू कर दिया। शिवलिंग पर दूध एंव जल चढ़ाया गया। दान पुण्य मे भी कोई कमी नही थी। अलायंस क्लब इंटरनैशनल डिस्ट्रिक्ट 150 की शाखा जागृति ने भी अपनी मैंबर के सहयोग से कदम उठाए। सेक्टर 19 ओल्ड फरीदाबाद मे गंगा लाल की बगीची हनुमान मंदिर, आईटीआई स्कूल के सामने कढ़ी चावल एवं फलों का वितरण किया गया। अलाय साधना अग्रवाल ने दूध का प्रबंध किया। उस एरिया के सभी तरह के लोगो ने स्वादिष्ट कढ़ी चावल बहुत ही शौक से खाए। क्लब की प्रधान अलाय उषा गोयल, अलाय मनीषा मंगला सचिव, अलाय शिवांगी कौशिक सह सचिव, अलाय नीतू अग्रवाल के अलावा अलाय के जी अग्रवाल अन्तरराष्ट्रीय अध्यक्ष 2021-22; अलाय अन्नू जैन, अलाय निशा जैन अलाय शालिनी गुप्ता, अलाय सिंपल सिंह एंव अलाय संगीता जैन ने कार्यक्रम की शोभा बढाई।

### अमृता अस्पताल से चोरी करने वाले गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** थाना खेड़ी पुल प्रबंधक सुभाष सिंह की टीम ने अमृता अस्पताल से कॉपर की पाईप चोरी करने वाले तीन आरोपियो को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में मनीष, सोनू और सकचन का नाम शामिल है। तीनों आरोपी फरीदाबाद की श्याम कॉलोनी के रहने वाले है। तीनों आरोपियों को थाना पुलिस टीम ने अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से थाना खेडी पुल के एरिया से चोरी के मामले में गिरफ्तार किया है। आरोपियों से पूछताछ में सामने आया कि तीनों आरोपी अभी करीब 15-20 दिन से अमृता अस्पताल में काम कर रहे थे। तीनों ने पैसे के लालच में आकर चोरी की वारदात को मौका देखकर अंजाम दिया था। तीनों आरोपियो से 48 कॉपर की पाइप बरामद की गईं हैं। तीनों आरोपियो को गिरफ्तार कर नियामानुसार कार्रवाई की गई है।

# बैंकों में 645 करोड़ लेकिन एनआइटी में विकास कार्यों के लिए धनाभाव

## कांग्रेस विधायक नीरज शर्मा ने विधानसभा में स्थानीय निकाय विभाग को घेरा

### स्थानीय निकाय विभाग ने धनाभाव के कारण विकास कार्य नहीं होना बताया

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


विकास कार्यों के प्रस्ताव धनाभाव बताकर खारिज करने को लेकर विधानसभा में सवाल करते विधायक नीरज शर्मा

**नगर** निगम के बैंकों में 645 करोड़ रुपये जमा हैं, फिर भी शहरी स्थानीय निकाय विभाग ने एनआइटी विधानसभा क्षेत्र में नाली, सड़क, नाले व सीवरेज के निर्माण संबंधी तीन विकास कार्यों के प्रस्ताव धनाभाव बताकर खारिज कर दिए। इस मुद्दे पर एनआइटी क्षेत्र से कांग्रेस के विधायक नीरज शर्मा ने शहरी स्थानीय निकाय विभाग के अधिकारियों से लेकर सीधे सरकार के सबका साथ, सबका विकास के नारे पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि नगर निगम की आर्थिक दशा की असलियत सामने लाने के लिए उन्होंने जहां तीन सवालों में सरकार से नाली, सड़क, नाले के निर्माण संबंधी विवरण पूछा वहीं एक सवाल में यह जानकारी भी ले ली कि नगर निगम के बैंक खातों में कितनी राशि जमा है। बैंक खातों में 645 करोड़ रुपये जमा हैं। इसके बावजूद शहरी स्थानीय निकाय विभाग की तरफ से उनके तीन सवालों पर यह उत्तर मिला कि धनाभाव के कारण उनके यहां कार्य नहीं करवाए जा सकते।

नीरज शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल भी उनके क्षेत्र की समस्याओं के बारे में जानते हैं। क्योंकि उन्हें एनआइटी 86 की एक बेटी ने यह कहकर ट्वीट किया था कि उसकी शादी है और घर के आगे सीवरेज का पानी जमा है। ऐसे में सीएम के आदेश पर नगर निगम ने जाम सीवरेज खुलवाया। विधायक ने कहा कि एनआइटी क्षेत्र से राज्य सरकार को सबसे ज्यादा टैक्स मिलता है। ऐसे झूठे उत्तर देने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए विधानसभा की एक कमेटी बननी चाहिए। उनके क्षेत्र में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, स्मार्ट सिटी का पैसा नहीं लग रहा है। सरकार विकास कार्यों के लिए पैसे नहीं दे रही है।

**हार्डवेयर प्याली रोडः** नीरज शर्मा ने कहा कि सरकार समयबद्ध तरीके से प्याली हार्डवेयर रोड को पूरा कराए। यह रोड दो साल से अधूरी पड़ा है। फरीदाबाद में सड़कों के गड्ढों में बच्चे शहीद हो रहे हैं।

**ऐसा तोहफा नहीं चाहिएः** विधायक नीरज शर्मा ने कहा कि उन्हें उनके क्षेत्र के गांव पाली में कूड़ा निस्तारण या डंपिंग केंद्र नहीं चाहिए क्योंकि सरकार क्षेत्र के विकास पर तो राशि खर्च कर नहीं है बल्कि बंधवाड़ी की तरह आबोहवा को और खराब करने पर तुली है।

**एनआइटी में भी बने तहसीलः** विधायक ने कहा कि एनआइटी क्षेत्र में एक भी तहसील नहीं है। प्रदेश में 178 तहसील हैं। इसलिए एनआइटी-86 विधानसभा क्षेत्र में एक तहसील अवश्य बनाई जानी चाहिए। इसके लिए उन्होंने सदन में मौजूद उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला का ध्यानाकर्षण भी किया।

# शुल्क जमा न करने पर बिल्डर ने उखाड़े मीटर

### दो दिन से अंधेरे में रह रहे सेक्टर-75 क्यू ब्लॉक के निवासी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


ताले तोड़ इन बॉक्स से निकाले मीटर

सेक्टर-75 क्यू ब्लॉक में मरम्मत शुल्क जमा करवाने में देरी से जमा करवाने पर करीब आधा दर्जन घरों के बिल्डर ने बीती रात मीटर उखाड़ लिए। ऐसे में दो दिनों से सेक्टर-75 क्यू ब्लॉक के निवासी अंधेरे में जीवन यापन करने को मजबूर है। बिजली न होने से बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है।

**यह है पूरा मामलाः** सेक्टर-75 क्यू ब्लॉक आरडब्ल्यूए की प्रधान सीमा भारद्वाज ने बताया कि कुछ घरों के बिजली के मीटर के ताले तोड़कर बिल्डर ने उखाड़ लिए हैं। जिस पर निवासियों ने बीपीटीपी दफ्तर में बात की तो उन्होंने बताया कि रिपेयरिंग के लिए मीटर उतारे हैं। लोगों ने कहा कि दो दिनों से बिजली न होने के कारण अंधेरे में जीवन यापन कर रहे हैं। यहां के निवासी निवासी मनोज श्रीवास्तव, दीपक और अन्य लोगों ने बताया कि सोमवार को घर पर ही थे, 11 से 12 बजे के बीच मीटर के बॉक्स का ताला तोड़कर मीटर उतार लिए गए। लेकिन बिजली का कोई प्रबंध नहीं किया। अंधेरे में बच्चे परीक्षाओं की तैयारियां कैसे करें। बिजली न होने के कारण पानी की किल्लत भी सामने आ रही है। उन्होंने कहा कि बीपीटीपी शुल्क के नाम पर अवैध रूप से वसूली करता है, जिसका विरोध वह कर रहे है। अब शुल्क न देने पर मीटर उतार कर परेशान किया जा रहा है।

पुलिस की चुप्पीः दीपक और मनोज ने बताया कि 112 पर कॉल करने पर पुलिस आई और उन्होंने थाने में शिकायत करने को कहा। शाम तक आईओ ही उन्हें नहीं मिला। मंगलवार को भी पुलिस ने इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की। ऐसे में उन्होंने सीएम विंडो पर शिकायत दी है।

# निपुण भारत मिशन के तहत शिक्षा विभाग द्वारा किये जा रहे कार्य

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों संग बैठक करते डीसी

उपायुक्त विक्रम सिंह ने कहा नई शिक्षा नीति 2020 के तहत केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा शुरू किए गए निपुण भारत मिशन के तहत हो रहे कार्यों को समय अनुसार पूरा किया जाए तथा उक्त मिशन के तहत हो रही गतिविधियों की निरंतर समीक्षा की जाए। उपायुक्त विक्रम सिंह मंगलवार को लघु सचिवालय स्थित बैठक कक्ष में निपुण भारत मिशन की डिस्ट्रिक्ट स्टीयरिंग कमिटी की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उपायुक्त ने निपुण भारत मिशन के तहत बनाए गए वार्षिक प्लान को जिला में बेहतर ढंग से लागू करने के आदेश दिए तथा बैठक में उपस्थित शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जिला के विभिन्न स्कूलों का समय-समय पर दौरा कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा।

निपुण भारत मिशन की जिला कोऑर्डिनेटर अविनाश शर्मा ने बताया कि निपुण भारत मिशन का मुख्य उद्देश्य आधारभूत साक्षरता एवं संख्यामक्त के ज्ञान को पहली से तीसरी कक्षाओं के छात्रों के अंतर्गत विकसित करना है। इस योजना के माध्यम से साल 2026-27 तक तीसरी कक्षा के अंत तक छात्र को पढ़ने, लिखने एवं अंकगणित को सीखने की क्षमता प्राप्त होगी। यह योजना बच्चों के विकास के लिए बहुत कारगर साबित होगी। निपुण भारत योजना के माध्यम से अब बच्चे समय से आधारभूत साक्षरता एवं संख्यामक्त का ज्ञान प्राप्त कर सकेंगे। जिससे की उनका मानसिक एवं शारीरिक विकास होगा। निपुण भारत का संचालन शिक्षा और साक्षरता विभाग द्वारा किया जाएगा। यह योजना स्कूली शिक्षा कार्यक्रम समग्र शिक्षा का एक हिस्सा होगी। इस योजना को नई शिक्षा नीति के अंतर्गत आरंभ किया गया है।

# फूड सेफ्टी विभाग के दफ्तर में लाखों रुपये की चोरी

### एसी, जांच मशीन समेत शौचालय की टोटियां तक ले गए चोर

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



फूड सेफ्टी ऑफिस में टूटी खिड़की


खुला सुटकेश

बीके अस्पताल परिसर में मौजूद फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एफएसएसएआई) कार्यालय का बीती रात ताला और खिड़की तोड़कर चोर लाखों रुपये का सामान चुरा ले गए। विभाग के डेजिग्नेटेड ऑफिसर पृथ्वी सिंह ने इसकी लिखित में शिकायत तीन नम्बर पुलिस चौकी को दी है। पुलिस ने घटनास्थल में पहुंच कर जांच पड़ताल की।

**यह है मामलाः** पृथ्वी सिंह ने बताया कि उनके पास फरीदाबाद के साथ पलवल, नूंह, रेवाड़ी और नारनौल का अतिरिक्त प्रभार है। 20 फरवरी को वह शाम पांच बजे दफ्तर बंद करवा कर गए थे। 21 फरवरी को वह नारनौल जा रहे थे। तभी कार्यालय में तैनात स्वास्थ्य सहायक दीनदयाल ने फोन पर बताया कि 9 बजे चतुर्थ श्रेणी कर्मी गिरिराज दफ्तर खोलने पहुंचे, तो ताला टूटा हुआ था। उन्होंने मौके पर पहुंच कर देखा कि दफ्तर के दरवाजे का ताला और कार्यालय की खिड़की टूटी हुई थी। खिड़की पर लगा विंडो एसी, दो लाख रुपये की मिल्क जांच की मशीन और शौचालय की टोटियां गायब थीं। फाइलें, दस्तावेज और कम्प्युटर का कुछ सामान और खाद्य पदार्थों के सील्ड सैम्पल बिखरे पड़े मिले।

# फरीदाबाद निवासी 'इटली के शेर' को पहली बार श्रद्धांजलि

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


इटली के शेर के नाम से मशहूर कर्नल की पुण्यतिथि पर शामिल लोग

द्वितीय विश्व युद्ध में इटली में व स्वतंत्रता के तुरंत बाद कश्मीर में रोज़ांगला के युद्ध में अद्वितीय सफलता व साहस के लिए ब्रिटिश आर्मी द्वारा वीर चक्र, मिलिट्री क्रॉस एंड बार से सम्मानित व इटली के शेर नाम से संबोधित किए जाने वाले, फ़रीदाबाद के बदरौला में जन्मे व रिटायरमेंट के बाद फ़रीदाबाद में ही बसने वाले कर्नल गिरधारी सिंह की 48वीं पुण्यतिथि पहली बार उनकी सेक्टर 63 में छत्रपति एकेडमी स्थित समाधि पर मनायी गई।

इसमें फ़रीदाबाद,पलवल के पूर्व सैनिको, वीर नारियों, स्वतंत्रता सेनानियों, इलाक़े के सरपंच, पूर्व पार्षदों ने पुष्पांजलि अर्पित की। हरियाणा प्रदेश के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा के भाई टिप्परचंद, फ़रीदाबाद भाजपा पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के ज़िला संयोजक पूर्व सैनिक सतिंदर दुग्गल, विंग कमांडर, मेज.जनरल एस के दत्त, ब्रिगेडियर चन्द्र मुकेश, कर्नल गोपाल सिंह, विंग कमांडर मान, कर्नल देवेंद्र कुमार, कर्नल माटा, पलवल से कैप्ट पोसवाल, ग्रुप कैप्ट वर्मा, वेटेरन राम भारद्वाज, केप्ट जयचंद, कैप्टन यादव सहित बदरौला के पूर्व सरपंच ने उनकी समाधि पर पुष्प अर्पित किए व कर्नल गिरधारी सिंह अमर रहे के नारे लगाए. इस अवसर पर कर्नल गिरधारी सिंह की पुत्र वधू मंजु सिंह व सुपुत्र यशवंत सिंह ने सभी का धन्यवाद किया।

इस मौक़े पर फ़रीदाबाद के इस जबांज पर पुस्तक प्रकाशित करने, उनके नाम पर चौक का नाम रखने व प्रत्येक वर्ष 21 फ़रवरी को उनकी पुण्य तिथि मनाने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर कर्नल गिरधारी सिंह के पुत्र शहीद छत्रपति सिंह को भी याद किया गया जो छोटी उम्र में ही 1962 के युद्ध में शहीद हो गए थे।

# विश्वविद्यालय के वार्षिकोत्सव में मुख्य अतिथि होंगे राज्यपाल

## 23 फरवरी को दुधौला परिसर में आयोजित होगा विश्वविद्यालय का वार्षिकोत्सव, सम्मानित होंगे मेधावी विद्यार्थी

### चार महत्वपूर्ण एमओयू साइन करेगा श्रीविश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालयः नेहरू

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय में वार्षिकोत्सव की तैयारियां

श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय का वार्षिकोत्सव 23 फरवरी को पलवल के दुधौला परिसर में आयोजित होगा। हरियाणा के राज्यपाल एवं कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। समारोह की तैयारियां जोरों पर हैं। विश्वविद्यालय परिसर को सजाया जा रहा है। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति श्री राज नेहरू ने बताया कि वार्षिकोत्सव में प्रदेश के राज्यपाल एवं कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे।

विश्वविद्यालय के वार्षिकोत्सव के लिए विद्यार्थियों एवं शिक्षकों में काफी उत्साह है। इस दौरान श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय चार महत्वपूर्ण एमओयू भी साइन करेगा। इन के माध्यम से विश्वविद्यालय उद्योग और उद्यम के क्षेत्र में नई पहल करने जा रहा है। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति राज नेहरू ने कहा कि किसी भी संस्थान का वार्षिक उत्सव उसकी साल भर की उपलब्धियों के मूल्यांकन और उन पर गर्व करने का अवसर होता है। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय ने भी पिछली अवधि में कई ऐसी उपलब्धियां अर्जित की हैं, जो हमेशा के लिए गौरवान्वित करेंगी। बीते 25 दिसंबर को ही विश्वविद्यालय को अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन पुरस्कार मिला है। इसके अलावा रिकॉग्निशन ऑफ प्रायर लर्निंग (आरपीएल) की शुरुआत की है। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय को प्रदेश प्रदेश भर में इसको लागू करने का जिम्मा भी मिला है। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय की नई पहल इनोवेटिव स्किल स्कूल को भी प्रदेश स्तर पर बड़ी मान्यता मिली है और अब हरियाणा सरकार 10 जिलों में इस की तर्ज पर 10 इनोवेटिव स्किल स्कूल खोलने जा रही है। जिनका संचालन श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय करेगा। साथ ही साथ विश्वविद्यालय की पहल पर बी. वॉक को अन्य स्नातकीय कोर्सों के बराबर मान्यता भी प्राप्त हुई है। इसके अलावा विश्वविद्यालय के शिक्षकों और विद्यार्थियों ने कई उल्लेखनीय उपलब्धियां अर्जित की है। कुलपति राज ने बताया कि इस वार्षिक उत्सव में विश्वविद्यालय के उन सभी मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। इस वार्षिक उत्सव में विश्वविद्यालय अपनी उपलब्धियों के साथ-साथ भविष्य के लक्ष्यों को लेकर भी कुछ नए संकल्प धारण करेगा। कुलपति श्री राज नेहरू ने बताया कि विश्वविद्यालय ने इस बार से कुछ नए कोर्स भी शुरू करने की योजना बनाई है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रोफेसर आरएस राठौड़ ने कहा कि विश्वविद्यालय ने कई उल्लेखनीय उपलब्धियां अर्जित की हैं और कौशल शिक्षा के क्रियान्वयन को लेकर भी विश्वविद्यालय अग्रणी भूमिका निभा रहा है। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय की डीन एकेडमिक प्रोफेसर ज्योति राणा ने बताया कि विश्वविद्यालय की प्रगति को लेकर एक वार्षिक रिपोर्ट भी जारी होगी। वार्षिक उत्सव को लेकर विद्यार्थियों में काफी उत्साह है और इस दौरान विद्यार्थी कुछ सांस्कृतिक

# बच्चों के 70 से 80 प्रतिशत कैंसर का इलाज संभव

### आरजीकॉन 2023 में बच्चों में होने वाले कैंसर को लेकर होगा विमर्श

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



देश में होने वाले सबसे बड़े वार्षिक अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में शुमार आरजीकॉन के 21वें संस्करण का आयोजन 24 से 26 फरवरी, 2023 को नई दिल्ली में होगा। इस साल कॉन्फ्रेंस की थीम 'बच्चों एवं किशोरों में कैंसर का इलाज' है।

दुनियाभर में कैंसर पीड़ित 80 प्रतिशत बच्चे निम्न एवं मध्यम आय वाले देशों में हैं। इसे ध्यान में रखते हुए आरजीकॉन का लक्ष्य देश में बच्चों में होने वाले कैंसर के बेहतर प्रबंधन को बढ़ावा देना है। टीएमएच मुंबई, टीएमसी कोलकाता, एम्स दिल्ली, पीजीआई चंडीगढ़ आदि जैसे सभी अग्रणी अस्पतालों के 200 से ज्यादा विशेषज्ञ इस दौरान अपना ज्ञान साझा करेंगे। अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और कनाडा के अग्रणी कैंसर केयर अस्पतालों के 12 अंतरराष्ट्रीय स्तर के चिकित्सक भी इस दौरान नई थेरेपी व अपने अनुभवों के बारे में बताएंगे।

आरजीकॉन 2023 की ऑर्गनाइजिंग चेयरपर्सन एवं राजीव गांधी कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर (आरजीसीआईआरसी) दिल्ली की डायरेक्टर पीडियाट्रिक हेमैटोलॉजी एंड ओंकोलॉजी डॉ. गौरी कपूर ने कहा, 'आरजीकॉन 2023 का लक्ष्य बच्चों में होने वाले कैंसर के विविध पहलुओं के नवीनतम अपडेट को साझा करना हैं।' आरजीकॉन में हिस्सा लेने वाले न केवल पीडियाट्रिक हेमैटोलॉजी-ओंकोलॉजी के विशेषज्ञ होंगे, बल्कि इसमें सर्जिकल, रेडियोथेरेपी, रेडियोलॉजी और पैथोलॉजी के विशेषज्ञ भी शामिल होंगे। बच्चों में होने वाले कैंसर के विभिन्न पहलुओं को समेटते हुए आरजीकॉन 2023 में 7 कार्यशालाएं होंगी। इनमें बीमारी के प्रबंधन में मल्टीडिसिप्लिनरी केयर के महत्व पर जोर दिया जाएगा।

वयस्कों से इतर बच्चों में होने वाले कैंसर में इलाज की संभावना ज्यादा होती है। पिछले कुछ दशकों में इस क्षेत्र में व्यापक तरक्की हुई है और आज की तारीख में बच्चों में होने वाले कैंसर के 70 से 80 प्रतिशत मामले इलाज योग्य हैं। इलाज की संभावना केवल नई दवाओं के कारण ही नहीं बढ़ी है, बल्कि विशेषतौर पर तैयार प्रोटोकॉल, बेहतर एंटीबायोटिक्स, एंटी फंगल दवाओं का विकास, ब्लड कंपोनेंट की उपलब्धता और मेडिकल एवं नर्सिंग से जुड़े लोगों के प्रशिक्षण से भी यह संभव हुआ है।

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 22 फरवरी, 2023



## मध्य प्रदेश का आदेश

### शराब बिक्री पर लगाम

**मध्य** प्रदेश सरकार ने सभी 'बार दूकानों' को बंद करने के आदेश दिए हैं जिनमें 'अहाता' भी शामिल हैं। अहाता शराब की दूकानों से सटे वे स्थल हैं जहां मदिरापान की अनुमति थी। हालांकि, दूकानों को शराब बेचने की अनुमति दी गई है। कहा जाता है कि यह निर्णय प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती की मांग पर किया गया है जो राज्य में पिछले कुछ महीने से 'नियंत्रित शराब नीति' की गांग कर रही थीं। यह नीति शराब सेवन को हतोत्साहित करने के लिए है। उमा भारती ने मध्य प्रदेश सरकार की नई शराब नीति को एक ऐतिहासिक व क्रांतिकारी कदम बताया है। उन्होंने इसके लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का सभी नागरिकों, खासकर महिलाओं की ओर से अभिनंदन भी किया है। नई नीति में शराब की दूकान के भीतर बार में या उसके निकट अहातों में शराब पीने पर लगाम के साथ ही शराब पीकर वाहन चलाने पर कठोर सजा का प्राविधान किया गया है। इस प्रकार प्रयास किया जा रहा है कि मध्य प्रदेश में एक आदर्श शराब नीति का विकास किया जाए जिसमें शराब न पीने वाले नागरिकों की सुविधा का भी ध्यान रखना जरूरी हो। शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में मध्य प्रदेश सरकार राज्य के चहुमंखी विकास का प्रयास कर रही है। इस दृष्टिकोण से राज्य में देशी-विदेशी निवेश आकर्षित करने के साथ ही धार्मिक पर्यटन को प्रोत्साहित करने के यथासंभव अधिकाधिक प्रयास किए जा रहे हैं। इंदौर में महाकाल मंदिर को काशी विश्वनाथ धाम तथा अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर की तर्ज पर सजाया-संवारा गया है। शिवरात्रि को शिप्रा नदी के नट पर भव्य दीपोत्सव ने अब तक के सारे रिकार्ड तोड़ दिए हैं। इन परिस्थितियों में सार्वजनिक स्थलों पर मदिरापान को हतोत्साहित करने को गलत नहीं कहा जा सकता है, लेकिन भाजपा के आलोचक इसे 'नैतिकता थोपने' का प्रयास कह रहे हैं।




वैसे तो बिहार में भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अप्रैल, 2016 में पूर्ण शराबबंदी लागू की है, पर राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण 2019-20 के अनुसार बिहारी महाराष्ट्रवासियों की तुलना में ज्यादा मदिरा उपभोग करते हैं। इसका अर्थ है कि बिहार में 'शराबबंदी' का प्रयोग विफल रहा है, नकली या जहरीली शराब पीकर मरने वालों की संख्या काफी अधिक है तथा न्यायपालिका व पुलिस पर भी बोझ बढ़ा है। इससे नीतीश कुमार पर यह नीति वापस लेने या उसे कम से कम हल्का करने का दबाव है, लेकिन वे अपनी जिद पर अड़े हुए हैं। मध्य प्रदेश सरकार द्वारा सुश्री उमा भारती की मांग मानने से उनका कद भी बढ़ेगा। उल्लेखनीय है कि उमा भारती ने दिग्विजय सिंह के नेतृत्व में दो कार्यकाल पूरी करने वाली कांग्रेस सरकार को सत्ता से हटाने में सफलता पाई थी। वे राज्य की मुख्यमंत्री रहने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कैबिनेट में मंत्री भी रहीं। मध्य प्रदेश में कुछ महीने बाद विधानसभा चुनाव होंगे, ऐसे में स्वाभाविक है कि शिवराज सिंह चौहान भाजपा के समर्थन में जनमत मजबूत करने का प्रयास कर रहे हैं और वे उमा भारती के प्रशंसकों को भी मजबूती से अपने साथ जोड़ना चाहते हैं। लेकिन अतीत में सुश्री उमा भारती द्वारा प्रदर्शित अतिवादी दृष्टिकोण के चलते कुछ राजनीतिक विश्लेषकों को आशंका है कि कहीं वे अपनी इस 'उपलब्धि' से अति-उत्साहित होकर पूर्ण शराबबंदी की मांग न करने लगें। लेकिन बिहार में 'शराबबंदी' के कारण पैदा समस्याओं तथा राजस्व का घाटा देखते हुए भाजपा ऐसा कदम उठाने से पहले बार-बार सोचेगी। बिहार में भाजपा नीतीश के बार-बार पालाबदल से त्रस्त होकर अकेले चुनाव मैदान में उतरने की तैयारी कर रही है। उसे शराब नीति पर अपना पक्ष संतुलित रूप से रखना होगा। ऐसे में मध्य प्रदेश सरकार की नई शराब नीति का स्वागत किया जाना चाहिए जो पूर्णत: संतुलित तथा सबके अधिकारों की रक्षा करने वाली है।

# आयकर में क्रांतिकारी परिवर्तन

केन्द्रीय बजट द्वारा प्रस्तावित नई आयकर व्यवस्था महत्वपूर्ण है। इससे लोगों के पास खर्च के लिए ज्यादा पैसा बचेगा जिससे अर्थव्यवस्था की प्रगति तेज होगी।



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)




वर्ष 2023-24 के बजट में वित्त मंत्री सुश्री निर्मला सीतारमण ने व्यक्तिगत आयकर ढांचे में कुछ महत्वपूर्ण परिवर्तन किए हैं। इसे समझने के लिए पहले हमें देखना चाहिए कि उन्होंने बजट 2020-21 में क्या किया था। उस समय सीतारमण ने घोषणा की थी कि वे ऐसी व्यवस्था बनाना चाहती हैं जो सरल हो, अनेक रियायतों व छूटों की जटिलताओं से मुक्त हो तथा करदाताओं पर कर दायित्व का बोझ घटाया जाए ताकि उनके पास खर्च के लिए ज्यादा पैसा बचे। अर्थव्यवस्था के दृष्टिकोण से इसके पीछे मांग बढ़ाने व आर्थिक वृद्धि को गति देने का विचार था।

2020-21 के पहले पुरानी व्यवस्था में 250,001-500,000 प्रति वर्ष आय पर 5 प्रतिशत, 500,000 से अधिक पर 1,000,000 से कम आय पर 20 प्रतिशत टैक्स था, जबकि 1,000,000 से अधिक आय पर 30 प्रतिशत भुगतान करना होता था। लेकिन व्यक्तियों को अनेक प्रकार की छूटों व रियायतों का प्रस्ताव किया गया था जिससे उनके कर दायित्व में काफी कमी आती थी। उदाहरण के लिए, 1,500,000 वार्षिक आयकर वाले व्यक्ति को 375,000 तक केवल 150,000 रुपये टैक्स देना होता था क्योंकि धारा 80सी में 150,000, धारा 80डी में 25,000 तथा धारा 24 के अंतर्गत 200,000 की रियायत थी। ऐसा न होने पर उसे 112,500 रुपये और देने पड़ते। लेकिन इस कर राहत के लिए उसे 375,000 रुपये दीर्घकालीन निवेश करना पड़ता था। इसके साथ ही टैक्स के रूप में 150,000 अदा करने के बाद उसकी आय से कुल 525,000 निकल जाते थे और उसके पास तात्कालिक उपभोग आवश्यकताओं के लिए केवल 975,000 बचते थे।

लेकिन कम कमाई वाले लोगों, खासकर 1,000,000 से कम आय वालों के पास निवेश के लिए अतिरिक्त धन नहीं होता था और कर छूटें न मिलने के कारण उनको ज्यादा टैक्स देना पड़ता था। करदाताओं को बेहतर जीवन जीने में बाधा के साथ ही यह कर व्यवस्था मांग घटा कर अर्थव्यवस्था की प्रगति प्रभावित करती थी। इन सरोकारों को संबोधित करने के लिए वित्त मंत्री ने 2020-21 के बजट में एक और विकल्प दिया। 250,001-500,000 वार्षिक आय पर 5 प्रतिशत कर बनाए रखते हुए 500,000 से अधिक आय पर सरकार ने 500,001-750,000 तक 10 प्रतिशत, 750,001-1,000,000 तक 15 प्रतिशत, 1,000,001-1,250,000 तक 20 प्रतिशत, 1,250,001-150,000 तक 25 प्रतिशत तथा 1,500,000 से अधिक आय पर 30 प्रतिशत टैक्स का प्राविधान था। इस व्यवस्था में किसी छूट या रियायत का प्राविधान नहीं था। लेकिन लोगों को नई व्यवस्था में जाने या पुरानी व्यवस्था में बने रहने का विकल्प दिया गया था।

2021-22 व 2022-23 में व्यक्तिगत आयकर में कोई परिवर्तन नहीं किया गया। लेकिन नई व्यवस्था ने चीजों को बेहतर नहीं बनाया। इस व्यवस्था में 1,500,000 कमाने वाले व्यक्ति को 187,500 टैक्स देना पड़ता था जो पुरानी व्यवस्था के 150,000 से काफी अधिक था। इसका कारण यह है कि पुरानी व्यवस्था में दरों में कटौती काफी नहीं थी जिससे रियायतों या छूटों से इनकार किया जा सकता। 2023-24 के बजट में पुरानी व्यवस्था में कोई परिवर्तन न करते हुए सीतारमण ने 300,000 तक आय को आयकर से बाहर रखने के साथ ही 300,001-600,000 तक 5 प्रतिशत, 600,001-900,000 तक 10 प्रतिशत, 900,001-1,200,000 तक 15 प्रतिशत, 1,200,001-1,500,000 तक 20 प्रतिशत तथा 1,500,000 से ऊपर आय पर 30 प्रतिशत कर का प्राविधान रखा। इसके साथ ही 700,000 तक वार्षिक आय पर कोई टैक्स न लगाने का प्राविधान किया।

यह 2020-21 से काफी सुधार है। इसके अंतर्गत 1,500,000 वार्षिक आय तक व्यक्ति को 150,000 टैक्स के तौर पर देना होगा जो 2020-21 के पैकेज में 187,500 भुगतान से काफी कम है। लेकिन यह धनराशि पुरानी व्यवस्था में भुगतान के समान है। ऐसे में स्वाभाविक सवाल उठता है कि उन्होंने नई व्यवस्था क्यों लागू की? नई परिवर्तित व्यवस्था का लाभ यह है कि टैक्स अदा करने के बाद व्यक्ति के पास 1,350,000 नकद बचता है, जबकि पुरानी व्यवस्था में उसके पास केवल 975,000 बचते थे।

पुरानी व्यवस्था के अंतर्गत वेतनभोगी लोग 50,000 रुपये मानक कटौती का दावा कर सकते थे, पर यह बाद में समाप्त कर दिया गया था। इससे नई व्यवस्था से और लाभ मिलता है। कम आय वाले व खासकर प्रति वर्ष 1,000,000 से कम आय वाले लोगों के पास निवेश के लिए अतिरिक्त पैसा नहीं होता था, उनके लिए नई व्यवस्था ज्यादा अच्छी है। इसके साथ ही नई व्यवस्था में 300,000 तक रियायत है, जबकि पुरानी व्यवस्था में यह 250,000 बनी हुई है। इसके साथ ही स्लैबों पर कर की दर काफी घटी है। इस प्रकार 900,000 कमाने वाले व्यक्ति को 5 प्रतिशत आयकर पर 45,000 रुपये देने होते हैं। इसके अलावा वार्षिक आय 700,000 होने पर टैक्स दायित्व 'शून्य' होगा, जबकि पुरानी व्यवस्था के अंतर्गत उसे 52,500 रुपये टैक्स देना पड़ेगा।

सितंबर, 2019 में वित्त मंत्री ने कार्पोरेट आयकर-सीआईटी में भारी कमी की घोषणा की। नए विनिर्माण उद्यमों के लिए यह 15 प्रतिशत तथा कार्यरत फर्मों के लिए 22 प्रतिशत है। ऐसे में व्यक्तिगत आयकर-पीआईटी के अधिक बने रहने से इसकी सीआईटी से विसंगति बन गई थी। 2020-21 के बजट में पीआईटी में कमी से यह विसंगति दूर करने में सहायता नहीं मिली थी। परिवर्तित योजना में पीआईटी में और कटौती से यह लगभग सीआईटी के समान हो गया है। इस प्रकार 900,001-1,200,000 तक आय वाले व्यक्तियों को 5 प्रतिशत, जबकि 7,00,001-900,000 आय वालों को 10 प्रतिशत तथा 700,000 तक आय पर कोई टैक्स नहीं देना होगा। 2020-21 के बजट में वित्त मंत्री ने डिविडेंट डिस्ट्रीब्यूशन टैक्स-डीडीटी को समाप्त कर दिया था। 1 अप्रैल, 2020 से डिविडेंट पर टैक्स शेयरधारकों को देना था। लेकिन पुरानी व्यवस्था में उनको इस परिवर्तन से लाभ नहीं हुआ था क्योंकि उसमें 1,00,000 पर पीआइटी दर 30 प्रतिशत थी जो 2020-21 से पहले भुगतान की जाने वाली डीडीटी की 20 प्रतिशत दर से बहुत अधिक थी। यहां तक कि 500,001-1,000,000 पर कर की 20 प्रतिशत दर डीडीटी के समान थी। नई परिवर्तित व्यवस्था में जहां 600,001-900,000 तक कर की दर 10 प्रतिशत तथा 900,001-1,200,000 तक 15 प्रतिशत है। इससे शेयरधारकों को स्वयं को मिलने वाले डिविडेंट पर टैक्स देकर भी लाभ होगा।

संक्षेप में कहें तो मोदी सरकार ने व्यक्तिगत आयकर-पीआईटी व्यवस्था को काफी आकर्षक बना दिया है इससे करदाताओं की संख्या में भी व्यापक बढ़ोत्तरी की आशा है। इससे छूटों और रियायतों का युग भी समाप्त होगा। इससे कुल मांग बढ़ाने में भी सहायता मिलेगी जिससे निवेश बढ़ने के साथ अर्थव्यवस्था की गति तेज होगी। लेकिन पूंजीगत लाभ कर-सीजीटी व्यवस्था पर भी गौर करना जरूरी है। वर्तमान समय में पूंजीगत लाभ कर-सीजीटी की दरें परिसंपत्तियों के प्रकार पर निर्भर हैं जिनमें इक्विटी शेयर, बांड, रियल स्टेट, होल्डिंग पीरियड, आदि शामिल हैं। बांडों के सूचीबद्ध होने या न होने की स्थिति में भी दरें अलग-अलग हैं। करों के इस अत्यधिक अंतर वाले ढांचे से मनमानेपन, दुरुपयोग, करापवंचन तथा लंबी मुकदमेबाजी की आशंका पैदा होती है। ऐसे में सीजीटी व्यवस्था को तत्काल सरल और मानक बनाने की आवश्यकता है। होल्डिंग पीरियड के भीतर या बाहर व्यक्तिगत समझौतों के आधार पर परिसंपत्तियों के सृजन पर पूंजीगत लाभ कर संबंधित वर्ष में व्यक्तिगत आय से अतिरिक्त होता है, फिर चाहे वे बांड सूचीबद्ध हों या नहीं। इसलिए इस आय को कुल आय के स्लैब के अंतर्गत लाया जाना चाहिए और सभी स्त्रोतों को एकसाथ रखा जाना चाहिए।

# सर्वाइकल कैंसर से महिलाओं को बचाना संभव

"टीकों से संबंधित गलत सूचनाओं को खत्म करने के लिए प्रभावी संचार रणनीतियां टीकों के उपयोग को बढ़ावा देंगी और सर्वाइकल कैंसर से लड़ने में मदद करेंगी।"



**के विश्वनाथ** **धृती धवन** **रम्या पिन्नामनेनी**

जबकि 'कैंसर' शब्द भय, लाचारी और भाग्यवाद को उद्घाटित करता है, वास्तविकता यह है कि मानव शरीर को व्याधिग्रस्त करने वाले लगभग 30-50 प्रतिशत किस्म कैंसर रोके जा सकते हैं। सर्वाइकल कैंसर, गर्भाशय में गर्भाशय ग्रीवा का कैंसर, उन कैंसरों में से एक है जिसे रोका जा सकता है। भारत में सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में होने वाले कैंसर का दूसरा सबसे आम प्रकार है। वैश्विक सर्वाइकल कैंसर के अनुमानों की तुलना में, भारत में घटनाओं की दर के साथ-साथ मृत्यु दर भी अधिक देखने को आती है। भारत में सर्वाइकल कैंसर के निदान वाले रोगियों की पांच साल की जीवित रहने की दर 46 प्रतिशत है, जो विकसित देशों (66 प्रतिशत) के साथ-साथ चीन जैसे पड़ोसी एशियाई देशों (67 प्रतिशत) की तुलना में बहुत कम है। सर्वाइकल कैंसर अपेक्षाकृत युवा महिलाओं को असमान रूप से प्रभावित करता है। जानकारी के अनुसार, होने वाले 95 प्रतिशत से अधिक सर्वाइकल कैंसर के मामलेह्यूमन पैपिलोमावायरस (एचपीवी) के कारण होते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन सर्वाइकल कैंसर को खत्म करने के प्राथमिक दृष्टिकोण के रूप में एचपीवी के खिलाफ टीकाकरण की सिफारिश करता है। शोधों से यह पता चलता है कि एचपीवी टीकाकरण 15 वर्ष से कम उम्र की लड़कियों को दिए जाने पर सबसे अधिक सुरक्षा प्रदान करता है।

जबकि टीकाकरण एचपीवी स्क्रीनिंग की आवश्यकता को समाप्त नहीं करता है, यह निश्चित रूप से उच्च जोखिम वाले एचपीवी से बचाता है, जिससे यह गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर की रोकथाम की रणनीति का एक अनिवार्य घटक बन जाता है।

भारत के राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण 5 (2019-2021) में, महिलाओं ने स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंचने में समस्याओं के रूप में धन, दूरी और स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए परिवहन, और महिला स्वास्थ्य प्रदाता की अनुपलब्धता का हवाला दिया। स्वास्थ्य सेवा तक सीमित पहुंच शुरुआती पहचान में बाधा डालती है। इसलिए एचपीवी के खिलाफ टीका लगवाना, एचपीवी के प्रसार को काफी कम कर सकता है और सर्वाइकल कैंसर की घटनाओं को कम कर सकता है। बाल विवाह एचपीवी और सर्वाइकल कैंसर के संपर्क और संचरण के जोखिम को भी बढ़ाते हैं। भारत में हर साल 18 साल से कम उम्र की कम से कम 15 लाख लड़कियों की शादी हो जाती है। एचपीवी टीकाकरण के दीर्घकालिक लाभ हो सकते हैं। सर्वाइकल कैंसर के महत्वपूर्ण बोझ को देखते हुए, भारत के लिए एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम में निवेश करना सही समय होगा। भारत ने समय-समय पर बड़े पैमाने पर टीकाकरण कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक चलाने की अपनी क्षमता साबित की है।

नियमित बचपन टीकाकरण कार्यक्रम चलाने के अलावा, कोविड-19 को नियंत्रित करने और रोकने के लिए दुनिया का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान चलाने से भारत के टीकाकरण के बुनियादी ढांचे को ही मजबूत किया है। कोविड-19 टीकाकरण कवरेज को ट्रैक करने और सुनिश्चित करने के लिए बनाए गए कोविन जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म को एचपीवी टीकाकरण की पात्रता के साथ-साथ कवरेज के लिए लाभार्थियों को ट्रैक करने के लिए अनुकूलित किया जा सकता है।

टीके जान बचाते हैं। यह पोलियो, खसरा, टिटनेस और हाल ही में, कोविड-19 के खिलाफ टीकों द्वारा व्यापक रूप से सिद्ध किया गया है। सर्वाइकल कैंसर के कारण रुग्णता और मृत्यु दर को रोकने में एचपीवी टीके सुरक्षित और प्रभावी साबित हुए हैं। हालांकि, 2006 से एचपीवी वैक्सीन की वैश्विक उपलब्धता और इसकी प्रभावकारिता के साक्ष्य के बावजूद, कई चुनौतियों के कारण वैक्सीन की गति कुछ कम है।

इस मामले में सबसे पहले, टीके की लागत इसे प्राप्त करने में सबसे बड़ी बाधा है, विशेष रूप से विकासशील देशों में। दूसरा, महिला रुग्णता और मृत्यु दर पर सर्वाइकल कैंसर के प्रभाव और परिणामों के बारे में विभिन्न जनता के बीच ज्ञान का अभाव है। तीसरा, यह धारणा कि एचपीवी केवल एक यौन संचारित रोग है, बातचीत को हतोत्साहित करता है। अंत में, टीका गलत सूचना व्यापक है।

टीकों से संबंधित जागरूकता पैदा करने और गलत सूचनाओं को दूर करने के लिए प्रभावी संचार रणनीतियां टीकों के उपयोग को बढ़ावा देंगी। एचपीवी टीकों के आसपास संचार को टीके के कई लाभों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, जिसमें अत्यधिक प्रचलित कैंसर को रोकने के साथ-साथ रोग और उसके उपचार के सामाजिक-आर्थिक प्रभाव शामिल हैं।

अभियानों को अपने दर्शकों की सामाजिक-सांस्कृतिक संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए संदेशों को अनुकूलित करना चाहिए। एचपीवी टीकों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और आशा सहित स्वास्थ्य कर्मियों और शिक्षकों को भी शामिल करना, टीके के उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिए एक प्रभावी रणनीति हो सकती है। संदेशों को बड़े पैमाने पर प्रसारित करने और व्यापक-आधारित जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए, मास- और सोशल मीडिया आवश्यक हैं।

जन लामबंदी रणनीतियों के साथ टीकाकरण में भारत का एक प्रभावशाली ट्रैक रिकॉर्ड है। इस मामले में इस तरह के जन आंदोलन, जन आंदोलन की जरूरत है। हमारे पास सर्वाइकल कैंसर को खत्म करने का एक अविश्वसनीय अवसर है जैसा कि हम भारत में जानते हैं। एचपीवी टीकाकरण विज्ञान, तर्क, अर्थशास्त्र और नैतिकता पर आधारित एक व्यवहार्य और प्रभावी रणनीति है। यह उस पीड़ा को समाप्त करने का एक अवसर है जो महिलाओं और लड़कियों को असमान रूप से प्रभावित करती है।

## आप की बात

### यूक्रेन का समर्थन

**यूक्रेन** में रूसियों का मानवता के खिलाफ अपराध को शुरू हुए अब एक वर्ष होने को आये हैं। इस बीच कई विश्व नेताओं ने राजधानी कीव का दौरा किया। ब्रिटेन के तत्कालीन पीएम बोरिस जॉनसन के साथ-साथ वर्तमान प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने भी वहां का दौरा किया। इसके अलावा फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रान, इतालवी प्रधान मंत्री मारियो ड्रैगी, जर्मन चांसलर ओलाफ शुल्ज़ और रोमानियाई राष्ट्रपति क्लॉस इओहनीस ने यूक्रेन पहुंचकर ज़ेलेन्स्की की हिम्मत बढ़ाई। मगर इन सब से परे सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने पूरी दुनिया को चौंकाते हुए पोलैंड के रास्ते 10 घंटे की ट्रेन का सफर कर कीव पहुंचे। इससे पहले 2008 में जॉर्ज बुश ने वहां का दौरा किया था मगर वो शान्ति के दिन थे। कुछ ही घंटों की सही, पर बाइडेन ने यह यात्रा कर क्रेमलिन को यह संदेश दे दिया है कि यूक्रेन को कमजोर एवं असहाय समझने की भूल न करें। जबतक यूक्रेन को सैन्य साजोसामान की जरुरत होगी उसे अमेरिका देता रहेगा। बाइडेन की यूक्रेन यात्रा परोक्ष रूप से चीन के लिए भी संदेश है कि वह ताइवान में सैनिक द:साहस करने की सोचे भी नहीं। लेकिन इससे पश्चिमी दुनिया तथा रूस-चीन धुरी के बीच टकराव बढ़ने की आशंका पैदा हुई है।

**जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### पुरानी पेंशन की मांग

**पुरानी** पेंशन योजना पर विवाद बढ़ता जा रहा है। चुनाव आते ही पुरानी पेंशन योजना का मुद्दा बाहर आ जाता है। राजनीतिक पार्टियां इसके माध्यम से अपना वोट बैंक बढ़ाना चाहती हैं। हरियाणा में चुनावों का मौसम आते ही राज्य के कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन योजना की बहाली को लेकर सरकार पर दबाव बनाना शुरू कर दिया। हजारों कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन योजना की बहाली को लेकर पंचकूला में जोरदार प्रदर्शन कर रहें है। देश के अर्थशास्त्री और राजनेता पुरानी पेंशन योजना को लेकर जो बयान दे रहे हैं वे तर्कसंगत नहीं हैं क्योंकि राज्य के विधायक और सांसद खुद कई-कई पेंशन ले रहे हैं। क्या कर्मचारियों को अपनी वृद्धावस्था के दौरान सुरक्षित महसूस करने का अधिकार नहीं है। यदि कर्मचारी 30-35 साल की नौकरी करता है और उसे बुढ़ापे की उम्र में पेंशन भी नहीं मिलती है तो वे गुड गवर्नेंस में भागीदारी कैसे कर सकते हैं? क्या आज देश की आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं है कि वह छह दशक से चल रही पेंशन योजना को आगे जारी रख सके? यदि ऐसा है तो सरकार सांसद विधायकों की हर कार्यकाल पर मिलने वाली पेंशन समाप्त क्यों नहीं करती?

**प्रियंका सौरभ,** हिसार


### भारत की मानवीयता

**तुर्की** और सीरिया में भयंकर भूकंप ने तबाही मचाई थी। भारत सरकार ने एनडीआरएफ के 151 कर्मियों की टीम और 3 डॉग स्क्वाड भेज कर मानवीय सहायता का उत्कृष्ट उदाहरण दिया है। भारत में भी जहां भी प्राकृतिक आपदा आती है ये कर्मी अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभाते हैं। तुर्की में भी एनडीआरएफ ने पूरी मुस्तैदी के साथ स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर बचाव कार्य किए हैं जिसकी प्रशंसा तुर्की के जनता ने शानदार विदाई रूप में की है। एनडीआरएफ के सभी कर्मियों की भारत वापसी पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुलाकात कर इनका हौसला बढ़ाया है और सफल ऑपरेशन दोस्त पर शुक्रिया अदा किया है। विश्व में जहां कहीं प्राकृतिक आपदा एवम शांति बहाली की बात हो भारत की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। कोरोना के समय दुनिया के अनेक देशों को भारत ने वैक्सीन उपलब्ध कराई। वसुधैव कुटुंबकम की भावना के अनुरूप किए गए इस मानवीय कार्यों से दुनिया भर में भारत की साख बढ़ी है और विश्व समुदाय ने इस नेक कार्य के लिए भारत की सराहना की है।

**वीरेंद्र कुमार जाटव,** दिल्ली

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**शिवसेना** का नाम और उसका धनुष-बाण निशान लेने के लिए 2,000 करोड़ का समझौता हुआ।

**- संजय राउत**
शिवसेना-उद्धव नेता



**ऐसी** निराधार टिप्पणियां निर्वाचन आयोग व सर्वोच्च न्यायालय जैसी स्वतंत्र संस्थाओं का सम्मान गिराने का प्रयास है।

**- सुधीर मुनगंटीवार**
महाराष्ट्र भाजपा नेता



**निर्वाचन** आयोग ने 'दूध का दूध, पानी का पानी' कर दिया। यह 'सत्यमेव जयते' है।

**- अमित शाह**
केन्द्रीय गृह मंत्री






विधानमंडल के बजट सत्र का दूसरा दिन

# जनप्रतिनिधि के रूप में अत्यंत संघर्षमय होता है एक जनसेवक का जीवन: योगी

● पूर्व विधानसभा अध्यक्ष केशरी नाथ त्रिपाठी सहित दोनों सदनों के पूर्व सदस्यों के निधन पर सीएम ने जताया शोक

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ




**विधानमंडल** के बजट सत्र के दूसरे दिन वर्तमान विधानसभा के सदस्य राहुल प्रकाश कोल के अलावा केशरी नाथ त्रिपाठी समेत 15 पूर्व सदस्यों के निधन पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने शोक जताया। सदन में निर्धारित कार्यसूची के अनुसार प्रश्नकाल नहीं लिया गया और सदन की कार्यवाही 11 बजे शुरू हुई तो सीधे निधन की सूचनाएं स्वीकार की गई।

सदन के सदस्यों को श्रद्धांजलि देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जनप्रतिनिधि के रूप में एक जनसेवक का जीवन अत्यंत संघर्षमय होता है। उसे पग-पग पर अग्निपरीक्षा देनी होती है। बहुत से ऐसे लोग जिनके पास विजन तथा प्रतिभा होती है वे राजनीतिक जीवन में आने में संकोच करते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान विधानसभा के सदस्य राहुल प्रकाश कोल का दो फरवरी 23 को 40 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे युवा राजनीतिज्ञ थे। कोल छात्र जीवन से ही राजनीति में सक्रिय रहे। वे 2017 व 2022 में सदन के सदस्य के रूप में निर्वाचित हुए। अत्यंत विनम, व्यवहारकुशल व समर्पित जननेता होने के साथ ही अपने विधानसभा क्षेत्र, गरीबों-वंचितों और वनवासी क्षेत्र के विकास के लिए सतत प्रयत्नशील रहे। सेवा भाव के कारण अपने क्षेत्र में अत्यंत ही लोकप्रिय जननेता के रूप में उभर रहे थे। राहुल कोल के निधन से प्रदेश ने युवा नेता व कुशल राजनीतिज्ञ को खो दिया है। उनका निधन समाज की अपूर्णनीय क्षति है।

इसके साथ ही सीएम ने विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष व पूर्व राज्यपाल केशरी नाथ त्रिपाठी के निधन पर भी शोक जताया। नेता सदन ने कहा कि 8 जनवरी 23 को 88 वर्ष की अवस्था में उनका निधन हो गया था। केशरी नाथ त्रिपाठी ने प्रारंभिक जीवन की शुरुआत अधिवक्ता के रूप में की थी। वे 1977 में जनता पार्टी से झूंसी विधान सभा से 1989, 1991, 1993, 1996 व 2002 में भाजपा से प्रयागराज से विधानसभा सदस्य के रूप में निर्वाचित हुए। वे रामनरेश यादव मंत्रिमंडल के सदस्य भी रहे। 1991ए 1997 व 2002 में तीन बार निर्विरोध विधानसभा अध्यक्ष बने। सीएम ने कहा कि त्रिपाठी जुलाई 2014 से जुलाई 2019 तक पश्चिम बंगाल के राज्यपाल रहे। इसके अलावा बिहार, मेघालय व मिजोरम के राज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया। वे इलाहाबाद उच्च न्यायालय में वरिष्ठ अधिवक्ता व बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रहे। उन्होंने अनेक काव्य संग्रह की रचना की। उन्हें हिंदी गरिमा सम्मान, आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी सम्मान, वागीश्वरी समेत अनेक सम्मान दिए गए। उनका निधन यूपी के साथ भारतीय राजनीति के लिए अपूर्णीय क्षति है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व सदस्यों कौशांबी से रामचरण त्रिपाठी, वाराणसी से अमरनाथ यादव, बांदा से जगन्नाथ सिंह परमार, अलीगढ़ से त्रिलोकीराम, अयोध्या से मथुरा प्रसाद तिवारी, संभल से ब्रजपाल सिंह, कन्नौज से विजय बहादुर पाल, संभल से सत्यप्रकाश, प्रयागराज से विक्रमाजीत मौर्य, बाराबंकी से सुंदरलाल दीक्षित, कासगंज जसबीर सिंह, अलीगढ़ संजीव राजा, कन्नौज बनवारी लाल दोहरे, कानपुर देहात रामस्वरूप सिंह के दिवंगत होने पर भी श्रद्धासुमन अर्पित किया।

# योजनाओं का भौतिक व वित्तीय सत्यापन करें अधिकारी:सूर्य प्रताप शाही

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



● कृषि मंत्री ने वित्तीय वर्ष 2022-23 की समाप्ति से पूर्व विभाग के अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

● अक्टूबर में होने वाले किसान महाकुम्भ की अभी से तैयारी करें: अपर मुख्य सचिव

**कृषि** मंत्री सूर्यप्रताप शाही द्वारा कृषि भवन के सभागार में समस्त योजनाधिकारियों के साथ वित्तीय वर्ष 2022-23 की समाप्ति को देखते हुए समीक्षा बैठक की गयी, जिसमें वित्तीय समीक्षा करते हुए समस्त योजनाधिकारियों से परियोजनावार प्रत्येक बिन्दु पर वित्तीय एवं भौतिक समीक्षा कर केन्द्र पोषित एवं राज्य पोषित योजनाओं में आंवटित धनराशि को ससमय व्यय करने के सख्त निर्देश दिये गए। किसानों को बीज, कृषि रक्षा रसायन खरीदने के पश्चात डीबीटी द्वारा तत्काल अनुदान की धनराशि कृषकों के खाते में ट्रान्सफर करने के भी निर्देश दिये गए। श्री शाही ने विभाग द्वारा चलाये जा रहे कृषि यन्त्रीकरण योजना के अन्तर्गत कृषकों को अनुदान तत्काल उनके खातों में डीबीटी के माध्यम से कराये जाने के निर्देश दिये। परियोजनाधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि प्रधानमन्त्री किसान उर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महा अभियान के अन्तर्गत 30 हजार सोलर पम्प के लक्ष्य के विपरीत 25,579 सोलर पम्प का आवंटन कर दिया गया है। अपर मुख्य सचिव कृषि द्वारा माह अक्टूबर में होने वाले किसान महाकुम्भ के आयोजन के सम्बन्ध में संयुक्त कृषि निदेशक को निर्देशित किया कि किसान महाकुम्भ की तैयारी अभी से प्रारम्भ कर दी जाये। जिससे आयोजित होने वाले किसान महाकुम्भ से किसानों को नवीन तकनीक की जानकारी के साथ विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी से जागरूक किया जा सके तथा आयोजित किसान महाकुम्भ राष्ट्रीय स्तर का बनाया जा सके। 26 जनवरी 2023 को विधान भवन के सामने से निकाले जाने वाली झांकी में कृषि विभाग की झांकी को मिली ट्रॉफी को कृषि निदेशक ने कृषि मंत्री को सोंपा। बैठक में कृषि राज्य मन्त्री बलदेव सिंह औलख, अपर मुख्य सचिव कृषि डा. देवेश चतुर्वेदी, कृषि निदेशक विवेक कुमार सिंह के साथ कृषि निदेशालय के समस्त योजनाधिकारी तथा सभी वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# एससी-एसटी छात्राओं के दल ने विधानसभा का किया भ्रमण



**लखनऊ।** कौशल विकास योजना के तहत बहराइच जिले से अध्यनरत अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति की 91 छात्राओं के एक दल ने मंगलवार को विधानसभा का भ्रमण किया। छात्राओं के इस दल को 105 दिनों का आवासीय प्रशिक्षण लखनऊ में दिया जा रहा है। विधायक अनुपमा जायसवाल के नेतृत्व में छात्राओं के इस दल ने विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना से मुलाकात की। छात्राओं ने विधान सभा के अध्यक्ष के साथ सभामंडप एवं नवीनीकृत गैलरी आदि को देखकर इसकी सराहना की। सभी छात्राओं कहा कि यहां आना हम सबके लिए एक दिवा स्वपन जैसा रहा। जहां विधान सभा के अध्यक्ष, मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ, नेता प्रतिपक्ष अखिलेश के अलावा सामाजिक सरोकारों से जुड़े विभिन्न प्रतिभा के 401 अन्य सदस्य यहां बैठक करतें हैं। अध्यक्ष विधान सभा से वार्तालाप कर उनके लिए यहां आना एक सुखद अनुभूति रही।

## पूर्व राज्यपाल नाइक की पत्नी के निधन पर सीएम ने शोक जताया



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पूर्व राज्यपाल और पूर्व केंद्रीय मंत्री राम नाईक की पत्नी कुंदा नाईक के निधन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गहरा शोक प्रकट किया है। मुख्यमंत्री ने पूर्व राज्यपाल से फोन पर वार्ता कर उनकी पत्नी के निधन पर गहरी संवेदना प्रकट करते हुए परिवार को ढांढस बंधाया। राम नाईक 2014 से 2019 तक उत्तर प्रदेश के राज्यपाल रहे। उनकी पत्नी कुंदा नाईक का 84 वर्ष की उम्र में लंबी बीमारी के बाद मंगलवार शाम निधन हो गया। उन्होंने गोरेगांव (पूर्व) स्थित अपने आवास लक्षचंडी अपार्टमेंट्स गोकुलधाम में अंतिम सांस ली।

# विधान परिषद में भी केसरीनाथ व बनवारी लाल को दी गई श्रद्धांजलि

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**विधान** परिषद सदन में मंगलवार को पूर्व विधानसभा अध्यक्ष केसरीनाथ त्रिपाठी एवं निवर्तमान सदस्य बनवारीलाल दोहरे के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की गई। सभी दलीय नेताओं व अन्य सदस्यों ने दोहरे के विषय में अपने विचार व्यक्त किए। जिसके बाद सदन की कार्यवाही बुधवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

सदन की कार्रवाई शुरू होते ही सभापति कुंवर मानवेंद्र प्रताप सिंह ने प्रदेश के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं पश्चिम बंगाल के पूर्व राज्यपाल केसरीनाथ त्रिपाठी के निधन के सूचना पटल पर रखी। इस पर पूरे सदन ने 2 मिनट का मौन रखकर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि दी।

इसके बाद नेता सदन केशव प्रसाद मौर्य ने सदन के सदस्य रहे बनवारीलाल दोहरे के 15 फरवरी को लंबी बीमारी के बाद निधन की सूचना दी और शोक प्रस्ताव रखा। मौर्य ने कहा बनवारीलाल दोहरे एक समर्पित और निष्ठावान कार्यकर्ता एवं जनता के प्रति जिम्मेदार नेता थे। वे शुरू से ही भाजपा में रहे और अंत तक पार्टी के प्रति भी पूरी तरह निष्ठावान रहे। उनका न कभी दिल बदला और ना ही उन्होंने कभी दल बदला। वे जीवन पर्यंत लोकसेवा के प्रति समर्पित रहे। नेता सपा विधानमंडल दल लाल बिहारी यादव ने कहा बनवारीलाल दोहरे निष्ठावान लोकसेवक थे।

उन्हें मेरी ओर से और मेरे दल की ओर से भावभीनी श्रद्धांजलि देते हैं। नेता बसपा भीमराव अंबेडकर ने कहा कि वह विषम परिस्थितियों में भी हमेशा सकारात्मक सोच रखने वाले व्यक्ति थे। उन्होंने कभी अपनी विचारधारा नहीं बदली। नेता शिक्षक दल ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने कहा कि बनवारीलाल दोहरे तीन बार विधानसभा के सदस्य रहे। वे मंदिर आंदोलन से भी जुड़े थे।

## कुपोषण दूर करने में सरकार नाकाम : रालोद

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश मीडिया प्रभारी सुरेन्द्रनाथ त्रिवेदी ने कहा कि योगी सरकार प्रदेश के विकास से सम्बन्धित मामलों में स्वयं अपनी पीठ थपथपाकर वाहवाही लूटना चाहती है। परन्तु सरकार की नाकामी मा उच्च न्यायालय ने उजागर करते हुए कहा है कि बच्चों और महिलाओं का कुपोषण दूर करने में वर्तमान सरकार नाकाम है। उन्होंने कहा कि विगत 6 वर्षो से आशा की जाती थी कि सरकार मातृशक्ति और गरीब बच्चों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील होगी। परन्तु प्रदेश के नौनिहालों और मातृशक्ति का कुपोषण दूर करना तो दूर उसे रोक पाने में सरकार असमर्थ रही है। त्रिवेदी ने कहा कि मा उच्च न्यायालय में महिला व बाल कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव से जवाब तलब किया है।

# यूपी में स्वास्थ्य सेवाओं ने दम तोड़ दिया : अखिलेश

● सपा अध्यक्ष ने कहा, प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री भी हो चुके हैं पस्त, उनके दौरे व आदेश भी अब थम गए

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं ने दम तोड़ दिया है। भाजपा सरकार में अस्पतालों की दुर्दशा देखने का किसी को भी समय नहीं है। सरकार ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट और जी 20 डेलीगेट्स के स्वागत में सजाए गए गमलों की चोरी का पता लगाने में ही व्यस्त हो गई है। एम्बूलेंस सेवा 108 और 102 अब समय से उपलब्ध नहीं होती हैं। अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी है तो कहीं डॉक्टर अपनी ओपीडी छोड़कर प्राइवेट प्रैक्टिस कर रहे हैं। प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री भी अब पस्त हो चुके हैं उनके दौरे और आदेश भी अब थम गए हैं। अखिलेश ने कहा कि उत्तम स्वास्थ्य सेवा का दम्भ भरने वाले मुख्यमंत्री के राज में गाजियाबाद के संयुक्त अस्पताल में पांच दिन से डॉक्टर मोमबत्ती की रोशनी में मरीजों का इलाज कर रहे है। प्रशासकीय अमला हाथ पर हाथ धरे बैठा रहा। इसे भाजपा का अंधेर राज न कहें तो क्या कहें। अयोध्या में जिला अस्पताल की इमरजेंसी में एक गंभीर मरीज को आक्सीजन का खाली सिलेण्डर लगा दिया गया। तीमारदारों की नाराजगी पर नर्स ने सिलेण्डर बदले तो दूसराए तीसरा आक्सीजन मिलेण्डर भी खाली निकला। मरीजों की जान के साथ यह खिलवाड़ भाजपा सरकार में आम बात हो गई है। उन्होंने कहा कि खुद राजधानी में भी अस्पतालों के हालात अच्छे नहीं हैं। लखनऊ के लोहिया संस्थान और पीजीआई में इमरजेंसी सेवाएं मजाक बन गई है। घंटों मरीज तड़पते रहते है। भर्ती नहीं होती है। मरीज स्ट्रेचर पर या वहां बने टिनशेड में पड़े भाजपा के अमृतकाल में बस अमर हो जाने की प्रतीक्षा करते रहते हैं। लोहिया संस्थान की नई इमरजेंसी का ताला ही नहीं खोला जा रहा है। अखिलेश ने कहा कि समाजवादी पार्टी ने एक रुपए के पर्चे पर इलाज और जांच की नि:शुल्क सुविधा प्रदान की थी। भाजपा सरकार में अस्पतालों में जांचो के अलग-अलग रेट तय हो गए हैं। गरीब मरीज महंगा इलाज कैसे कराए, समाजवादी सरकार के समय बना कैंसर संस्थान में पूर्ण कालिक निदेशक नहीं नियुक्त हो सका है। यहां विशेषज्ञ डॉक्टरों की भी कमी है। कैंसर से मौतें हो रही है। अखिलेश ने कहा कि प्रदेश की शान कहे जाने वाली किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी कभी अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर जानी जाती थी। आज वह अपनी पुरानी ख्याति खोती जा रही है।

# अब सेतुओं का साल में दो बार निरीक्षण अनिवार्य : जितिन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



● लोक निर्माण मंत्री ने लांच की सेतु अनुरक्षण पॉलिसी-2023

● सेतु अनुरक्षण नीति के तहत विभाग समस्त सेतुओं का एक जीआईएस डेटावेस तैयार करेगा

**लोक** निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने मंगलवार को लोक निर्माण विभाग मुख्यालय स्थित तथागत सभागार में उत्तर प्रदेश सेतु अनुरक्षण पॉलिसी 2023 की लांचिंग की। इस अवसर उन्होंने कहा कि सुरक्षा मुख्यमंत्री की शीर्ष प्राथमिकता में है, इसी को दृष्टिगत रखते हुए सेतु अनुरक्षण पॉलिसी बनायी गई है।

मंत्री जितिन प्रसाद ने कहा कि यह नीति अपने तरह की पहली नीति है जो अन्य राज्यों के लिए एक अनुकरणीय उदाहरण होगी। मुझे पूर्ण विश्वास हैं की यह नीति विभाग की गौरवशाली परम्परा को आगे बढ़ाने का कार्य करेगी। इस पालिसी के तहत विभाग समस्त सेतुओं का एक जीआईएस डेटावेस तैयार करेगा।

इस डेटावेस में एक एकीकृत मोबाइल एप्लिकेशन सिस्टम भी होगा जो अधिकारियों पुल को की वस्तुस्तिथि की समीक्षा करने में सहयोग करेगा।

मंत्री जितिन प्रसाद ने बताया कि इसके अतिरिक्त इस नीति में विभिन्न श्रेणी के निरीक्षण, जैसे व्यापक दिशानिर्देश स्थापित किये गए है जिसके द्वारा अधिकारी सेतुओं का एक विस्तृत एवं बिंदुवार निरीक्षण कर सकेंगे जिससे इन संरचनाओं के जीवन काल को बढ़ाने में सहायता मिलेगी। इन दिशानिर्देशों के अंतर्गत सेतुओं का नियमित निरीक्षण वर्ष में दो बार मई और नवंबर में ;बरसात के पहले और बाद में, किया जाएगा। यदि नियमित निरीक्षण में पुल की संरचना में कोई समस्या पाई जाती है तो निरीक्षण की आवृत्ति आवश्यकता अनुसार बढ़ा दी जाएगी। श्री प्रसाद ने बताया कि यह नीति के लिए आधुनक तकनीकों का सेतु निरीक्षण में समावेश कर सेतु अनुरक्षण को और प्रभावी बनाएगा ।

# सपा ने लाविप्रा उपाध्यक्ष को लिखा पत्र

● आचार्य नरेन्द्र देव समाधिस्थल का सौंदर्यीकरण किए जाने की मांग की

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं विधान परिषद सदस्य राजेन्द्र चौधरी ने लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष को पत्र लिखकर गोमती नदी तट पर स्थित समाजवादी चिंतक आचार्य नरेन्द्र देव के समाधिस्थल की साफ-सफाई और सौंदर्यीकरण कराने की मांग की है। चौधरी ने अपने पत्र में कहा कि लखनऊ में गोमती तट पर प्रकाण्ड विद्वान एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आचार्य नरेन्द्र देव का समाधिस्थल है। यहां उनकी जयंती तथा पुण्यतिथि पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं। इन कार्यक्रमों में पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव भी शामिल होते रहे हैं। उन्होंने कहा कि खेद की बात है कि समाधिस्थल के पास गंदगी रहने से वातावरण में दुर्गंध रहती है। पूरे क्षेत्र में प्रदूषण व्याप्त है। आचार्य जी की पुण्यतिथि पर 19 फरवरी 2023 को मैं स्वयं श्रद्धासुमन अर्पित करने गया था। इसका आयोजन नरेन्द्र देव के पौत्र यशोवर्धन तथा मीरावर्धन द्वारा किया गया था। राजेन्द्र चौधरी ने कहा कि मुख्यद्वार से समाधिस्थल की ओर रास्ते पर गन्दगी, प्लास्टिक तथा कचरा जमा है। यह हानिकारक है तथा महान समाजवादी नेता के समाधिस्थल की गरिमा के भी विपरीत है।

# बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर एडवांस ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम लागू

● सीईओ यूपीडा की अध्यक्षता में हुई बोर्ड की बैठक

● गंगा एक्सप्रेसवे के लिए सुरक्षा सलाहकार की होगी नियुक्ति

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**आईआईडीसी** एवं यूपीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अरविन्द कुमार की अध्यक्षता में 80वीं बोर्ड बैठक यूपीडा कार्यालय में हुई। बैठक में तय किया गया कि एक्सप्रेसवे परियोजना में एक सुरक्षा सलाहकार तैनात किया जाएगा। साथ ही बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर एडवांस ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम लागू होगा। इससे एक्सप्रेसवे पर वाहनों की रफ्तार पर नजर रखी जा सकेगी साथ ही हादसों को रोकने में भी मदद मिलेगी। इसकी नियुक्ति के लिए बिड प्रक्रिया के आरएफपी संबंधी प्रस्ताव को मंगलवार को यूपीडा बोर्ड की बैठक में मंजूर कर लिया गया।

यूपीडा के अनुसार गंगा एक्सप्रेसवे के निर्माण की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है। अब तक क्लीयरिंग एण्ड ग्रबिंग का कार्य 86 प्रतिशत से अधिक किया जा चुका है साथ ही मिट्टी का कार्य भी 14 प्रतिशत से अधिक पूरा कर लिया गया है। बैठक में बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे पर टॉयलेट ब्लॉक्स के साथ फूड कियोस्क्स बनाने का निर्णय हुआ। इसके लिए एजेंसी का चयन लिए निविदा आमंत्रित करके होगा। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर एडवांस ट्रैफिक मैनजमेंट सिस्टम लागू होगा। इसके वहां लगाने के साथ टोल प्लाजाओं के संचालन एवं टोल वसूली के लिए कंपनी का चयन होगा। इसके लिए निविदा प्रपत्र को मंजूरी दे दी गई।

बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे की अद्यतन प्रगति से बोर्ड को अवगत करते हुए गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे परियोजना के तहत गोरखपुर व अम्बेडकरनगर में अतिरिक्त भूमि उपलब्ध कराए जाने के लिए कृत कार्यवाही के संबंध में भी यूपीडा निदेशक मण्डल से अनुमोदन प्राप्त किया गया। इस बोर्ड बैठक में निदेशक मण्डल के सदस्य तथा यूपीडा के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए। बैठक में कई अहम बिन्दुओं पर चर्चा कर निर्णय लिए गए।

# बिजली बिल 25 फरवरी से 4 मार्च तक नहीं होंगे जमा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मध्यांचल** विद्युत वितरण निगम के शहरी क्षेत्र की ऑनलाइन बिलिंग सिस्टम अपग्रेड करने के लिए 25 फरवरी शाम छह से 4 मार्च दोपहर 12 बजे तक बंद रहेगी। इससे लखनऊ समेत 19 जिलों में बिजली बिल जमा नहीं होगा।

उक्त अवधि में उपभोक्ता यदि बिजली का बिल नहीं जमा कर पाएगा तो उसका बिजली का कनेक शन नही काटा जाएगा। इस दौरान काउंटर पर बिल जमा करने, बिल संशोधन करने, नाम परिवर्तन, लोड बढ़ाने समेत कई काम प्रभावित रहेंगे। स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं का बिल जमा करने, उसके बाद ऑटोमेटिक री कनेक्शन भी प्रभावित रहेगा। मध्यांचल डिस्काम की जनसंपर्क अधिकारी शालिनी ने बताया कि कनेक्शन डिस्कनेक्शन है तो 25 फरवरी से पहले बिल जमा कर दें। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की बिलिंग प्रणाली पर प्रभाव नहीं पड़ेगा। लखनऊ के अलावा बरेली, शाहजहांपुर, लखीमपुर खीरी, बदायूं, पीलीभीत, हरदोई, रायबरेली, उन्नाव, सीतापुर, बाराबंकी, अयोध्या, सुलतानपुर, अमेठी, अम्बेडकरनगर, गोंडा, बहराइच, बलरामपुर और श्रावस्ती में बिल जमा नहीं होगा।

# मेडिकल कॉलेजों के सुस्त निर्माण पर जिलाधिकारी ने जताई नाराजगी

**सुस्त गति से चल रहे काम पर डीएम ने एक्शन लेने की दी चेतावनी**

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**खीरी** में बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधाओं को विकसित करने के उद्देश्य से मंगलवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कलेक्ट्रेट में निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज की प्रगति की समीक्षा कीए संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज की सुस्त गति पर कड़ी नाराजगी जताईए हर हाल में इनका निर्माण तय समय सीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि मैं मेडिकल कॉलेज का दौरा कर उसकी प्रगति देखूंगा और अगर अपेक्षा के अनुरूप प्रगति नहीं रही तो कार्यदायी संस्था पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करूंगा। संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर अनिवार्य रूप से जहां पर काम हो रहा है वहीं रहेंए लखनऊ में नहीं। समीक्षा बैठकों में जो तय होता है कार्यदायी संस्था उसकी नियमित समीक्षा करें। अगर कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं है तो कार्यदायी संस्था को नोटिस भेजा जाएगा। फिर भी काम तेजी से नहीं होता है कार्यदायी संस्था के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। डीएम ने कहा कि प्रोजेक्ट मैनेजर साइट पर रहें। मैन पावर की अतिरिक्त व्यवस्था तत्काल करते हुए काम में तेजी लाएं। कहीं कोई समस्या आ रही हो तो उन्हें तत्काल जानकारी दें। परियोजना की साप्ताहिक प्रगति से भी अवगत कराया जाए। यह व्यापक जनहित की परियोजना हैं इसमें देरी स्वीकार्य नहीं है। इसे मिशन मोड में लिया जाए। निर्माण कार्य की गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाए। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने निर्माणाधीन संस्था को निर्देशित करते हुए कहा कि कार्यों को टाइमलाइन के अनुसार पूर्ण कराना सुनिश्चित किया जाए। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कार्य में किसी भी प्रकार की समस्या आए तो तत्काल अवगत कराएं। बैठक में प्रोजेक्ट मैनेजर ने बताया कि मेडिकल कालेज निर्माण के लिए आ रही सामग्री दिन में नो एंट्री के चलते साइट पर पहुंचने में समस्या आ रही है। डीएम ने निर्देश दिए कि निर्माण सामग्री रात्रि में साइट पर पहुंचाएं। यथा आवश्यक दिन में निर्माण सामग्री के परिवहन हेतु पुलिस महकमे से समन्वय कर संबंधित वाहनों का पास निर्गत कराए।

# आत्मनिर्भर भारत में युवाओं का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**गांव** में नेतृत्व क्षमता को विकसित कर ग्रामीण क्षेत्रों में राष्ट्र निर्माण के लिए युवाओं की सहभागिता के लिए नेहरू युवा केंद्र लखीमपुर खीरी के तत्वाधान में युवा नेतृत्वए सामुदायिक विकास प्रशिक्षण जिला ग्राम विकास संस्थान में आयोजित हुआ। सोमवार को इस तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण का समापन हुआ। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में मनु लाल डिग्री कॉलेज के प्रवक्ता अनूप सक्सेनाए आईटी विभाग के प्रमुख शौर्य सक्सेना जी उपस्थित रहे। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुनील सिंह ने नेहरू युवा केंद्र की सराहना करते हुए कहा कि यह युवाओं का सौभाग्य है कि इस प्रकार का अवसर नेहरू युवा केंद्र सभी युवाओं के लिए उपलब्ध करा रहा है। युवाओं को बढ़.चढ़कर राष्ट्र निर्माण के विकास के लिए हिस्सा लें और सरकारी योजनाओं का लाभ हर अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में अपना सहयोग करें। जिला युवा अधिकारी रोशनी पटवा ने बताया कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य ग्रामीण युवाओं को जागरुक करना एवं उन्हें आत्मनिर्भर बनाना हैए जिससे राष्ट्र निर्माण में उनकी सहभागिता सुनिश्चित हो सके। जिससे देश का विकास हो सके और सभी युवाओं को अच्छे रोजगार मिल सकें। नेहरु युवा केंद्र लखीमपुर के द्वारा यह प्रशिक्षण पूर्णतया निशुल्क उपलब्ध कराया गया। इस प्रशिक्षण के अंतर्गत भोजन आवास व यात्रा भत्ता भी प्रतिभागियों को दिया गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में पर्यटन सूचना अधिकारी सुचित चौधरीए मनु लां कॉलेज प्रवक्ता अनूप सक्सेना नेहरू युवा केंद्र राज्य प्रशिक्षक पुनीत शुक्ला ने विभिन्न विषयों पर प्रतिभागियों को प्रशिक्षित कियाए जिसमें कई विषय पर चर्चा की।आत्मनिर्भरता हेतु सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न प्रकार की योजनाओं के बारे में प्रतिभागियों को जानकारी प्रदान की। इस प्रकार प्रतिदिन की दिनचर्या में प्रातःकाल मे योगाभ्यासए मध्यकाल में वार्तालापए संध्याकाल मे सांस्कृतिक कार्यक्रम से युवाओं में नेतृत्व की नई ऊर्जा का प्रवाह कर जागृत किया। प्रशिक्षण को सफल बनाने में संदीप वर्माए कीर्ति वर्माए रितेश कुमारए आलोक शुक्लाए शोभित मौर्याए कन्हैया अवस्थीए सौरभ त्रिवेदीए देवेंद्र पाल प्रशांत मिश्रा आदि राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवकों का सहयोग सराहनीय रहा। कार्यक्रम के अंत मे 40 युवा प्रतिभागियों को अतिथियों ने प्रमाण पत्र प्रदान कर जिला युवा अधिकारी रोशनीपटवा ने अतिथियों,प्रशिक्षकों, स्वयं सेवकों तथा प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

# अतिक्रमणकारियों पर प्रशासन ने कसा शिकंजा, हड़कंप

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**खीरी** जिले में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के निर्देश पर सभी सात तहसीलों में एसडीएम न केवल स्वयं अतिक्रमण हटाओ अभियान की कमान संभाले हैए बल्कि वह डीएम को नियमित रिपोर्ट भी कर रहे हैं। सभी तहसील क्षेत्रों के मुख्य मार्ग में वर्षों से अतिक्रमण जमाये अतिक्रमणकारियों पर मंगलवार को भी प्रशासन ने शिकंजा कसा। प्रशासन ने बिना किसी भेदभाव के अतिक्रमण हटाने के दौरान जेसीबी से पक्की सिढ़ियों को तोड़ा। वही गुमटियों को भी हटाया गया। दिन भर चले अतिक्रमण हटाओ अभियान के बाद मुख्य सड़कें चौड़ी दिखने लगी। अतिक्रमण हटाने के दौरान अतिक्रमणकारियों के बीच अफ्रातफ्री. मची रही। अधिकारियों ने विभिन्न दुकानों के आगे लगे होर्डिंग बोर्ड व एस्बेस्टस लगा कर किये गए अतिक्रमण को जेसीबी से तोड़वा दिया। बताते चलें कि एसडीएम विनीत उपाध्याय ने कस्बा मितौली में लखीमपुर मैगलगंज मार्ग पर अवैध अतिक्रमण के खिलाफ अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। एसडीएम राजेश कुमार ने तिकुनिया कस्बे में स्टेशन रोड से अस्पताल रोड पर से अतिक्रमण हटवाया। एसडीएम अनुराग सिंह ने गोला में अशोक चौराहे से विकास चौराहे एवं अलीगंज मार्ग पर अतिक्रमणकारियों पर शिकंजा कसते हुए कब्जा मुक्त कराया। एसडीएम श्रद्धा सिंह के निर्देश पर तहसीलदार सदर सुशील प्रताप सिंह ने हिदायतनगर चौराहे से कपूरथला तिरहा तक अतिक्रमण हटवाया। इस दौरान राजस्वए पुलिस व नगर पालिका की टीम मौक़े पर उपस्थित रही। वहीं अन्य एसडीएम ने भी अपने.अपने तहसील क्षेत्रों में स्वयं खड़े होकर अतिक्रमण अभियान को लीड किया।

# तिकुनिया में गरजा बाबा का बुलडोजर

**रेलवे मार्ग पर चला अतिक्रमण हटाओ अभियान**

**संवाददाता।** तिकुनिया खीरी




**कस्बे** में तहसील प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान का शुभारंभ किया गया जिसके चलते जेसीबी मशीन से रेलवे मार्ग पर अतिक्रमण हटाए जाने की शुरुआत की गई। इस दौरान लोगों में अफ्रातफ्री का माहौल बना रहा। नाला निर्माण को लेकर अतिक्रमण हटाए जाने का प्रार्थना पत्र समाधान दिवस में दिया गया था जिसके चलते प्रशासन ने अतिक्रमण हटवाने का काम शुरू किया है। इस दौरान एसडीएम राजेश कुमार तहसीलदार भीम चंद नायब तहसीलदार हरिराम सहित लेखपाल और पुलिस मौजूद रही। मंगलवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत तहसील प्रशासन कस्बे में 11 बजे पहुंचे और अतिक्रमण हटाने की शुरुआत की। रेलवे स्टेशन मार्ग पर कुछ स्थानों पर अतिक्रमण हटाने में जेसीबी ने हरकत की जिसे देखकर दुकानदारों ने अपनी दुकानें हटानी शुरू कर दी। गौरतलब कि अतिक्रमण के भय से टीन शेड खोल रहा युवक इरफान गिरा और घायल हो गया। उसके हाथ पैर में चोटें आई है। इंडियन बैंक के सामने इरफान की दुकान है ।प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने भी अतिक्रमणकारियों ने स्वयं ही अपनी दुकानें हटानी शुरू कर दी है। टायर चौराहे पर दुकानदारों ने राजस्व और पीडब्ल्यूडी की भूमि की पैमाइश की मांग रखी और कहा कि पैमाइश के बाद हम अपना अतिक्रमण हटाएंगे। हालांकि तहसीलदार भीमचंद्र ने कहा अब 24 फरवरी को अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। अतिक्रमण हटाओ अभियान की शुरुआत होने पर व्यापारियों में अफरा-तफरी बनी हुई है। इस दौरान एसडीएम राजेश कुमारए तहसीलदार भीमचंदए नायब तहसीलदार हरिरामए कोतवाल राजूराव सहित लेखपाल मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### बरेली जोन के सभी जिलों की फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन



**शाहजहांपुर।** मंगलवार पुलिस विभाग में बरेली जोन के सभी जिलों की फुटबाल प्रतियोगता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बरेली जॉन की सभी जिले से आई टीमों ने प्रतियोगता में पहला मकाम हासिल करने के लिए अपने बेस्ट खेल का प्रदर्शन किया। शाहजहांपुर के जद्दूनाथ हथोड़ा स्टेडियम में आज जनपदीय फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का एसपी एस आनंद समेत पुलिसकर्मियों ने फीता काटकर उद्घाटन किया। बरेली जोन के सभी जिलों के महिला और पुरूष पुलिसकर्मियों की टीमों ने हिस्सा लिया। उसके बाद एसपी ने सभी टीमों के खिलाड़ियों से उनका परिचय लेकर हौसला-अफजाई की। स्टेडियम पर आज पहला फुटबाल मैच रामपुर और बरेली के बीच खेला जाएगा। इसी तरह दो दिन तक मैच खेले जाएंगे और दो दिन बाद डीएम प्रतियोगिता का समापन करेंगे। एसपी एस आनंद ने बताया कि, प्रतियोगिता में महिला और पुरूष पुलिसकर्मियों की टीमों ने हिस्सा लिया है। कार्यक्रम में बरेली जोन के सभी जिलों की टीमों ने हिस्सा लिया। फुटबाल प्रतियोगिता का बहुत महत्व होता है। इससे जवान स्वस्थ रहते हैं। दो दिन बाद इसका समापन होगा।

### रूरा की पहचान का पर्याय थे पूर्व मंत्री रामस्वरूप सिंह

**कानपुर देहात।** घोर विरोधी भी मदद मॉगने अगर देर रात्रि अगर पूर्व मंत्री व लगातार तीन बार विधायक रहे रामस्वरूप सिंह गौर के दरवाजे पहूँच जाये तो बिना किसी द्वेष के पूरी प्रतिष्ठा लगाकर लोगों को वह राहत पहूँचाते थे, ऐसी कई कहानियों के सूत्रधार रूरा कस्बे सहित आसपास के सैकडों गॉव में पहचान का पर्याय रहे रामस्वरूप सिंह के लम्बी बीमारी के बाद हुये निधन से अपूर्णनीय क्षति पहूँची है, उनकी लोकप्रियता व जनता से लगाव की झलक शव यात्रा में देखने को मिली, शव यात्रा में सैकडों की सॅख्या में वाहन व हजारों की सॅख्या में कस्बाई व क्षेत्रीय लोगों की उपस्थिति ने जनता के बीच जमीनी तौर पर किये गये कामों की उपलब्धि सजीव रूप में देखने को मिलीं। रसूलाबाद के महेरा गॉव से शिक्षा ग्रहण करने के लिये रूरा आये रामस्वरूप सिंह गौर ने अपने सामाजिक कार्यों की बदौलत राजनीति में पैर पसारना शुरू कर दिया। शुरू में कॉग्रेस पार्टी से अपना राजनैतिक कैरियर शुरू करने वाले प्रमुख जी के नाम प्रसिद्ध रामस्वरूप सिंह गौर ने सहकारी समिति में अपना वर्चस्व स्थापित करना शुरू किया, उसके बाद वह लगातार दो बार अकबरपुर ब्लाक के प्रमुख बने। जगनपुर से जिला पॅचायत सदस्य का चुनाव भारी अन्तर से एकतरफा जीतने के बाद वह पहली बार बसपा के टिकट पर सरवनखेडा(अब अकबरपुर रनियॉ) विधानसभा क्षेत्र से विधायक चुने गये। इसी बीच बसपा को सत्ता गॅवानी पडी तो अपने दो दर्जन से अधिक साथियों के साथ सपा में शामिल हो गये, तत्कालीन सपा सुप्रीमों स्व0 मुलायम सिंह यादव से नजदीकी के चलते दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री पद पर उनका मनोयन किया गया। उसके बाद सपा की टिकट पर ही वर्ष 2007 व वर्ष 2012 में भी अकबरपुर रनियॉ विधानसभा क्षेत्र से लगातार तीन बार विधायक निर्वाचित हुये, वर्ष 2017 में स्वास्थ्य कारणों के चलते उन्होंने चुनाव नहीं लडा और अपने सुपौत्र नीरज सिह गौर को टिकट दिलवाया, भाजपा की ऑधी के बावजूद पूर्वमंत्री की लोकप्रियता से उनके सुपौत्र जनपद की चारों विधानसभाओं में सबसे अधिक वोट पाकर अपने निकटतम प्रतिद्विन्दी से मामूली अन्तर से पराजित हो गये।

### संकल्प दिवस की पूर्व संध्या पर कार्यक्रम का आयोजन

**शाहजहांपुर।** संकल्प दिवस की पूर्व संध्या पर लद्दाख एवम् जम्मू कश्मीर अध्ययन केंद्र शाहजीपुर की ओर से विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। खिरनीबाग नवादा स्थित विद्यालय में इस विषय पर आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते हुए एसएस कॉलेज में हिन्दी विभाग के अध्यक्ष डॉ आलोक कुमार मिश्रा ने कहा कि भारत माता की आधी शीश को पाकिस्तान द्वारा धोखे से काट कर शेष भारत से अलग कर दिया गया और जबरिया कब्जे वाले कश्मीर के हिस्से के मूल निवासियों पर इतने जुल्म किए की आज वहां की जनता एक स्वर से भारत सरकार से तुरंत कार्यवाही की मांग कर रही है। इस अवसर पर डॉ प्रशान्त अग्निहोत्री ने कहा कि पाक अधिकृत कश्मीर भारत के लिए सांस्कृतिक रूप से अत्यधिक महत्वपूर्ण है क्योंकि ज्ञान की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती की अति प्राचीन मंदिर शारदा शक्ति पीठ उसी जगह पर स्थित है। वहां के भौगोलिक स्थिति के बारे में बोलते हुए अमित त्यागी ने कहा कि उनके कब्जे वाली भूमि की सीमाएं पाकिस्तान, चीन,अफगानिस्तान और रूस से मिलती है जिसके कारण सामरिक दृष्टि से यह क्षेत्र भारत के लिए अत्यधिक संवेदनशील है। इसी कड़ी में डॉ श्रीकांत मिश्रा, डॉ विजय मिश्र और डॉ अंकित अवस्थी के निर्देशन में बरेली मोड़ पर एक मानव श्रृंखला बनाकर लोगो को संकल्प दिवस के बारे में जागरूक किया गया।

### भाकियू का तहसील में अनिश्चित कालीन धरना शुरु



**घाटमपुर।** सरकारी कार्यालयों में जारी भृष्टाचार के साथ अन्य समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन ( भानू ) की अगुवाई में अनिश्चित कालीन धरना शुरु कर दिया गया। तहसील प्रांगण में दिये जा रहे धरने में किसी अधिकारी के न आने से किसानों ने नराजगी जतायी है। धरने को संगठन के राष्ट्रीय महासचिव इन्द्रजीत सिंह फौजी, जिलाध्यक्ष रोहित सिंह, जिला उपाध्यक्ष राजा सिंह, तहसील अध्यक्ष जीतेंन्द्र सिंह सेंगर, ब्लाक अध्यक्ष तुलसी राम प्रजापति, मुन्नीलाल प्रजापति गूलशेर मोहम्मद, शैलेंन्द्र सिंह और जगदीश आदि ने संबोधित किया।

### साइबर सिक्योरिटी के बारे में किया गया जागरुक



**शाहजहांपुर।** जी एफ कॉलेज,राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के चौथे दिन प्रथम छात्र इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ मोहम्मद शोएब के नेतृत्व में प्राथमिक विद्यालय मऊ खालसा गांव में आईटी विशेषज्ञ मोहम्मद आमिर ने साइबर सिक्योरिटी के बारे में स्वयंसेवकों को विस्तृत जानकारी दी।उन्होंने बताया कि हमेशा दो कारक प्रमाणीकरण वाला अकाउंट चुनें एवं एक मजबूत पासवर्ड बनाएं,अपने कंप्यूटर को सुरक्षित,अपडेट रखें,ईमेल के माध्यम से क्लिक करने से बचें,सुरक्षित लोकेशन से ही अपने अकाउंट को एक्सैस करे और जब आपका कार्य हो जाए तो हमेशा लॉग आउट करें।द्वितीय सत्र में जीएफ कॉलेज के लाइब्रेरियन सैयद अनीस अहमद ने लाइब्रेरी के संबंध में बताया कि महाविद्यालय की लाइब्रेरी में लगभग साठ हजार किताबें हैं,जिसे महाविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर कंटेंट सर्च कर सकते हैं। महाविद्यालय की लाइब्रेरी में टच स्क्रीन मॉनिटर से बुक सर्च करके आप पढ़ाई कर सकते हैं एवं विभिन्न लेखकों की किताबें पढ़ने से आइक्यू लेवल बढ़ता है।

# जिले में एसडीएम ने किया बोर्ड परीक्षा केंद्रों का आकस्मिक दौरा, दिए निर्देश

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**माध्यमिक** शिक्षा परिषद उप्र की हाईस्कूल-इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा-2023 को शासन की मंशानुसार पूरी शुचिता के साथ नकलविहीन सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से मंगलवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के निर्देश पर सभी उप जिलाधिकारियों ने तहसील क्षेत्रों में पड़ने वाले परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर दोनों पालियों में आयोजित परीक्षा का जायजा लिया। सभी उप जिलाधिकारियों ने परीक्षा केन्द्र व्यवस्थापकों व स्टेटिक मजिस्ट्रेटों से जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। एसडीएम (सदर) श्रद्धा सिंह ने राजकीय इंटर कॉलेज, एसडीएम धौरहरा धीरेंद्र सिंह ने सीताराम मनवार इंटर कॉलेज महरिया, जीआईसी एवं जीजीआईसी धौरहरा, एसडीएम राजेश कुमार ने जीजीआईसी निघासन, शोभारानी इंटर कॉलेज, अग्रसेन इंटर कॉलेज तिकुनिया, एसडीएम अनुराग सिंह ने कृषक समाज इंटर कॉलेज, सरस्वती विद्या मंदिर, सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज, एसडीएम कार्तिकेय सिंह ने बलदेव वैदिक इंटर कॉलेज, एसडीएम मोहम्मदी पंकज श्रीवास्तव ने कालिका प्रसाद इंटर कॉलेज व आदर्श इंटर कॉलेज बरबर एवं एसडीएम मितौली विनीत उपाध्याय ने कृषक समाज इंटर कॉलेज बेहजम, जिपं इंटर कॉलेज कस्ता का परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर जायजा लिया। एसडीएम ने परीक्षा केंद्रों में स्ट्रांग रूम, कंट्रोल रूम, केंद्र व्यवस्थापक कक्ष सहित विभिन्न परीक्षा कक्षों का जायजा लिया, जिसमें सभी व्यवस्थाएं मुकम्मल मिलीं।

# जनता की समस्याओं के समाधान के लिए नगर निगम सदैव तत्पर: नगर आयुक्त

**संवाददाता।** शाहजहांपुर



**नगर** निगम के जन सुनवाई दिवस में नगर की जनता ने सम्मिलित होकर साफसफाई, शुद्व पेयजल की आपूर्ति, प्रकाश बिन्दु , नाली निमार्ण एवं कर विभाग से सम्बन्धित अपनी-अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को रखा। इस अवसर पर नगर आयुक्त संतोष कुमार ने कहा जन-सुनवाई दिवस में प्राप्त जन समस्याओं-शिकायतों का गंभीरता पूर्वक संज्ञान लेते हुये संबन्धित विभागों के अधिकारियों/ कमर्चारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर समय निस्तारण कराया जाये। जन-सुनवाई दिवस में 11 समस्यायें / शिकायतें प्राप्त हुई। जिनमें से मौके पर ही 04 समस्या/ शिकायत का त्वरित निस्तारण किया गया। जन सुनवाई दिवस में शिकायतों/ समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण के लिये आमजन द्वारा नगर आयुक्त नगर निगम का आभार व्यक्त कर प्रसन्नता व्यक्त की गई। संबन्धित अधिकारियों व कमर्चारियों को निर्देशित किया गया कि प्राप्त समस्याओं /शिकायतों का निस्तारण शीघ्र ही कराया जाये। समस्त नगरवासियों से अपील की गई कि प्रत्येक मंगलवार को नगर निगम कायार्लय में आयोजित होने वाले जन-सुनवाई दिवस में सक्रिय प्रतिभाग कर नगर द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं से सम्बन्धित समस्याओं को जन-सुनवाई दिवस में रख सकते हैं, जिनका निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराया जायेगा। जन-सुनवाई दिवस में मुख्य अभियन्ता एस के अम्बेडकर, महाप्रबंधक जल सौरभ श्रीवास्तव, मुख्य कर निधार्रण अधिकारी राकेश कुमार सोनकर, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कुमार मिश्रा एवं नगर निगम के अन्य अधिकारी/ कमर्चारीगण तथा नगर के जन-सामान्य द्वारा सक्रिय प्रतिभाग किया गया।

## बीकेयू ने की आवारा पशुओं से फसलों को बचाने की मांग

**शाहजहांपुर।** मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट में नारेबाजी की। इसके बाद प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इसमें आवारा पशुओं से फसलों को बचाने, कोलाघाट पुल पर हल्के वाहनों को प्रवेश देने की मांग की। साथ ही सीवर लाइन के लिए खोदी गई सड़कों को ठीक कराने की मांग रखी। मांगे पूरी नहीं होने पर यूनियन ने आन्दोलन की चेतावनी दी। भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी मनजीत के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस परिसर में मांगों पर चर्चा की। इसके बाद नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहां सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। उनकी मांग है कि सबसे ज्यादा किसानों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। खून पसीने से सींच कर किसान फसल तैयार कर रहे हैं, लेकिन आवारा पशु खेतों में घुसकर फसलों को बर्बाद कर रहे हैं।

# पेज एक का शेष

## आने वाले समय में...

बयान में कहा गया है कि शुरुआत में भारतीय स्टेट बैंक, इंडियन ओवरसीज बैंक, इंडियन बैंक और आईसीआईसीआई बैंक लेनदेन (आवक और प्रेषण दोनों) सुविधा प्रदान करेंगे, जबकि एक्सिस बैंक और डीबीएस इंडिया सिर्फ धन आवक की सुविधा प्रदान करेंगे। सिंगापुर के उपयोगकर्ताओं के लिए, यह सेवा डीबीएस-सिंगापुर और लिक्विड ग्रुप (एक गैर-बैंक वित्तीय संस्थान) के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी। आने वाले समय में इसमें वहां के और बैंकों को शामिल किया जाएगा। सिंगापुर स्थित ग्राहक भी बैंक के मोबाइल बैंकिंग ऐप या इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से सुविधा का लाभ उठा सकेंगे। शुरुआत में, एक भारतीय उपयोगकर्ता एक दिन में 60,000 रुपए तक (लगभग 1,000 सिंगापुरी डॉलर के बराबर) धन भेज सकता है। इसमें बताया गया कि लेनदेन करते समय प्रणाली उपयोगकर्ता की सुविधा के लिए दोनों मुद्राओं में राशि प्रदर्शित करेगी। यूपीआई-पे नाउ लिंकेज भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई), सिंगापुर के मौद्रिक प्राधिकरण (एमएएस) और दोनों देशों के भुगतान प्रणाली ऑपरेटरों जैसे एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड (एनआईपीएल) और बैंकिंग कंप्यूटर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड (बीसीएस) और इसमें शामिल बैंकों, गैर-बैंकिंग वित्तीय संस्थानों के बीच व्यापक सहयोग से संभव हो सका है। बयान में कहा गया कि यह अंतर-संपर्क तेज, सस्ते तथा अधिक पारदर्शी सीमापार भुगतान के लिए जी-20 की वित्तीय समावेशन प्राथमिकताओं के अनुरूप है। इसके अलावा, यह संपर्क सुविधा भारत और सिंगापुर के बीच सीमापार भुगतान के लिए बुनियादी ढांचे के विकास में बहुत महत्वपूर्ण साबित होगी। इस सुविधा के शुरू होने से पहले दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों के बीच फोन पर बातचीत भी हुई, जिसमें आपसी हित के मुद्दों पर चर्चा हुई। प्रधानमंत्री मोदी ने भारत-सिंगापुर संबंधों को आगे ले जाने में साझेदारी के लिए प्रधानमंत्री ली को धन्यवाद दिया और कहा कि भारत की अध्यक्षता में हो रही जी-20 की बैठक में वह उनके साथ काम करने को लेकर आशान्वित हैं।

## निर्वाचन आयोग के...

याचिका में कहा गया कि पार्टी के प्राथमिक सदस्यों और अन्य पक्षकारों की इच्छाओं का प्रतिनिधित्व करने वाली सर्वोच्च संस्था प्रतिनिधि सभा में ठाकरे खेमे को जबरदस्त बहुमत प्राप्त है। ठाकरे गुट ने याचिका में कहा कि आयोग ने पूर्वाग्रह के साथ और अनुचित तरीके से कार्वाई की है। निर्वाचन आयोग ने शिंदे के नेतृत्व वाले गुट को शुक्रवार को असली शिवसेना के रूप में मान्यता दी थी और उसे दिवंगत बालासाहेब ठाकरे द्वारा स्थापित अविभाजित शिवसेना का धनुष बाण चुनाव चिह्न आवंटित करने का आदेश दिया था।

## कर्नाटक में कांग्रेस...

अभियान की रणनीति को कारगर बनाने और उसकी देखरेख के लिए तीन दिवसीय दौरे पर राज्य में हैं। भाजपा अध्यक्ष ने बेलुरू और चिकमंगलुरू में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य के विकास के लिए कर्नाटक में एक बार फिर डबल इंजन की सरकार जरूरी है। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और उनके नेतृत्व वाली पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए नड्डा ने आरोप लगाया कि तुष्टिकरण की राजनीति के तहत उन्होंने पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) और कर्नाटक फोरम फॉर डिग्निटी (केएफडी) के कार्यकर्ताओं के खिलाफ मामले वापस लिए थे। उन्होंने आरोप लगाया कि जब भी कांग्रेस सत्ता में आती है तो उसके साथ भ्रष्टाचार भी आता है। उन्होंने कहा, अगर कोई भ्रष्टाचार से लड़ता है तो वह भाजपा और बसवराज बोम्मई (मुख्यमंत्री) हैं, जिन्होंने राज्य में लोकायुक्त बहाल करने में कोई कसर नहीं छोड़ी और अगर कोई भ्रष्टाचार को बढ़ावा देता है तो वह सिद्धारमैया (कांग्रेस नेता और पूर्व मुख्यमंत्री) हैं, जिन्होंने राज्य से लोकायुक्त संस्थान को उखाड़ फेंका। कांग्रेस का दूसरा नाम भ्रष्टाचार और कमीशन होने का आरोप लगाते हुए भाजपा अध्यक्ष ने सिद्धरमैया पर तुष्टिकरण और कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगाड़ने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस आती है तो समाज में बिखराव होता है, जब कांग्रेस आती है तो फूट डालो और राज करो की नीति अपनाती है। यह कांग्रेस की राजनीति की मूल विशेषता है। नड्डा ने कहा कि जब कांग्रेस आती है तो वोट बैंक की राजनीति होती है, जिसके तहत वे एक विशेष धर्म या समुदाय का हित साधते हैं। उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की है कि कर्नाटक में भी मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई द्वारा पेश किया गया बजट महिला सशक्तीकरण, युवाओं को प्रोत्साहन, किसानों को मजबूत करने और मजदूरों के सशक्तिकरण और बुनियादी ढांचे के विकास पर केंद्रित है।

## गली के कुत्तों...

लेकिन प्रारंभिक जांच के हवाले से मेयर ने कहा कि एक बुजुर्ग महिला इलाके में चार कुत्तों को नियमित रूप से मांस के टुकड़े खाने के लिए डाल देती थी। उन्होंने कहा कि पिछले दो दिन से उस बुजुर्ग महिला को नहीं देखा गया। कुत्ते मांस खाते थे। ऐसा संदेह है कि कुत्ते भूखे रहे होंगे और भूख या अन्य किसी वजह से उन्होंने लड़के पर हमला कर दिया। वीडियो के सामने आने के बाद तेलंगाना के मंत्री के.टी. रामा राव ने घटना को दुर्भाग्यपूर्ण करार देते हुए कहा कि वह इस घटना से दुखी हैं। अनेक लोगों ने आवारा कुत्तों की समस्या पर सोशल मीडिया पर अपनी नाराजगी प्रकट की है और सरकार से इस मुद्दे पर तत्काल कोई समाधान निकालने को कहा।

## फरवरी में मार्च...

**प्राथमिक** कारण मजबूत पश्चिमी विक्षोभ की कमी है। उन्होंने कहा कि उत्तर पश्चिम भारत में मौसम मुख्य रूप से पश्चिमी विक्षोभ द्वारा नियंत्रित होता है। चूंकि 29 जनवरी के बाद से क्षेत्र में कोई सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ नहीं है, इसलिए तापमान में काफी वृद्धि हुई है। श्रीवास्तव ने कहा कि कुछ कमजोर पश्चिमी विक्षोभों के कारण पहाड़ी क्षेत्रों में सामान्य से कम बारिश हुई है। उन्होंने कहा कि अधिकतम तापमान पहले से ही बढ़ रहा है और मार्च के पहले पखवाड़े में उत्तर पश्चिम भारत के एक या दो मौसम संबंधी उपखंडों में पारा 40 डिग्री सेल्सियस और उससे ऊपर तक पहुंच सकता है। मौसम विभाग ने रविवार को कहा था कि कच्छ और कोंकण में अगले दो दिनों के दौरान लू चलने की संभावना है। इन क्षेत्रों के लिए सबसे पहले लू का अलर्ट जारी किया गया था।

# बुंदेलखंड का हो रहा है चौमुखी विकासः पटेल



- सांसद आर के सिंह पटेल ने जनता दरबार में गिनाईं भाजपा सरकार की उपलब्धियां
- सरकार के अन्त्योदय के संकल्प को साकार करने का किया आह्वान

संवाददाता। चित्रकूट

**बांदा**-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल ने मंगलवार को अपने बल्दाऊगंज स्थित आवास पर आयोजित जनता दरबार में दूर-दराज से आये लोगों की समस्याएं सुनी। साथ ही सम्बंधित विभागीय विभागीय अधिकारियों से वार्ता कर जनता की समस्याओं को जल्द से जल्द निस्तारित करने के निर्देश दिये। इस दौरान सांसद ने भाजपा सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि आजादी के बाद से बदहाली का शिकार रहे बुंदेलखंड का मोदी-योगी सरकार में चौमुखी विकास हो रहा है। पर्यटन को बढ़ावा मिलने से रोजगार के नये अवसर विकसित हो रहे हैं।

मंगलवार को आवास पर आयोजित जनता दरबार में बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल ने दोनों जिलों से आये सैकड़ों लोगों की समस्याएं सुनीं। साथ ही सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को फोन कर जनता की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने के निर्देश दिये।इस दौरान सांसद ने चित्रकूट जिले की ग्राम पंचायत सिकरो, खोपा, बियावल, चकौर, रेडी भुसौली, सखौंहा आदि गांवों से आये प्रधान एवं प्रतिनिधियों से मनरेगा योजना से गांव के विकास की कार्ययोजना बनाने की सलाह दी। साथ ही सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं से गांव के अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को लाभान्वित करा सरकार के अन्त्योदय के संकल्प को साकार करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि गांवों के विकास के लिए सरकार के साथा-साथ उनका हर संभव सहयोग रहेगा।

इस दौरान भाजपा सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए सांसद ने कहा कि सरकार ने सबका साथ और सबका विकास के फार्मूले पर सभी वर्गों का विकास किया है। पीएम आवास, शौचालय, उज्जवला योजना, मुद्रा योजना, किसान सम्मान निधि, पेंशन, सामूहिक विवाह,जल योजना, वृद्धा अवस्था पेंशन योजना, सिंचाई योजना आदि दर्जनो जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की हैं। सांसद ने कहा कि सरकार करोड़ों गरीबों को फ्री राशन देने का कार्य कर रहीं है। बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे एवं चित्रकूट एयरपोर्ट का निर्माण कर सरकार ने पूर्ववर्ती सरकार में बदहाली का शिकार रहने वाले बुंदेलखंड का चहुमुखी विकास किया है।

आज बुंदेलखंड के हर घर में नल के माध्यम से शुद्ध पेयजल मिल रहा है। साथ ही पूरे प्रदेश मे माफियाओं की अवैध तरीके से अर्जित की गई संपत्ति को जब्त करने की कार्रवाई की गई है। यूपी में गुंडाराज का खात्मा कर योगी सरकार ने कानून का राज कायम किया है।

# टप्पेबाज ने लगाई 50 हजार रुपए की चपत

**मौदहा,** हमीरपुर। नगर में इंडियन बैंक के काउंटर में रुपया जमा कर रहे ग्रामीण के झोले से टप्पेबाजों ने हजारों रुपए साफ कर दिए। कोतवाली पुलिस बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज के सहारे आरोपियों की तलाश में जुटी है। कोतवाली क्षेत्र मौदहा के ग्राम छिमोली निवासी गया प्रसाद पुत्र बारे लाल ने सोमवार को नगर के स्टेट बैंक से 50 हजार रुपये निकालकर जमा करने के लिये इंडियन बैंक पहुचा, जमा पर्ची भरने के बाद जब काउंटर की खिड़की पर पहुंच उसने अपने झोले से रुपए निकालने चाहे तो झोले से रुपए गायब देख उसके नीचे से जमीन खिसक गई। उसने आसपास रुपयों के बारे में पूछताछ कर इस घटना की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी। कोतवाली पुलिस ने जानकारी होते ही इंडियन बैंक पहुंच वहां लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज के सहारे आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास शुरू कर दिया है।

# पुलिस की गिरफ्त में आया सपा नेता फ़राज़ खान

## निखत अंसारी के साथ साजिश रचने के आरोप में हुई गिरफ्तारी

संवाददाता। चित्रकूट





**जेल** में बन्द माफिया डान मुख्तार अंसारी के विधायक बेटे अब्बास अंसारी की पत्नी निखत बानो अंसारी के पति से जेल में बिना इंट्री के मिलने के मामले में पुलिस ने सपा जिला महासचिव फराज़ खान को गिरफ्तार कर लिया है। डीआईजी डॉ विपिन मिश्रा ने बताया कि फराज खान को जेल मिलन कांड में साजिश रचने व दफा 34 तथा अन्य संगीन धाराओं में दबोचा गया है।

सोमवार को देर रात पुलिस अधीक्षक कार्यालय राघव प्रेक्षागार में डीआईजी डॉ विपिन कुमार मिश्र व एसपी श्रीमती वृन्दा शुक्ला पत्रकारों से रूबरू हुए। उन्होंने बताया कि निखत जेल में तकरीबन 34 बार पति अब्बास से मिलने गई। इस बीच उसने एक बार भी रजिस्टर में साइन नहीं किया। उसकी कहीं पर तलाशी भी नहीं हुई और न कोई रोका-टोकी की गई। वह जेल के वीआईपी गेस्ट हाउस में पति से नियमित चार-पांच घंटे मिलती थी। शुरुवाती दौर में वह जिला मुख्यालय के एक होटल में ठहरी थी। फिर उसे फराज खान ने कपसेठी गांव में प्रहलाद साहू का मकान किराये पर दिलवा दिया था। वह अपने एक साल के बेटे के साथ उसी मकान में ठहरती थी। उसके साथ एक केयरटेकर व वाहन चालक नियाज भी रहता था। डीआईजी ने बताया कि निखत के लिए सभी व्यवस्थायें सपा नेता फराज खान करता था। जेल के कुछ अफसरों को नकदी व महंगे गिफ्ट भी फराज खान ने ही भिजवाये थे। कुछ और नेताओं के नाम सामने आये हैं। उनकी तलाश जारी है। डीआईजी डॉ मिश्रा ने बताया कि जेल अधिकारियों और कर्मचारियों के तार इस कांड में जुडे हैं। पूंछताछ को उन्हें भी बुलाया जा रहा है। ऐसे लोगों के खिलाफ कार्यवाही तय है। सभी साक्ष्य जुटाये जा रहे हैं। जेल में ये सब खेल नकदी और गिफ्ट के लोभ में मिलीभगत से किया गया है। पूंछताछ में फराज का नाम आने पर उसे दबोचा गया है।

एसपी वृन्दा शुक्ला ने बताया कि निखत और परिजनों ने जिले में कई जगह सम्पर्क किया है। जनवरी माह में 25 दिन और फरवरी माह में नौ दिन अब्बास अंसारी से मिलने जेल पहुंची थी। आरोपी पुलिस कर्मियों को निलम्बन अवधि में अलग-अलग जगह सम्बद्ध किया गया है।

# क्विक न्यूज

## भ्रष्टाचार को लेकर अधिवक्ताओं ने किया प्रदर्शन

**फतेहपुर।** जिले की तीनों तहसीलों में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर व्यवस्था परिवर्तन अधिवक्ता संगठन के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया तत्पश्चात जिलाधिकारी को तीन सूत्रीय ज्ञापन सौंपकर मांगों को पूरा किए जाने की आवाज बुलंद की। व्यवस्था परिवर्तन अधिवक्ता संगठन के अध्यक्ष श्रीराम पटेल व महासचिव सैय्यद आसिफमकसूद की अगुवाई में पदाधिकारी कलेक्ट्रेट पहुंचे और प्रदर्शन किया। अधिवक्ताओं ने कहा कि कलेक्ट्रेट समेत तीनों तहसीलों के कार्यालयों में भ्रष्टाचार व्याप्त है। जिसका निराकरण एक लंबे समय से नहीं हो सका है। वादकारी व अधिवक्ता भ्रष्टाचार का शिकार हो रहे हैं कोई भी कार्य नियम से नहीं होता। ज्ञापन में बताया कि सब रजिस्ट्रार कार्यालय फतेहपुर को पुरानी तहसील से कलेक्ट्रेट परिसर/तहसील परिसर में स्थानान्तरित किया जाये क्योंकि वहां पर माफियाओं का प्रभाव है व जीयन कराने वालों को लूटा जाता है। विगत कुछ समय से अधिवक्ताओं के साथ कर्मचारियों द्वारा अभद्रता की जा रही है। अधिवक्ता साथी अपने को सुरक्षित नहीं महसूस कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में अधिवक्ताओं को सुरक्षा प्रदान किया जाये और अभद्रता करने वालों पर सख्त कार्रवाई हो। राजस्व न्यायालयों के वादों में जो आख्या तहसील व थानों से आनी होती है उसकी कोई समय सीमा तय नहीं है। वादकारी से मनमानी धन उगाही व विशेष प्रयास करने के पश्चात ही आख्या नहीं आ पाती।

## अज्ञात कारणों से नवयुवक ने लगाई फांसी

**मौदहा,** हमीरपुर। एक नवयुवक ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी का फंदा लगा आत्महत्या कर ली है,पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए हमीरपुर भेज दिया है। मौदहा कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पिपरौदा निवासी हरि कुवर के पुत्र संजय 22 वर्षीय ने आज सुबह अपने घर के अंदर छप्पर में लगी बल्ली में मफलर से गले में फंदा डाल फांसी लगा ली जब तक परिजन कुछ समझ पाते तब तक युवक की मृत्यु हो चुकी थी। यह देख परिजनों में हड़कंप मच गया और आनन-फानन में कोतवाली पुलिस को सूचना दी गई। इस पूरे मामले में कोतवाल हेमंत कुमार मिश्रा ने बताया कि मृतक के शव को कब्जे में लेकर मेडिकल परीक्षण के लिए हमीरपुर भेज दिया है। बताते चलें कि अभी तक मृतक के आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। इस घटना से गांव में सन्नाटा छा गया है और परिजनों का रो रो कर बुरा हाल मचा हुआ है।

## वित्तीय साक्षरता शिविर में आरटीजीएस के लिए किया जागरूक

**कालपी,** जालौन। सुरक्षित लेनदेन के लिए आरटीजीएस व एनईएफटी का प्रयोग करें। इसके प्रयोग से लेनदेन तो सुरक्षित रहता ही है साथ ही समय की भी बचत होती है। इसके साथ ही गूगल पे, फोन पे और पेटीएम के साथ ही मिनी एटीएम के प्रयोग करें। यह बात साधन सहकारी समिति कदौरा के सचिव राजेंद्र वर्मा ने नाबार्ड के सहयोग से व जेडीसी बैंक कदौरा के तत्वाधान में आयोजित वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम बरखेड़ा में कही। उन्होंने बताया बैंक में संचालित सीसी लिमिट के माध्यम से छोटे अथवा बड़े उद्यमी अपना व्यवसाय संचालित कर आत्मनिर्भर हो सकते हैं। यह उसी तरह होता है जैसे किसान क्रेडिट कार्ड। विशेषज्ञ रिशाल सिंह ने कहा कि पांच लाख तक प्रत्येक खाताधारक की जमा धनराशि पर बैंक द्वारा बीमा कराया जाता है। उन्होंने यह भी बताया की साधन सहकारी समिति के माध्यम से छोटे किसान किराए पर कृषि यंत्र लेकर कृषि कार्य कर सकते हैं साथ ही बड़े किसानों के लिए ट्रैक्टर एवं कृषि यंत्रों हेतु ऋण की भी सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि कृषकों के लिए 3 फीसदी ब्याज पर सबसे सस्ता कृषि ऋण उपलब्ध है।

## बदहाली के आंसू बहा रहा राजा घाट, पार्क की भी दशा खराब

**चित्रकूट।** जिला मुख्यालय स्थित मन्दाकिनी किनारे राजा घाट बदहाली का शिकार है। यहां पर तमाम महिलायें स्नान करने प्रतिदिन आती हैं और पूजन-अर्चन भी करती हैं। इसके बाद भी राजा घाट बदहाली के आंसू बहा रहा है। मंगलवार को जिला मुख्यालय स्थित मन्दाकिनी किनारे राजा घाट का कोई पुरसाहाल नहीं है। यहां पर प्रतिदिन तमाम महिलायें स्नान कर पूजन-अर्चन करती हैं। महिलाओं की सुविधा को घाट में कोई व्यवस्था नहीं है। नगर पालिका प्रशासन भी कोई व्यवस्था नहीं करा रहा है। इस घाट पर गौशाला का गोबर दिनभर बहता रहता है। गोबर की गन्दगी में महिलायें स्नान न पूजन करती हैं। वार्ड मेम्बर सुशील श्रीवास्तव ने राजा घाट की बदहाली की समस्या उठाई है। उन्होंने मांग किया है कि नगर पालिका कर्वी राजा घाट में महिलाओं के स्नान व पूजन की बेहतर व्यवस्था करें। इसी क्रम में पुरानी बाजार के तुलसी पार्क की दशा भी खासी बदहाल है। नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारी इस पार्क पर दस रुपये भी खर्च नहीं कर रहे। इस पार्क में पुरानी बाजार के सम्मानित लोग प्रतिदिन सवेरे-शाम घूमने आते हैं। पार्क की बदहाली देखकर सभी लोग नगर पालिका प्रशासन को कोसते हैं।

## हत्यारे पति को दस व सास समेत तीन को नौ-नौ साल की कैद

**फतेहपुर।** दहेज हत्या के एक मामले मे पति को दस व सास समेत तीन ससुरालियों को अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट प्रथम ने नौ-नौ साल की सजा सुनाई है। वहीं सभी आरोपियों पर अलग-अलग धाराओं में 14 हज़ार का अर्थदंड भी लगाया है। जुर्माने की राशि अदा न पर दोषियों को अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी। सहायक शासकीय अधिवक्ता रासबिहारी श्रीवास्तव ने बताया कि थरियांव थाना क्षेत्र के आरापुर गांव निवासी अमृतलाल ने अपनी बेटी अनसूईया की शादी 20 मई 2009 को कमालीपुर के रहने वाले नंदलाल के पुत्र राकेश के साथ की थी। शादी के बाद से ही पति राकेश, सास सुदामा देवी, देवर मनोज कुमार व ननंद शांति देवी अतिरिक्त दहेज में एक लाख रुपये नगद और एक बीघा जमीन की मांग कर रहे थे। मांग पूरी न होने पर महिला को आए दिन उक्त ससुरालीजन प्रताड़ित करते थे। आरोप है कि 15 अक्टूबर 2014 को ससुरालियों ने महिला को मौत के घाट उतार दिया। घटना की सूचना पर पहुंचे मायके पक्ष से पिता अमृतलाल ने स्थानीय थाने में तहरीर दी। इस पर पुलिस ने उक्त चारों आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया। इसके बाद न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर आरोपियों को जेल भेज दिया था। मंगलवार को मामले की सुनवाई हुई।

## एआरटीओ कार्यालय में युवक ने काटी हाथ की नस

**उरई,** जालौन। आये दिन चर्चाओं में रहने वाले सहायक सम्भगीय परिवहन कार्यालय एक और कारनामा बुधवार की दोपहर में उस दौरान सामने आया जब 21 वर्षीय युवक मनीष ने भ्रष्टाचार से परेशान होकर कार्यालय में एआरटीओ के कमरे में एआरटीओ के सामने ही अपने हाथ की नश काट ली। बताया जाता है एनओसी देने के नाम पर डीबीए पीड़ित युवक से कथित रूप से आर्थिक हित की उदरपूर्ति करने के लिये उसे परेशान कर रहा था। एआरटीओ कार्यालय की कारगुजारियों की लिखित शिकायत पहले ही भाजपा का अनुशासगिक संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कर चुका है। लेकिन इतने गंभीर मामले पर भी प्रशासन की शिथिलता कहें या नाकामी कि भ्रष्टचार की मजबूत जड़ें अब भी सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय को जकड़े हुऐ हैं। हर दिन एक नई घटना घटित हो जाती है। फिलहाल तो आनन फानन में पहले तो युवक का पूरा काम किया गया बाद में उसे राजकीय मेडिकल कालेज में उपचार हेतु भर्ती कराया गया।

# झांसी-कानपुर रेलखंड पर रेलवे ट्रैक के दोहरीकरण का काम हुआ पूरा

**उरई,** जालौन। झांसी-कानपुर रेलखंड के 205.86 किलोमीटर रेल ट्रैक का काम मंगलवार को पूरा हो गया। रेल संरक्षा आयुक्त मोहम्मद लतीफ खान ने मलासा से पामा के करीब 18 किलोमीटर रेलवे ट्रैक का निरीक्षण कर 120 की स्पीड से स्पीड ट्रायल किया। यह दूरी 11 मिनट में तय की। रेलवे अधिकारियों का है कि रेलवे ट्रैक के दोहरीकरण के काम पूरा होने से अब इस रेलमार्ग की यात्रा सुगम हो जाएगी। ट्रेनों को क्रासिंग के चक्कर में खड़ा नहीं होना पड़ेगा। साथ ही ट्रेनों की स्पीड भी बढ़ जाएगी। जिससे यात्रियों की यात्रा जल्दी पूरी होगी। पूर्वांचल से मुंबई और दक्षिण भारत जाने वाले इस रेलखंड के दोहरीकरण का काम वर्ष 2010 से शुरू हुआ था। इस काम को 2020 तक पूरा होना था लेकिन यात्रियों को सहूलियत होगी।

बता दें कि इस रेलखंड के दोहरीकरण का काम वर्ष 2010 से शुरू हुआ था। इस काम को 2020 तक पूरा होना था लेकिन काम देरी से चलने का कारण वर्ष 2023 में पूरा हो पाया। इस काम को करने की जिम्मेदारी रेलवे बोर्ड ने रेल विकास निगम लिमिटेड (आरवीएनएल) को दी थी। आरवीएनएल ने इस रेलखंड को तीन चरणों में बांटकर अलग अलग कंपनियों को काम सौंपा था। इन कंपनियों ने दस चरणों में इस ट्रैक का काम पूरा किया। इस दसवें चरण का काम कानपुर की कांति इंफ्राबिल्ड प्राइवेट लिमिटेड और विष्णु शरण एंड कंस्ट्रक्शन कंपनी को सौंपा गया था। कंपनी के एमडी गौरव जैन ने बताया कि इसका काम तय समय में पूरा कर लिया गया। अधिकारियों ने इसकी सराहना भी की।

# भाजयुमो जिला अध्यक्ष ने बिंदकी के लिए मांगा आउटडोर व इनडोर खेल का मैदान

संवाददाता। फतेहपुर



- केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर से भेंट कर सौंपा मांग पत्र

**भारतीय** जनता युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष मधुराज विश्वकर्मा ने बिंदकी नगर पालिका क्षेत्र में इनडोर व आउटडोर खेल के मैदान निर्माण की मांग को लेकर दिल्ली स्थित 22, अशोक मार्ग में केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री भारत सरकार अनुराग ठाकुर से भेंट कर मांग पत्र सौंपा। जिला अध्यक्ष ने फतेहपुर जनपद में खेल के प्रति जागरूकता एवं उत्साह को लेकर आश्वस्त किया कि यदि उक्त निर्माण होता है तो वह दिन दूर नहीं होगा, जब जनपद से भी ओलंपिक खेलने के लिए प्रतिभाएं निखर कर सामने आएंगी। बताया कि विगत कई वर्षों से युवाओं में खेल के प्रति रुझान बड़ा है तथा कराए गए विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर तक युवाओं का प्रदर्शन सराहनीय रहा है। ग्रामीण अंचलों में युवाओं के उत्साह एवं ऊर्जा का सही प्रकार से उपयोग कर जनपद प्रदेश एवं देश का नाम रोशन हो सकता है। कहां की खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत बिंदकी में उपरोक्त मैदान का निर्माण आसपास के क्षेत्र को भी समाहित कर लेगा। बिंदकी तहसील में जहानाबाद एवं बिंदकी दो विधान सभाएं आती हैं जिनकी आबादी लगभग 12 लाख के करीब है तथा एक भी पार्क नहीं है।

मुलाकात के पश्चात जिला अध्यक्ष मधुराज विश्वकर्मा ने बताया कि मुलाकात सार्थक रही तथा आश्वासन के अनुसार आने वाले समय में एक भव्य इनडोर एवं आउटडोर मैदान बनवाया जाएगा।

# अवैध खनन व परिवहन में पांच करोड़ से अधिक वसूला राजस्व

संवाददाता। फतेहपुर

- खनन विभाग ने वित्तीय वर्ष में 1256 ओवरलोड गाड़ियों का किया चालान
- प्रयागराज मंडल में फतेहपुर जनपद टॉप, कार्रवाई से मचा रहा हड़कम्प
- सरकार की ओर से जिले में किया गया है विशेष टास्क फोर्स का गठन
- अवैध खनन के साथ ओवरलोड भारी वाहनों पर हो रही कार्रवाई

**जनपद** में अवैध खनन की गतिविधियों के खिलाफ चलाए जा रहे संयुक्त अभियान में प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। जनपद में मौरंग और बालू की चार खदानें एक्टिव मोड में हैं। इनसे लगातार अवैध खनन और ओवरलोड की खबरें आती रहती हैं। जिले में होने वाले अवैध खनन के अलावा मध्य प्रदेश से आने वाले ओवरलोड भारी वाहन भी कार्रवाई की जद में आए हैं। प्रयागराज मंडल के चार जिले प्रतापगढ़, प्रयागराज, कौशांबी और फतेहपुर में सबसे ज्यादा फतेहपुर से राजस्व वसूला गया है।

भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से सरकार की ओर से जनपद में विशेष टास्क फोर्स बनाई गई है। इसमें परिवहन, प्रशासन और आयकर विभाग के अधिकारियों की टीम बनाई गई है, जिसमें एक साथ छापा मारकर अवैध खनन, ओवरलोड और टैक्स चोरी करने वाली गाड़ियों पर कार्रवाई करते हैं। इसके तहत टीम द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। जनपद में गिट्टी और मौरंग के लिहाज से मुख्य प्वाइंट माना जाता है। एक दिन में यहां से करीब पन्द्रह जनपदों की गाड़ियां निकलती हैं। टास्क फोर्स द्वारा सड़कों पर जांच करते हुए इस वित्तीय वर्ष में बारह सौ से अधिक गाड़ियों का चालान किया गया हैं, जिससे करीब साढ़े पांच करोड़ रुपए का राजस्व वसूल किया गया। टास्क फोर्स की कार्रवाई: जिले में लगातार हो रहे अवैध खनन और ओवरलोड के खिलाफ टास्क फोर्स द्वारा चलाए गए अभियान से मौरंग, गिट्टी और ओवरलोड परिवहन पर प्रभावी कार्रवाई के चलते हड़कंप मचा हुआ है। इसी क्रम में बीती रात खनन विभाग ने कार्रवाई करते हुए दो वाहनों को भी सीज किया। लगातार जारी रहेगा अभियान: जिला खनन अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि अवैध खनन और ओवरलोड परिवहन पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान जहां भी खामियां मिली हैं उन पर प्रभावी कार्रवाई की गई है। आगे भी अवैध खनन, ओवरलोड परिवहन और सेल टैक्स जैसी अनियमितताओं पर दौर जारी रहेगा।

## हरदौलपुर रेलवे क्रासिंग का भाकियू ने उठाया मुद्दा

**फतेहपुर।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की बैठक में कल्यानपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली हरदौलपुर रेलवे क्रासिंग को बंद किए जाने का मुद्दा उठाया गया। यूनियन के नाराज पदाधिकारियों ने कहा कि रेलवे विभाग की उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जायेगी। चौबीस फरवरी को रेलवे लाइन जाम की जायेगी। मंगलवार को नहर कालोनी के प्रांगण में भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की मासिक बैठक जिलाध्यक्ष राजकुमार सिंह गौतम की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में तमाम पदाधिकारियों के साथ-साथ किसानों ने हिस्सा लिया। बैठक में उपस्थित किसानों ने बताया कि हरदौलपुर रेलवे क्रासिंग को रेलवे द्वारा बंद कर दिया गया है। जिससे आठ से दस गांव प्रभावित हो रहे हैं। यूनियन के नेताओं ने कहा कि इसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा और चौबीस फरवरी को रेलवे लाइन जाम कर प्रदर्शन किया जायेगा। इसके अलावा चौदह मार्च को शाम छह बजे रेलवे स्टेशन से संगम एक्सप्रेस के जरिये पदाधिकारी मेरठ कमिश्नरी के लिए रवाना होंगे। सभी ब्लाक अध्यक्ष इसकी तैयारी शरू कर लें। बैठक में अन्य समस्याओं पर भी चर्चा की गई। इस मौके पर अंकित सिंह चौहान, प्रीतम सिंह, दीपक गुप्ता, छोटू परिहार, संजय शुक्ला, सोनू सिंह, आजम खान, सोनू सिंह, अजय प्रजापति, बउवन शुक्ला, भानू प्रताप, सुरेश शुक्ला, ओमदत्त प्रधान, वीरेंद्र शिवहरे, रज्जन तिवारी भी मौजूद रहे।

# बांदा पुलिस ने छापा मारकर भारी मात्रा में सुपाड़ी व मशीनें बरामद कीं, दो गिरफ्तार



संवाददाता। राठ, हमीरपुर

**जनपद** बांदा के पैनाली और राठ पुलिस ने संयुक्त रुप से कस्बे के कांशीराम कालोनी दीवानपुरा व चिल्ली गांव में आज देर शाम गुटका फैक्ट्री में छापा मारा। पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में कटी सुपाड़ी और लौंग, इलायची बरामद की हैं। चिल्ली गांव में छापामार कर दो गुटखा बनाने की मशीन, और एक पिकअप मिश्रित लहन बरामद किया है। मौके से दो लोगो को गिरफ्तार कर लिया है। मंगलवार को गुटखा फैक्ट्री की सूचना पर सीओ पीके सिंह के नेतृत्व में कोतवाल तारा पटेल सिंह और पैनाली थाने के दारोगा बीरेंद्र सिंह ने काशीराम कॉलोनी के सामने बंद पड़े मकान में छापा मारा। काफी देर तक ताला खुलने का इंतजार करने के बाद जब ताला नहीं खुला तब पुलिस ने ताला तोड़ दिया। पुलिस को अंदर सुपाड़ी काटने वाली मशीन, 13 बोरा कटी सुपाड़ी, 7 बोरा लौंग की लकड़ी, 2 बोरा अधकटी सुपाड़ी, 13 बोरा सुपाड़ी का बुरादा, दो पैकेट छोटी इलायची, 6 बोरी कटी सुपाड़ी, पांच किलो लौंग बरामद हुई। वहीं चिल्ली गांव में बांदा और मुस्करा पुलिस ने खेत में बने मकान में छापा मारा। पुलिस टीम ने मौके से दो गुटखा मशीन, एक पिकअप मिश्रित सुपाड़ी बरामद की हैं।

# सचल दल ने किया यूपी बोर्ड परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

संवाददाता। चित्रकूट




- मजिस्ट्रेटों की निगरानी में हो रहीं परीक्षाएं- बलिराज राम

**उत्तर** प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित हाई स्कूल/ इंटरमीडियट बोर्ड परीक्षाएं शासन की मंशानुरूप नकलविहीन शांतिपूर्ण माहौल में परीक्षाएं चल रही हैं । प्रदेश स्तरीय सचल दल के सहायक शिक्षा निदेशक प्रयागराज बलिराज राम ने बुधवार को कई परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। इसके अलावा मॉनिटरिंग सेल में पहुंचकर मॉनिटरिंग सेल प्रभारी रामजन्म यादव उप जिलाधिकारी के साथ जिले के कई केंद्रों की परीक्षाओं का जायजा लिया। वहीं मंडल स्तरीय सचल दल प्रभारी उप शिक्षा निदेशक मंसाराम पटेल ने चित्रकूट इंटर कॉलेज कर्वी में स्थापित जिला संकलन केंद्र का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान मंडल स्तरीय सचल दल प्रभारी उप शिक्षा निदेशक मंसाराम पटेल ने उत्तर पुस्तिकाओं के बंडलओं का रखरखाव को भी देखा। उन्होने कहा कि कापियों को कीटनाशक दवाओं के सहारे सुरक्षित रखा जाए। बताया कि परीक्षाओं के संचालन में विभाग पूरी तरह चौकस है, कहीं कोई अव्यवस्था नहीं है। जनपद चित्रकूट में बोर्ड परीक्षाएं बहुत अच्छे ढंग से संचालित की जा रही हैं। प्रथम पाली में हाईस्कूल गणित व इंटरमीडिएट व्यवसायिक वर्ग प्रथम प्रश्न पत्र और दूसरी पाली में इंटर कंप्यूटर , गृह विज्ञान तथा व्यवसायिक अध्ययन विषय की परीक्षा संपादित हुई। डीआईओएस देवेंद्र स्वरूप ने बताया कि जिले को व्यवस्था की दृष्टि से 7 सेक्टर और 4 जोन में विभाजित कर जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द द्वारा जिला स्तरीय अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। इसके अलावा प्रत्येक परीक्षा केंद्र में केंद्र व्यवस्थापक और प्रशासन की ओर से प्रशासनिक अधिकारी को स्टैटिक मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात किया गया है। इसी तरह मॉनिटरिंग सेल में प्रशासन की ओर से उप जिलाधिकारी न्यायिक रामजन्म यादव प्रशासनिक प्रभारी हैं उनके निर्देशन में अनिल कुमार नेहा द्विवेदी प्रमोद कुमार पाल प्रियंका पांडेय हैं।

मॉनिटरिंग सेल से ही जिले के सभी 44 परीक्षा केंद्रों की निगरानी सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से की जा रही है। यहां पर बैठे-बैठे दूरदराज के परीक्षा केंद्रों के कक्षा तक की प्रत्येक गतिविधि को देखा जा सकता है।

# हरी लकड़ी की अवैध कटान का धंधा जोरों पर

**फर्रुखाबाद** । स्थानीय पुलिस व वन विभाग की मिलीभगत से हरे पेड़ों पर लकड़ी माफि या आरा चलवा रहे। हरी लकड़ी लदा ट्रैक्टर आरा मशीन पर जाते हुए वीडियो बायरल हो रहा है। एक ओर प्रदेश सरकार पर्यावरण को बचाने के लिए वृक्षारोपण करवा रही है और उस पर करोड़ों अरबो रुपया पानी की तरह खर्च कर रही है। लेकिन वही जिले का सरकारी तंत्र पर्यावरण को चूना लगा रहा है। कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के बरझाला आरा मशीन पर हरे पड़े काट कर लकडी ले जाने का वीडियो बायरल हो रहा है। थाना नवाबगंज क्षेत्र के ग्राम भटासा में लकड़ी कटान बड़ी तेजी चल रहा है। वन विभाग के कर्मचारियों व स्थानीय पुलिस की सांठगांठ से हरी लकड़ी कटान का धंधा तेजी से चल रहा है । स्थानीय ग्रामीण बताते है कि सरकारी तंत्र पैसे लेकर लकड़ी माफिओं से मोटी रकम लेकर हरे पेड़ कटवा रहा है।

# हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की 28 सदस्यीय कार्यकारिणी ने ली शपथ, जिम्मेदारी संभाली

संवाददाता। प्रयागराज



**इलाहाबाद** हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की 28 सदस्यीय नई कार्यकारिणी ने मंगलवार को दायित्व संभाल लिया। परिसर में आयोजित भव्य समारोह में कार्यकारिणी को शपथ दिलाई गई। जिसमें भारी संख्या में अधिवक्तागण शामिल हुए। इस मौके पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने कहा कि उनके कार्यकाल का मुख्य उद्देश्य अधिवक्ताओं के हितों का ध्यान रखना है। अधिवक्ता हित के लिए कार्यकारिणी समर्पित रहेगी।

बार के महासचिव नितिन शर्मा ने कहा कि अधिवक्ताओं के हित उनके लिए सर्वोपरि होगा। वह इसी दिशा में काम करेंगे। इसके पूर्व मुख्य चुनाव अधिकारी अनिल भूषण उप चुनाव अधिकारी वशिष्ठ तिवारी और महेंद्र बहादुर सिंह ने नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण कराया।

इस मौके पर निवर्तमान अध्यक्ष राधाकांत ओझा महासचिव एसडी सिंह जादौन संयुक्त सचिव प्रेस आशुतोष त्रिपाठी सहित पूरी कार्यकारिणी और एल्डर्स कमेटी के सदस्य मौजूद रहे। यंग लायर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष संतोष त्रिपाठी उपाध्यक्ष भानु देव पाण्डेय और महासचिव जे बी सिंह आदर्श अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष शरद चंद्र मिश्र उपाध्यक्ष पूजा मिश्रा महासचिव सभाजीत सिंह प्रयागराज अधिवक्ता संघ अध्यक्ष नरेंद्र कुमार चटर्जी महासचिव राजेश त्रिपाठी आदि ने नई कार्यकारिणी को बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, महासचिव नितिन शर्मा वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित कुमार श्रीवास्तव, उपाध्यक्षगण आशुतोष पांडेय अशोक कुमार त्रिपाठी अजय कुमार मिश्र जय हिंद अरविंद कुमार श्रीवास्तव स्वर्णलता सुमन संयुक्त सचिव प्रशासन सर्वेश कुमार दुबे संयुक्त सचिव लाइब्रेरी, अजय सिंह संयुक्त सचिव प्रेस, अमरेंदु सिंह संयुक्त सचिव महिला अंजना चतुर्वेदी कोषाध्यक्ष, आशीष कुमार मिश्र कार्यकारिणी सदस्य प्रीति द्विवेदी सरिता सिंह अभ्युदय त्रिपाठी आदि ने शपथ ग्रहण की।

# कालपी पुलिस ने बालू खनन पट्टाधारक को गिरफ्तार कर जेल भेजा

**कालपी,** जालौन। स्थानीय प्रशासन द्वारा अवैध खनन तथा परिवहन के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत अपराधिक मामले में वांछित चल रहे एक पट्टाधारक को कालपी कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। ज्ञात हो कि गत 30 जनवरी को ज्वाइंट मजिस्ट्रेट उप जिलाधिकारी अभिषेक कुमार आईएएस, क्षेत्राधिकारी डा. देवेन्द्र पचौरी, खनन अधिकारी मुकेश मिश्रा की टीम ने ओवरलोडिंग व अवैध मौरम खनन तथा परिवहन के अभियान में खण्ड सख्यां 14 के पट्टा धारक मकसूद अहमद पुत्र नसीम अहमद उम्र 32 वर्ष निवासी ग्वालटोली हमीरपुर समेत 7 लोगों के विरुद्ध धारा 379, 411, 420, 467, 34 आईपीसी व उप्र खनिज अपरिहार्य नियमावली 3/58/72 व 4/21 खान खनिज अधिनियम 3/4 लोक सम्पत्ति क्षति निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कराया गया था। जिसमें ट्रक संचालकों समेत 5 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

# राष्ट्र के नाम संबोधन में पश्चिमी देशों पर भड़के पुतिन

● यूक्रेन पर हमले का बचाव किया

**भाषा।** मास्को



**रूस के** राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने मंगलवार को राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में पश्चिमी देशों पर संघर्ष को भड़काने का आरोप लगाया और पड़ोसी देश यूक्रेन पर हमले का बचाव किया। अपने बहुप्रतीक्षित संबोधन में पुतिन ने रूस और यूक्रेन को पश्चिमी देशों के दोहरे रवैए का पीड़ित बताया और कहा कि यूक्रेन नहीं, बल्कि रूस अपने अस्तित्व के लिए लड़ाई लड़ रहा है। शुक्रवार को युद्ध के एक साल होने से पहले पुतिन ने कहा, हम यूक्रेन के लोगों से नहीं लड़ रहे। यूक्रेन कीव के शासन का बंधक बन गया है और पश्चिमी आकाओं ने देश पर प्रभावी रूप से कब्जा कर लिया है। पुतिन ने अपने संबोधन में बार-बार युद्ध को जायज करार दिया और यूक्रेन में कब्जे वाले इलाकों से सैनिकों को हटाने की अंतरराष्ट्रीय मांगों को खारिज कर दिया। रूस की रणनीतिक हार साबित करने के लिए पश्चिमी अभिजात्य वर्ग अपने लक्ष्यों को छिपाने की कोशिश नहीं कर रहे हैं। उन्होंने स्थानीय संघर्ष को वैश्विक टकराव में बदलने के इरादे जताए हैं। रूस इसका जवाब देने के लिए तैयार है, क्योंकि यह हमारे देश के अस्तित्व का मामला होगा। राष्ट्रपति के संबोधन का रूस के सभी सरकारी टीवी चैनल पर प्रसारण किया गया। पुतिन ने सांसदों, सरकारी अधिकारियों और यूक्रेन में जंग लड़ रहे सैनिकों के समक्ष अपने संबोधन में कहा, यह वे (देश) हैं, जिन्होंने युद्ध शुरू किया...और हम इसे खत्म करने के लिए बल प्रयोग कर रहे हैं। संविधान में प्रावधान है कि राष्ट्रपति हर साल देश को संबोधित करेंगे। हालांकि, पुतिन ने 2022 में एक बार के अलावा कभी संबोधित नहीं किया, जब उनके सैनिकों ने यूक्रेन पर हमला किया। पुतिन ने कहा कि पश्चिमी देश जानते हैं कि युद्ध के मैदान में रूस को हराना असंभव है, इसलिए उन्होंने ऐतिहासिक तथ्यों को गलत तरीके से प्रस्तुत करके दुष्प्रचार हमले शुरू किए। रूसी संस्कृति, धर्म और मूल्यों पर हमला किया। युद्ध को जायज बताते हुए पुतिन ने दावा किया कि उनकी सेना यूक्रेन के क्षेत्रों में नागरिकों की रक्षा कर रही है। राष्ट्रपति ने कहा, हम लोगों के जीवन, अपने घर की रक्षा कर रहे हैं...और पश्चिम वर्चस्व स्थापित करने का प्रयास कर रहा है। पश्चिमी देशों पर रूस को धमकाने का आरोप लगाकर पुतिन ने अक्सर यूक्रेन पर अपने आक्रमण को सही ठहराया है। वहीं, पश्चिमी देशों का कहना है कि रूस की सेना ने यूक्रेन पर अकारण हमला किया। रूस के राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन के प्रवक्ता दमित्री पेसकोव ने पुतिन के संबोधन के पहले कहा कि राष्ट्रपति यूक्रेन में विशेष सैन्य अभियान , रूस की अर्थव्यवस्था और सामाजिक मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करेंगे। रूस यूक्रेन में अपनी कार्वाई को विशेष सैन्य अभियान कहता है। पेसकोव ने कहा कि पुतिन के व्यस्त कार्यक्रम के कारण संबोधन में देरी हुई। हालांकि, कुछ खबरों में कहा गया कि यूक्रेन में जंग के मैदान में रूसी सैन्य बलों को कई झटकों के कारण देरी हुई। पुतिन के संबोधन से पहले रूस की सरकारी समाचार एजेंसी रिया नोवोस्ती ने कहा कि यह ऐतिहासिक होगा। रूस ने इस वर्ष अमेरिका, ब्रिटेन और यूरोपीय संघ के मीडिया संस्थानों पर प्रतिबंध लगा दिया। पेसकोव ने कहा कि प्रतिबंधित देशों के पत्रकार प्रसारण देखकर भाषण को कवर कर सकेंगे।

# ऐसा गलियारा विकसित कर रहे जो भारत के साथ व्यापार सहयोग के नए मार्ग खोलेगा: पुतिन

**भाषा।** मास्को

**रूस के** राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने मंगलवार को कहा कि रूस महत्वाकांक्षी उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारा विकसित कर रहा है जिससे भारत, ईरान और पाकिस्तान के साथ-साथ पश्चिम एशियाई देशों के साथ व्यापार सहयोग के नए रास्ते खुलेंगे। फेडरल एसेंबली में राष्ट्र के नाम एक घंटे 45 मिनट के संबोधन में पुतिन ने यह भी कहा कि रूस आशाजनक अंतरराष्ट्रीय आर्थिक संबंधों का विस्तार करेगा, साथ ही नए आपूर्ति गलियारों का निर्माण करेगा, क्योंकि अमेरिका के नेतृत्व में पश्चिमी देशों ने यूक्रेन युद्ध के लिए रूस के खिलाफ कठोर प्रतिबंध लगाए हैं।

हम काला सागर और अजोव सागर के बंदरगाहों को विकसित करेंगे। हम उत्तर-दक्षिण अंतरराष्ट्रीय गलियारे पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित करेंगे। राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि गलियारा भारत, ईरान, पाकिस्तान के साथ-साथ पश्चिम एशियाई देशों के साथ व्यापार सहयोग के नए मार्ग खोलेगा। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी तास ने पुतिन के हवाले से कहा, हम इस गलियारे को विकसित करना जारी रखेंगे। शुक्रवार को यूक्रेन युद्ध का एक साल पूरा होने के पूर्व, पुतिन ने कहा, राष्ट्र, क्षेत्रों और स्थानीय व्यवसायों को किन क्षेत्रों में अपनी साझेदारी के काम पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए? सबसे पहले, हम आशाजनक अंतरराष्ट्रीय आर्थिक संबंधों का विस्तार करेंगे और नए आपूर्ति गलियारों का निर्माण करेंगे। मास्को-कजान राजमार्ग को एकातेरिनबर्ग, चेल्याबिंस्क और टूमेन तक और भविष्य में इरकुत्स्क और व्लादिवोस्तोक तक तथा संभवत: कजाकिस्तान, मंगोलिया और चीन तक विस्तारित करने का निर्णय लिया जा चुका है, जो विशेष रूप से दक्षिण पूर्व एशिया के बाजार के साथ रूस के आर्थिक संबंधों का विस्तार करेगा। अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारा (आईएनएसटीसी) भारत, ईरान, अफगानिस्तान, आर्मेनिया, अजरबैजान, रूस, मध्य एशिया और यूरोप के बीच माल ढुलाई के लिए 7,200 किलोमीटर लंबी परिवहन परियोजना है। आईएनएसटीसी रूस और यूरोप तक पहुंचने और मध्य एशियाई बाजारों में प्रवेश करने के लिए माल के आयात-निर्यात में लगने वाले समय को कम करने की भारत की दृष्टि और पहल है।

## लोकतंत्र, मजबूत विश्व अर्थव्यवस्था और चीन को पछाड़ने के लिए भारत-अमेरिका संबंध महत्वपूर्ण: शूमर

**वाशिंगटन।** अमेरिका के एक शीर्ष सांसद ने कहा है कि भारत-अमेरिका के बीच मजबूत संबंध लोकतंत्र, प्रौद्योगिकी मे प्रगति और मजबूत विश्व अर्थव्यवस्था के लिए जरूरी है। उन्होने जोर देते हुए कहा कि चीन को पछाड़ने के लिए करीबी द्विपक्षीय संबंध काफी महत्वपूर्ण साबित होंगे। सांसद चक शूमर ने भारत को दुनिया की अग्रणी शक्तियों में से एक बताते हुए कहा कि चीन की तानाशाही का जवाब देने के लिए भारत-अमेरिका के करीबी संबंध महत्वपूर्ण है। सीनेट मे बहुमत के नेता शूमर भारत आए सांसदो के एक उच्चाधिकार प्राप्त संसदीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे है। शूमर के नेतृत्व मे प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को नई दिल्ली मे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। शूमर के कार्यालय ने एक बयान मे कहा कि भारत मे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसदीय प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया और भारत-अमेरिका द्विपक्षीय संबंधो को प्रगाढ़ बनाने के लिए अमेरिकी संसद के निरंतर व द्विदलीय समर्थन की सराहना की।

## ऑस्ट्रिया में बच्चे जलवायु के मुद्दे पर सरकार के खिलाफ अदालत पहुंचे

**बर्लिन।** ऑस्ट्रिया मे करीब 12 बच्चो ने देश की शीर्ष अदालत मे वाद दायर करके सरकार को यह सुनिश्चित करने का आदेश दिए जाने का अनुरोध किया है कि वह जलवायु परिवर्तन के मुद्दे पर कड़ी कार्वाई कर उनके संवैधानिक अधिकारों की रक्षा करे। समूह की एक वकील ने कहा कि संवैधानिक न्यायालय को प्रस्तुत किया गया मामला जर्मनी मे इसी तरह के मुकदमे से प्रेरित है। उक्त मुकदमे ने दो साल पहले वहां की सरकार को ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने के लिए नए लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित किया था।

## चीनी वैज्ञानिक रिहाई के बाद हांगकांग रवाना होंगे

**बीजिंग।** जीन मे बदलाव के साथ दुनिया के पहले शिशु के जन्म का दावा कर पांच साल पहले एक नैतिक बहस शुरू करने वाले चीनी वैज्ञानिक ने मंगलवार को कहा कि वह हांगकांग रवाना होंगे, जहां उन्हे उम्मीद है कि वह दुर्लभ वंशानुगत बीमारियों पर शोध कर पाएंगे। वैज्ञानिक हे जियानकुइ ने 2018 मे लोगो को उस वक्त चौका दिया था, जब उन्होंने जुड़वा लड़कियो के भ्रूण के जीन मे बदलाव करने की घोषणा की थी। वैज्ञानिक समुदाय मे इस कार्य की कड़ी आलोचना की गई थी और इसे नैतिक मूल्यो के खिलाफ करार दिया गया था।

## भारतीय सॉफ्टवेयर इंजीनियर ने शीर्ष फोटोग्राफी प्रतिस्पर्धा जीती

**न्यूयार्क।** अमेरिका मे भारतीय मूल के सॉफ्टवेयर इंजीनियर एवं शौकिया फोटोग्राफर कार्तिक सुब्रमण्यम ने डांस ऑफ ईगल्स नामक अपने फोटो के लिए नेशनल ज्योग्राफिक का प्रतिष्ठित पिक्चर्स ऑफ ईयर पुरस्कार जीता है। शुक्रवार को उन्हें यह खिताब मिला और उनका यह फोटो करीब 5000 प्रविष्टियो मे चुना गया है। उन्हे पत्रिका में नेशनल ज्योग्राफिक के जाने माने फोटोग्राफर के साथ जगह दी गई है।

## अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल ने ताइवान की राष्ट्रपति से मुलाकात की

**ताइपे।** अमेरिकी सांसदो के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को ताइवान की राष्ट्रपति साई इंग वेन से मुलाकात की, जिन्होने ताइवान को अपना क्षेत्र बताने वाले चीन की आपत्तियों के बावजूद दोनो पक्षो के बीच सैन्य सहयोग को गहरा करने का वादा किया। राष्ट्रपति साई ने हाल के वर्षो मे स्वागत किया है। हालांकि चीन ने प्रतिनिधिमंडल के दौरे पर आपत्ति जताते हुए ताइवान की घेराबंदी तेज कर दी है। प्रतिनिधिमंडल के दौरे पर भड़के चीन ने बड़े स्तर पर सैन्य अभ्यास शुरू किया जिसे कई देश ताइवान की घेराबंदी या हमले का पूर्वाभ्यास भी कहते है।

# यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने देश के लोगों में स्वतंत्रता की रक्षा करने की उम्मीद जगाई



**भाषा।** वाशिंगटन

**रूसी आक्रमण** के बाद, पश्चिमी देशों के नेताओं ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की की जान को खतरा होने का अंदेशा जताते हुए उन्हें भाग जाने की सलाह दी थी और अमेरिका ने उन्हें सुरक्षित बच निकलने के लिए एक रास्ता उपलब्ध कराने की पेशकश की थी, लेकिन वह यूक्रेन में ही रहकर अपने देश की स्वतंत्रता की रक्षा करने को लेकर प्रतिबद्ध नजर आए। यूक्रेन पर साल भर पहले रूसी सैनिकों के धावा बोलने के बाद जेलेंस्की ने राष्ट्रपति कार्यालय के बाहर स्थित सुनसान सड़कों पर अपना एक वीडियो बनाया था, जिसमें उनके चार करीबी उनके पीछे खड़े देखे गए थे। जेलेंस्की ने कीव में बने रहने के अपने संकल्प की घोषणा करते हुए कहा था, हम सभी यहां हैं। साथ ही, उन्होंने यूक्रेन की स्वतंत्रता की रक्षा करने की प्रतिबद्धता जताई। युद्ध की शुरूआत से ही जेलेंस्की ने यूक्रेनवासियों को लड़ने के लिए प्रेरित किया है। उन्होंने उन्हें उम्मीद दी।

पिछले एक साल में कई मौकों पर उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए वीडियो में राष्ट्र को संबोधित किया। युद्ध के सारे खौफ के बावजूद जेलेंस्की का अब भी मानना है कि यूक्रेन खुद की रक्षा कर सकता है।

## यूक्रेन में पीड़ा और मौत का साल

**कीव।** यूक्रेन पर 24 फरवरी 2022 को हुए हमले के पहले यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने मॉस्को को आगाह किया था। जेलेंस्की ने रूस को चेताया था कि इसकी परिणति विपुल पीड़ा, गंदगी, रक्तपात और मौत के रूप मे होगी। उन्होने कहा कि युद्ध एक बड़ी आपदा है। हर दिन के हर घंटे ने उन शब्दों को सही साबित किया है। युद्ध छिड़ने की कगार पर भी जेलेसकी अपील कर रहे थे। लेकिन 24 फरवरी, 2022 की तारीख यूक्रेन के लिए प्रलयकारी, रूस के लिए राह बदलने वाली और दुनिया के लिए इतिहास को आकार देने वाली रही। शुक्रवार को आने वाली आक्रमण की पहली वर्षगांठ भयानक और परेशान करने वाली है। यह रूस और यूक्रेन की सीमाओं से परे भी हत्या, विनाश, नुकसान और दर्द का एक पूरा वर्ष चिह्नित करती है। युद्ध से जुड़े मूल्य संबंधी झटके तो सिर्फ एक उदाहरण है। लेकिन सवाल उठता है कि यह कब तक रुकेगा? लेकिन यह सवाल असंतोषजनक है क्योंकि इस बिंदु पर अभी इसका उत्तर नही दिया जा सकता। साल के सभी 365 दिन हुए रक्तपात की पीड़ा और इसके वैश्विक असर को शब्दों मे बयां करना मुश्किल है। शीत युद्ध के बाद से रूस किसी भी समय की तुलना मे अधिक अलग-थलग है। पश्चिमी देश रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की पराजय के लिए एकजुट हो रहे है और यह भी दांव खेल रहे है कि पूर्व-केजीबी जासूस परमाणु हथियार का इस्तेमाल नही करेंगे। चीन सबक ले रहा है जिसका इस्तेमाल ताइवान के खिलाफ किया जा सकता है। रूस के हजारो लोग युद्ध से बचने के लिए विदेश के लिए पलायन कर चुके है, लाखो यूक्रेनी बेघर हो गए है, सैकड़ों अरब डॉलर हथियार जुटाने के लिए झोंक दिए गए जिसने युद्ध को सर्वाधिक घातक बना दिया। इस युद्ध से वैश्विक अर्थव्यवस्था को कई हजार अरब डॉलर से अधिक का नुकसान हुआ है। इस युद्ध के कारण अब तक हजारो लोग मारे जा चुके है और इस संख्या का बढ़ना जारी है

## यूक्रेन में शांति वार्ता से समाधान निकालने में भूमिका निभाना चाहता है चीन

**भाषा।** बीजिंग

**चीन के विदेश** मंत्री चिन गांग ने मंगलवार को कहा कि उनका देश रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष को समाप्त करने में भूमिका निभाना चाहता है। यूक्रेन पर हमले में रूस को चीन का मजबूत राजनीतिक समर्थन प्राप्त है। गांग ने बीजिंग में एक सुरक्षा सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि चीन इस बात को लेकर चिंतित है कि करीब एक साल से चल रहा युद्ध और बढ़ सकता है तथा नियंत्रण से बाहर हो सकता है। चीन शांति वार्ता की अपील करता रहेगा तथा चाहेगा कि एक राजनीतिक समाधान निकालने के लिए चीन की समझदारी का लाभ उठाया जाए। गांग ने संभवत: अमेरिका और उसके सहयोगी देशों द्वारा यूक्रेन को प्रदान की जा रही सैन्य सहायता का जिक्र करते हुए कहा, हम संबंधित देशों से यह अपील भी करते हैं कि आग में घी डालने का काम फौरन बंद कर दें। चीन को जवाबदेह ठहराना बंद करें और आज यूक्रेन, कल ताइवान के विमर्श को हवा देना बंद करें।

# तुर्किए-सीरिया में आए ताजा भूकंप में मरने वालों की संख्या बढ़कर आठ हुई

**भाषा।** इस्तांबुल

**तुर्किए और** सीरिया में सोमवार को आए ताजा विनाशकारी भूकंप में मरने वालों की संख्या बढ़कर आठ हो गई है। अधिकारियों और मीडिया ने मंगलवार को यह जानकारी दी। तुर्किए के आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने कहा कि सोमवार को आए 6.4 तीव्रता के भूकंप के बाद छह लोगों की मौत हो गई और 294 अन्य घायल हो गए, जिनमें से 18 की हालत गंभीर है। वहीं, मीडिया के मुताबिक सीरिया में हामा और टार्टस प्रांतों में भूकंप के दौरान दहशत से एक महिला और एक लड़की की मौत हो गई। सोमवार को आए भूकंप का केंद्र तुर्किए के हाते प्रांत का डेनफे शहर था, जो छह फरवरी को आए 7.8 तीव्रता के भूकंप में सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में से एक है।

### अंताक्या शहर के अवशेष समृद्ध अतीत की कहानी बयां करते

**अंताक्या (तुर्किए)।** मेहमत इस्मेत करीब दो सप्ताह तक अंताक्या की सर्वाधिक लोकप्रिय ऐतिहासिक मस्जिद के खंडहर में रहे, जो तबाह हो चुके शहर की की कभी पहचान हुआ करती थी। यह शहर हजारों सालों से सभ्यताओं के मिलन बिंदु के रूप में मशहूर रहा तथा ईसाई, मुस्लिम एवं यहूदी लोग इसका सम्मान करते थे। भूकंप में हजारों लोगों की मौत के बाद 74 वर्षीय बुजुर्ग ने हबीब नज्जर मस्जिद में शरण ली। वह मस्जिद के बचे रह गए कुछ मेहराबों के नीचे सोए और दुआ की। वह अपने अतीत के लिए विख्यात शहर के भविष्य को लेकर शोक मना रहे हैं। अंताक्या करीब-करीब पूरी तरह नष्ट हो चुका है।

# मुंबई हमले के गुनहगार अब भी पाकिस्तान में खुलेआम घूम रहे हैं: जावेद अख्तर ने लाहौर में कहा



भाषा। लाहौर

**प्रसिद्ध गीतकार** और शायर जावेद अख्तर ने कहा है कि 26111 के मुंबई आतंकवादी हमलों के गुनहगार नॉर्वे या मिस्र से नहीं आए थे, बल्कि पाकिस्तान में अब भी खुलेआम घूम रहे हैं और जब भारत 2008 की इस भयावह घटना की बात करता है, तो पाकिस्तानियों को बुरा नहीं मानना चाहिए। अख्तर ने प्रसिद्ध उर्दू शायर फैज अहमद फैज की याद में यहां आयोजित सातवें फैज उत्सव में यह बात कही जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर है। जब एक श्रोता ने अख्तर से कहा कि वह अपने साथ शांति का संदेश लेकर जाएं और भारतीयों से कहें कि पाकिस्तान एक सकारात्मक, मित्रवत और प्यार करने वाला देश है, इस पर अख्तर (78) ने कहा, हमें एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप नहीं लगाने चाहिए। इससे कुछ हासिल नहीं होगा। माहौल तनावपूर्ण है, जिसे शांत किया जाना चाहिए। फैज के पौत्र आदिल हाशमी द्वारा आयोजित और रविवार को संपन्न हुए उत्सव में गीतकार ने कहा, हम मुंबई के लोग हैं, हमने हमारे शहर पर हमला देखा है। वे (हमलावर) नॉर्वे या मिस्र से नहीं आए थे।

# अच्छे स्वास्थ्य के लिए नींद इतनी महत्वपूर्ण क्यों है



**भाषा।** नॉटिंघम

**जब हम सोचते हैं** कि ऐसा क्या है जो खिलाड़ियों को महान बनाता है, तो हम में से कुछ लोग यह सोचेंगे कि शायद वह कम सोते होंगे। लेकिन दुनिया के कई बेहतरीन एथलीटों का कहना है कि भरपूर नींद उनके प्रशिक्षण की दिनचर्या का एक अनिवार्य हिस्सा है और उन्हें अच्छा प्रदर्शन करने में मदद करने की कुंजी है। उदाहरण के लिए, सेरेना विलियम्स हर रात आठ घंटे की नींद लेने की कोशिश करती हैं। एनबीए स्टार लेब्रोन जेम्स प्रति रात आठ से दस घंटे सोने का लक्ष्य रखता है, जबकि एनएफएल के दिग्गज टॉम ब्रैडी का कहना है कि वह जल्दी सो जाता है और कम से कम नौ घंटे की नींद लेता है। इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है, क्योंकि नींद चयापचय, ऊतकों (जैसे हमारी मांसपेशियों) की वृद्धि और मरम्मत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, और स्मृति, प्रतिक्रिया समय और निर्णय लेने की क्षमता की बेहतरी को सुनिश्चित करती है। ए सभी प्रक्रियाएं खेल प्रदर्शन को प्रभावित करती हैं। लेकिन सिर्फ एथलीट ही नहीं है जिनके एथलेटिक प्रदर्शन को उचित नींद से फायदा हो सकता है। यहां तक कि शौकिया जिम जाने वाले भी हर रात पर्याप्त अच्छी नींद लेकर अपनी फिटनेस और स्वास्थ्य के लिए व्यायाम के लाभों को अधिकतम कर सकते हैं। **यहाँ कुछ ऐसे तरीके दिए गए हैं जिनसे नींद आपकी फिटनेस को लाभ पहुँचाती है:** एरोबिक फिटनेस: एरोबिक फिटनेस में सुधार के लिए व्यायाम बहुत अच्छा है। यह एरोबिक क्षमता (भारी भार के साथ तेजी से दौड़ने या साइकिल चलाने में सक्षम होना) और दक्षता (अर्थात आपके शरीर को एक ही गति से चलने या साइकिल चलाने के लिए कम ऑक्सीजन की आवश्यकता होती है।

## अगर आप ताकत या मसल्स बनाना चाहते हैं तो नींद जरूरी है

मांसपेशियों की वृद्धि तब होती है जब मांसपेशियों की संरचना मे नए प्रोटीन जोड़े जाते है - एक प्रक्रिया जिसे मांसपेशी प्रोटीन संश्लेषण के रूप मे जाना जाता है। यह प्रक्रिया व्यायाम और भोजन (विशेष रूप से प्रोटीन) के सेवन से प्रेरित होती है, और कसरत के बाद कम से कम 24 घंटे तक रह सकती है। अनुसंधान से पता चलता है कि कुछ रातों की अपर्याप्त नींद भी पोषक तत्वो के सेवन के लिए मांसपेशियो के प्रोटीन संश्लेषण की प्रतिक्रिया को कम कर देती है।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, Tanveer Ahmad R/o 304/I-76 Ashiana complex, Abul Fazal Enclave Okhla Jamia Nagar New Delhi have changed my son name Mohammad Uzair to Mohammad Aaqib for all purposes.

PD(90276)A

**सार्वजनिक सूचना**

जन साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री राजबीर सिंह पुत्र श्री हुकम सिंह, उक्त संपत्ति property Residential Plot of area measuring 50 Sq. Yds., i.e., 41.805 Sq. Mtrs., out of Khasra No. 11/3, Situated at Naresh Vihar, Khoda Colony Pargana Loni, Tehsil & District Ghaziabad का बिक्री विलेख दिनांक 01.01.1990 पंजीकृत द्वारा प्रपत्र संख्या 3799 के द्वारा मालिक थे। उपरोक्त संपत्ति मेरे मुवक्किल यानि पीरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा वित्तपोषित व बंधक प्रस्तावित है और स्व० राजबीर सिंह के विधिक उत्तराधिकारी श्रीमती ब्रह्मवती, श्री सतीश कुमार और पिंकी को कोई आपत्ति नही है अगर श्री अमीषा सिंह उपरोक्त संपत्ति को बंधक करें। यदि किसी व्यक्ति (ओं) को इस संपत्ति में कोई आपत्ति या दवा है, तो हमें इस नोटिस की तारीख से 7 दिनों के भीतर निम्न पते पर संपर्क करें। अगर कोई दावा नहीं आया तो यह माना जाएगा की किसी का कोई दावा या हक इस प्रॉपर्टी में नहीं है।

राघव तिवारी, अधिवक्ता
830, पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली 110001
Mob.:+91-8076188328

**Public Notice**

NOTICE is hereby given that Mr. Jaspreet Singh Bhalla is owner of the Entire Second floor, without roof rights (the said floor), built-up Property bearing No. 1/6734, area measuring 92 Sq. Yds., out of Khasra No.322 situated in the abadi of Gali No.4, Shankar Block, East Rohtash Nagar, in the area of Village-Sikdarpur, Shahdara, Delhi 110032 vide Gift Deed dated 22.02.2022 (Doc. No. 875). Now, Mr. Jaspreet Singh Bhalla is availing a loan on this property from Bajaj Housing Finance Ltd. by mortgaging the said property. In case anyone has any objection regarding mortgage of the said property, the same may be raised within 7 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas North, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/ 9818228636 (M).

**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that **I, SHEELA GARG W/O LATE SHRI JAI BHAGWAN GARG R/O BT-20, 2ND FLOOR, SHALIMAR BAGH, DELHI-110088** have lost her original property documents as **Possession Letter, Possession Slip, Demand cum Allotment Letter, NOC issued by DDA** in respect of Property Bearing No. 42/7, Block No. C, In the Layout Plan of Lawrence Road Industrial Area, Delhi, have been logged an NCR Vide LR No. 170423/2023 against this effect has been lodged in Crime Branch Police Station Delhi.
Any person claiming any right, interest, having aany objection or found in possession of original documents may write contact with above named person at above address phone No. 9810186592 within **15 days** from the date of publication of this notice.

**परिशिष्ट IV-A**
नियम 8(6) का नियम देखें
**अचल संपत्ति की बिक्री के लिए बिक्री सूचना**

सिक्योरीटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) रूल्स, 2002 के नियम 8(6) और नियम 9(1) के नियमों को पढ़ते हुए सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फायनांशियल असेट्स एंड एन्फोर्समेंट ऑफ सिक्योरीटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के अधीन अचल संपत्ति की बिक्री के लिए ई- नीलामी बिक्री सूचना।

सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) तथा गारेंटर (ओं) को सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित अचल संपत्ति जो सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी है, जिस पर सुरक्षित लेनदार अधिकृत अधिकारी **इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनांस लिमिटेड [CIN: L65922DL2005PLC136029] (सुरक्षित लेनदार द्वारा)** द्वारा **रचनात्मक कब्जा** लिया जा चुका है, को **15.03.2023** को **दोपहर 02.00 से 04.00 बजे** तक "जहाँ है", "जैसा है", और "जो कुछ भी है" की वसूली के लिए ऋण खाता नं. **HHEEOK00156527** के लिए **रु. 10,08,896/- (रुपए दस लाख आठ हजार आठ सौ छियानवे मात्र)** के लिए **14.02.2023** तक बकाया मूलधन, बकाया (विलंब शुल्क के समेत) और ब्याज ऋण समझौते तथा अन्य संबंधित ऋण दस्तावेजों के संदर्भ में लागूभावी ब्याज तथा कानूनी व्यय और अन्य खर्चों के साथ **15.02.2023** से प्रभावी जो **संजय माथुर** और **प्रीति माथुर** पर सुरक्षित लेनदार द्वारा बकाया है की वसूली के लिए बेचा जाएगा।

अचल संपत्ति की नीलामी के लिए आरक्षित मूल्य **रु. 32,00,000/- (रुपए बत्तीस लाख मात्र)** होगा और अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट **(ईएमडी) रु.3,20,000/- (रुपए तीन लाख बीस हजार मात्र)** यानि यह आरक्षित मूल्य के 10% के बराबर होगा।

**अचल संपत्ति का वर्णन**

**प्लॉट नंबर 10डी/83, सेक्टर 10-डी, वसुंधरा, गाजियाबाद-201011, उत्तर प्रदेश में कवर्ड एरिया 52 वर्ग मीटर के साथ दूसरी मंजिल पर फ्लैट है। प्लॉट नंबर 10डी/83 का परिबद्ध इस प्रकार है:-**
**पूर्व : सड़क 9 मीटर चौड़ी**
**पश्चिम : प्लॉट नं. 10डी/90**
**उत्तर : प्लॉट नं. 10 डी/84**
**दक्षिण : प्लॉट नं. 10 डी/82**

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए कृपया सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट यानि www.indiabullshomeloans.com पर दिए गए लिंक को देखे और बोली लगाने के लिए www.auctionfocus.in पर लॉग ऑन करें।

दिनांक: 20.02.2023
स्थान: गाजियाबाद
सही
अधिकृत अधिकारी
इंडियाबुल्स हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

**सार्वजनिक सूचना**

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, कार्यालय संख्या 201-बी, द्वितीय तल, रोड नंबर 1, प्लॉट नंबर बी 3, वाईफाई आईटी पार्क, वागले इंडस्ट्रियल एस्टेट, थाने (पश्चिम)-40060

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | समीर किशोर मजीठिया/निधि समीर मजीठिया/ (LBMUM00001810453)/एवं 602, छठा तल, विठ्ठल कुंज 1, वी.पी. रोड, देना बैंक लेन, मुंबई मर्केंटाइल बैंक के सामने, अंधेरी पश्चिम, मुंबई-400058 | फ्लैट नंबर 1938, 19वां तल, ओसिमो महागुन, मॉडर्न, सेक्टर-78, प्लॉट नंबर जीएच-02, नोएडा-201301 | 24-01-2022 रू. 57,22,075/- | 08-08-2022 |
| 2. | समीर किशोर मजीठिया/निधि समीर मजीठिया/(LBMUM00001844501)/एवं 602, छठा तल, विठ्ठल कुंज 1, वी.पी. रोड, देना बैंक लेन, मुंबई मर्केंटाइल बैंक के सामने, अंधेरी पश्चिम, मुंबई-400058 | फ्लैट नंबर 504, 5वां तल, बी-विंग, एक्मी एन्क्लेव-II, चिन्चावली, मलाड वेस्ट, सीटीएस नंबर 1212 एवं 1195, सर्वे नंबर 422, हिस्सा नंबर 1, मुंबई-400104 | 24-01-2022 रू. 1,88,147.00/- | 08-08-2022 |

सूचना की वैकल्पिक तामील के लिए उपाय किए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 22 फरवरी, 2023
स्थान : नोएडा
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

**सांकेतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, लैंडमार्क बिल्डिंग, चौथी मंज़िल, 228ए, एजेसी बोस रोड, कोलकाता-700020, सीआईएन नंबर : L65190GJ1994PLC021012, www.icicibank.com

जबकि
अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।
कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | लक्ष्मण हलदार/ राहुल हलदार/ सपना हलदार/ धोबा समुद्रगढ़ समुद्रगढ कालना पश्चिम बंगाल, कालना- 713519/ LBDGR00005120579/ LBDGR00005296886 | आर.एस. और एल.आर. दाग संख्या 1329, आर.एस. और एल.आर. दाग संख्या 2132, एल.आर. खतियान नंबर 2085, जेएल नंबर 43, मौजा-नंदई, थाना व ए.डी.एस.आर. कार्यालय-कालना, जिला- बर्दवान, पश्चिम बंगाल (कुल भूमि का क्षेत्रफल 21.08 साटक के साथ-साथ 25 वर्ष पुराना एक पक्का भवन जिसकी माप 1403 वर्गफीट है/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि 16.02.2023 | सितंबर 20, 2022 रु. 60,49,243/- | कालना/ दिल्ली |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : फरवरी 22, 2023
स्थान : दिल्ली/एनसीआर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

# भारत का मानव मिशन गगनयान 2024 में भेजा जाएगा

## ● इस वर्ष दो आरंभिक मिशन भेजेंगे : जितेन्द्र सिंह

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा है कि भारतीय अंतरिक्ष एवं अनुसंधान संगठन (इसरो) पहले मानव मिशन गगनयान के तहत इस वर्ष के उत्तरार्द्ध में दो आरंभिक मिशन भेजेगा। इसके बाद इसरो वर्ष 2024 में भारतीय मूल का मानव अंतरिक्ष में भेजेगा। उन्होंने बताया कि इस वर्ष के उत्तरार्द्ध में भेजे जाने वाले आरंभिक मिशन के दूसरे हिस्से में एक महिला रोबोट व्योममित्र भेजी जाएगी।

सिंह ने पीटीआई भाषा से साक्षात्कार में बताया, गगनयान कार्यक्रम के तहत इसे आजादी के 75वें वर्ष में भेजने की कल्पना की गई थी, लेकिन कोविड काल में काफी कुछ अस्त व्यस्त हो गया। कई कार्यक्रम दो-तीन साल पीछे चले गए। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री ने कहा कि कोविड के दौरान हमारे अंतरिक्ष विज्ञानियों का रूस में प्रशिक्षण चल रहा था, लेकिन उसे बीच में रोकना पड़ा था। सिंह ने बताया कि जब कोविड का प्रकोप थोड़ा कम हुआ तब इन्हें फिर प्रशिक्षण पूरा करने के लिए रूस भेजा गया। उन्होंने कहा कि हालांकि कोविड-19 का जिस तरह से भारत ने मुकाबला किया और संभाला, उसका उदाहरण पूरे विश्व में दिया जाता है। उन्होंने कहा, इस वर्ष के दूसरे हिस्से में गगनयान कार्यक्रम के तहत दो आरंभिक मिशन भेजे जाएंगे। इसमें एक मिशन पूरी तरह से मानवरहित होगा और दूसरे मिशन में व्योममित्र नाम की एक महिला रोबोट भेजी जाएगी। ए दो मिशन सारी प्रक्रिया सम्पन्न करेंगे।



केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इन आरंभिक मिशन का मकसद यह सुनिश्चत करना है कि गगनयान राकेट जिस मार्ग से जाए उसी मार्ग से सुरक्षित भी लौटे। उन्होंने कहा, इसके बाद अगले वर्ष हिन्दुस्तानी मूल का एक मानव अंतरिक्ष में जाएगा।

जितेन्द्र सिंह ने कहा कि वैसे तो भारतीय मूल के व्यक्ति के रूप में राकेश शर्मा इससे पहले अंतरिक्ष जा चुके हैं, लेकिन वह मिशन सोवियत रूस का था जबकि गगनयान मिशन हिन्दुस्तानी होगा और इसे बनाने वाले भी हिन्दुस्तानी होंगे। उन्होंने कहा, गगनयान मिशन आत्मनिर्भर भारत का श्रेष्ठ उदाहरण होगा। यह भारत की अंतरिक्ष यात्रा के इतिहास में मील का पत्थर साबित होगा। सूर्य के अध्ययन वाले अभियान मिशन आदित्य एल। के बारे में पूछे जाने पर सिंह ने कहा, इसकी तैयारी बराबर चल रही है। यह अपनी तरह का ऐसा पहला मिशन होगा जिसमें सूर्य के वायुमंडल, उसके वातावरण एवं उससे जुड़े तमाम पहलुओं पर शोध एवं अध्ययन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके आधार पर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया जाएगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत की यात्रा देर से शुरू हुई और जब हमने अंतरिक्ष क्षेत्र में आगे बढ़ने की कल्पना की तब अमेरिका और तत्कालीन सोवियत संघ चंद्रमा पर मानव उतारने की तैयारी कर रहे थे। सिंह ने कहा कि पुरानी पद्धतियों से हटकर तीन-चार साल पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतरिक्ष क्षेत्र को निजी सार्वजनिक गठजोड़ के लिए खोलने का निर्णय किया और इसके परिणाम भी सामने आएं हैं। उन्होंने कहा कि आज हमारे देश के अनुसंधान अमेरिका और रूस के स्तर के हैं। मंत्री ने कहा कि आज इस क्षेत्र में 130 से अधिक स्टार्टअप हैं और निजी क्षेत्र राकेट प्रक्षेपित कर रहे हैं।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री ने कहा, इससे अंतरिक्ष क्षेत्र को गति मिली है, प्रोत्साहन मिला है तथा वैज्ञानिकों को प्रतिष्ठा भी मिली है।

उन्होंने कहा कि आज भारत के लांचिग पैड से यूरोप, अमेरिका के उपग्रह अंतरिक्ष में भेजे जा रहे हैं और इसरो ने केवल अमेरिकी उपग्रह प्रक्षेपित करके 5.6 करोड़ डालर से अधिक अर्जित किए हैं।

# प्रधानमंत्री मोदी की पहल नगालैंड में स्थायी शांति लाएगी: अमित शाह



**भाषा।** तुएनसांग (नगालैंड)

**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि नगा शांति वार्ता जारी है और उम्मीद है कि नगालैंड में स्थाई शांति कायम करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल रंग लाएगी। तुएनसांग में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि पूर्वी नगालैंड के विकास और अधिकारों से जुड़े कुछ मुद्दे हैं और विधानसभा चुनाव के बाद इनका समाधान किया जाएगा।

उन्होंने कहा, वर्ष 2014 से पहले नगालैंड में अशांति थी... हमने शांति बहाली की प्रक्रिया शुरू की। मुझे उम्मीद है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल नगा संस्कृति, भाषा और परंपरा के संरक्षण के साथ राज्य में स्थाई शांति लाने में सफल होगी।

क्षेत्र के शीर्ष आदिवासी संगठन ईस्टर्न नगालैंड पीपुल्स आर्गेनाइजेशन (ईएनपीओ) ने फ्रंटियर नगालैंड को अलग राज्य का दर्जा देने की मांग को लेकर विधानसभा चुनावों का बहिष्कार करने का आह्वान किया है।

शाह ने कहा, गृह मंत्रालय ने ईएनपीओ के साथ चर्चा की है और एक सहमति बनी है, लेकिन आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण हम इसे मूर्त रूप नहीं दे सके। उन्होंने कहा, मैं आप सभी से वादा करता हूं कि चुनाव के बाद समझौते को लागू किया जाएगा जिसके माध्यम से पूर्वी नगालैंड के सभी मुद्दों का समाधान किया जाएगा। क्षेत्र में बड़े पैमाने पर विकास होगा और आपको आपके अधिकार मिलेंगे। पूर्वोत्तर में केंद्र में भाजपा के पिछले नौ साल के शासन में शांति बहाल करने के लिए कई कदम उठाए जाने का उल्लेख करते हुए केंद्रीय मंत्री ने दावा किया कि इस अवधि के दौरान क्षेत्र में हिंसक घटनाओं में 70 प्रतिशत की कमी आई है। उन्होंने कहा, सुरक्षा बलों की मौतों में भी 60 प्रतिशत की कमी आई है, जबकि पूर्वोत्तर में नागरिकों की मौत में 83 प्रतिशत की कमी आई है।

यह उल्लेख करते हुए कि भाजपा सरकार द्वारा नगालैंड के बड़े हिस्से से सशस्त्र बल (विशेषाधिकार) अधिनियम, 1958 हटा लिया गया है, उन्होंने उम्मीद जताई कि अगले तीन से चार वर्षों में इस कानून को पूर्वोत्तर राज्य से हटा दिया जाएगा। शाह ने जोर देकर कहा कि केवल भाजपा और एनडीपीपी के बीच सीट बंटवारे का समझौता हुआ है और कोई अन्य पार्टी गठबंधन से जुड़ी नहीं है।

उन्होंने कहा, मेरे संज्ञान में आया है कि कुछ पार्टियां यह कहकर मतदाताओं को गुमराह कर रही हैं कि उनके पास भाजपा का समर्थन है। मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि नगालैंड चुनाव के लिए हमारे पास केवल दो चुनाव चिह्न हैं- कमल (भाजपा का) और ग्लोब (एनडीपीपी का)। हम यह चुनाव मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो के नेतृत्व में लड़ रहे हैं, जबकि पीएम मोदी एनडीए के नेता हैं। शाह ने कहा कि जनजातियों के लिए बजटीय आवंटन 2014 में 21,000 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 2022 में 86,000 करोड़ रुपए कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए व्यापक अध्ययन करने के बाद नगालैंड में 13 परियोजनाओं सहित 100 से अधिक विकास परियोजनाओं को अंतिम रूप दिया गया है। शाह ने कहा, संप्रग शासन के दौरान 2009-10 में नगालैंड के विकास के लिए केवल।,300 करोड़ रुपए आवंटित किए गए थे, जिसे भाजपा सरकार ने वित्त वर्ष 2022-23 में बढ़ाकर 4,800 करोड़ रुपए कर दिया। उन्होंने कहा, पिछले आठ वर्षों में नगालैंड में 53 विकास परियोजनाएं पूरी हुई हैं और 142 और परियोजनाएं पूरी होने को हैं।

विभिन्न केंद्रीय योजनाओं के लाभार्थियों की संख्या गिनाते हुए उन्होंने कहा, इस चुनाव में हमारा समर्थन करें और मैं आपको आश्वस्त करता हूं कि आयुष्मान भारत के तहत मुफ्त चिकित्सा उपचार की सीमा पांच लाख रुपए से बढ़ाकर 10 लाख रुपए की जाएगी। रैली के बाद शाह पूर्वी नगालैंड में अपना दो दिवसीय प्रचार अभियान पूरा करते हुए दीमापुर के लिए रवाना हो गए। यहां से वह एक अन्य चुनावी राज्य मेघालय के लिए रवाना हो गए।


पूर्वी नगालैंड में छह जिले आते हैं जिसके तहत राज्य की 60 विधानसभा सीटों में से 20 सीटें आती हैं। एनडीपीपी और भाजपा 40-20 सीट बंटवारे के फॉर्मूले पर चुनाव लड़ रहे हैं। नगालैंड की 60 सदस्यीय विधानसभा के चुनाव के लिए 27 फरवरी को मतदान होना है। मतगणना दो मार्च को होगी।

# राजनाथ सिंह ने ब्रिटेन के विदेश मंत्री बेन वालेस के साथ फोन पर की बातचीत

**भाषा।** नई दिल्ली

**रक्षा** मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को अपने ब्रिटिश समकक्ष बेन वालेस के साथ बातचीत की, जो भारत में सैन्य साजो-सामान के सह-विकास एवं सह-उत्पादन में औद्योगिक सहयोग बढ़ाने पर विशेष रूप से केंद्रित रही। सिंह ने औद्योगिक सहयोग का जिक्र करते हुए कहा कि सहयोग के संभावित क्षेत्रों की पहचान की गई है, लेकिन उन्होंने इस बारे में विस्तार से नहीं बताया।

रक्षा मंत्री ने टेलीफोन पर हुई बातचीत को मैत्रीपूर्ण और सकारात्मक बताया तथा कहा कि इसका लक्ष्य द्विपक्षीय रक्षा संबंध को भविष्य में बढ़ाना था।



उन्होंने ट्वीट किया, ब्रिटेन के रक्षा मंत्री मिस्टर बेन वालेस के साथ बात कर खुशी हुई। बातचीत मैत्रीपूर्ण, सकारात्मक और द्विपक्षीय संबंध को भविष्य में बढ़ाने पर केंद्रित थी।

सिंह ने कहा, हमने जारी रक्षा सहयोग की समीक्षा की और दोनों देशों की सेनाओं के बीच द्विपक्षीय संपर्कों को लेकर संतोष प्रकट किया। अपनी बातचीत में क्षेत्रीय घटनाक्रमों और हिंद-प्रशांत से जुड़े विषय सहित रक्षा एवं सुरक्षा सहित कई मुद्दों पर चर्चा की। रक्षा मंत्री ने कहा, हमने रक्षा औद्योगिक सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर भी चर्चा की और सहयोग के संभावित क्षेत्रों की पहचान की। यह भी सुझाव दिया कि ब्रिटिश कंपनियों को भारत की विकास गाथा का हिस्सा बनना चाहिए और भारत में सह-विकास एवं सह-उत्पादन में हिस्सा लेना चाहिए। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा, दोनों मंत्रियों ने जारी रक्षा सहयोग की समीक्षा की और दोनों देशों की सेनाओं के बीच द्विपक्षीय संपर्कों पर संतोष प्रकट किया।

# प्रधान ने विद्यालयों, उच्च शिक्षण संस्थानों में नवाचार पाठ्यक्रम के विकास की वकालत की

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने देश के छोटे शहरों के उच्च शिक्षण संस्थानों में नवाचार के वातावरण को मजबूत करने और छात्रों व युवाओं के बीच उद्यमिता को बढ़ावा देने की जरूरत बताई एवं नवाचार पाठ्यक्रम के विकास की दिशा में काम करने की सिफारिश की।

नीति आयोग के अटल नवाचार मिशन (एआईएम) की प्रगति और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा करने के लिए सोमवार को हुई मिशन की उच्च-स्तरीय समिति (एमएचएलसी) की बैठक में प्रधान ने यह बात कही। इसकी अध्यक्षता शिक्षा और कौशल विकास मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने की। इस समिति ने पिछले साल एआईएम द्वारा की गई प्रगति की समीक्षा की और आने वाले वर्षों के लिए महत्वपूर्ण पहलों पर चर्चा की। मंत्रालय के बयान के अनुसार, प्रधान ने विशेष रूप से टियर-2, टियर-3 शहरों के उच्च शिक्षण संस्थानों में नवाचार के वातावरण को मजबूत करने और छात्रों व युवाओं के बीच उद्यमिता को बढ़ावा देने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने एआईएम और शिक्षा मंत्रालय को विद्यालयों एवं उच्च शिक्षा संस्थानों में नवाचार पाठ्यक्रम के विकास की दिशा में काम करने की सिफारिश की।इस समिति ने अटल नवाचार मिशन 2.0 के लिए निर्धारित कई प्रमुख पहलों पर चर्चा की।

# तुर्किए में दिखी भारतीय दल की क्षमता : जनरल पांडेय

**भाषा।** नई दिल्ली

**सेना** प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने मंगलवार को कहा कि सेना को भूकंप प्रभावित तुर्किए को मानवीय सहायता व राहत प्रदान करने के लिए अपने चिकित्सा दल पर गर्व है। उन्होंने कहा कि थोड़े समय में एक अस्थाई अस्पताल स्थापित करने से इस दल की उत्कृष्ट अभियानगत तैयारियों की बानगी मिलती है।

भूकंप प्रभावित तुर्किए के इस्केंदरुन क्षेत्र में बड़ी संख्या में प्रभावित लोगों की मदद करने के बाद देश लौटे भारतीय सेना के चिकित्सा दल के सदस्यों से बातचीत के बाद सेना प्रमुख ने यह बात कही।

दिल्ली छावनी स्थित सेना अस्पताल के परिसर में नालंदा ऑडिटोरियम में समारोह आयोजित किया गया। जनरल पांडे ने कहा, हमें तुर्किए में भूकंप प्रभावित लोगों को मानवीय सहायता तथा आपदा राहत पहुंचाने के लिए हमारे चिकित्सा दल पर गर्व है। इस अस्थाई अस्पताल में करीब 3,600 लोगों का उपचार किया गया, कई बड़ी-छोटी सर्जरी की गई।

भारत ने तुर्किए और सीरिया के अनेक हिस्सों में छह फरवरी को आए विनाशकारी भूकंप के बाद उन्हें सहायता पहुंचाने के लिए ऑपरेशन दोस्त शुरू किया था। भूकंप से 30,000 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। जनरल पांडे ने मंगलवार को संवाददाताओं से कहा, भारतीय सेना के चिकित्सा दल ने बहुत कम समय में इस्केंदरुन क्षेत्र में 30 बिस्तर का एक अस्थाई अस्पताल स्थापित कर दिया। समय पर लिए गए फैसले और



सभी हितधारकों के बीच उत्कृष्ट समन्वय के कारण यह तुर्किए पहुंचने वाले शुरुआती चिकित्सा दलों में शामिल था। उन्होंने कहा कि छह घंटे के संक्षिप्त नोटिस पर अस्पताल को तुर्किए पहुंचाया गया और आठ फरवरी को अडाना एयरफील्ड में उतारा गया।

सेना ने पहले ट्वीट किया था, इस्केंदरुन, हाते में भारतीय सेना के चिकित्सा केंद्र ने स्थानीय लोगों की सराहना और तालियों की गड़गड़ाहट के बीच अपनी सेवाएं समाप्त कीं। भूकंप प्रभावित तुर्किए में अपने निस्वार्थ प्रयासों के बाद 60 पैरा फील्ड अस्पताल का दल भारत लौटेगा। चिकित्सा दल ने सात से 19 फरवरी तक तुर्किए के भूकंप प्रभावित लोगों को सहायता पहुंचाई।

जनरल पांडे ने कहा, तुर्किए में इतने कम समय में अस्थाई अस्पताल स्थापित करने से हर समय उनकी उत्कृष्ट अभियान संबंधी तैयारियों की बानगी मिलती है। जनरल पांडे ने कहा कि भारतीय चिकित्सा दल तुर्किए के नागरिकों द्वारा दिए गए सहयोग के लिए उनकी सराहना करता है।

# आरएसएस के साथ वार्ता को लेकर माकपा ने फिर साधा जमात-ए-इस्लामी पर निशाना

**भाषा।** कासरगोड (केरल)

**केरल** में सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने जमात-ए-इस्लामी पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के साथ उसकी हालिया बातचीत को लेकर मंगलवार को फिर से निशाना साधा और मुस्लिम संगठन से वार्ता से हुए लाभ के बारे में आमजन को बताने को कहा।

माकपा की राज्य इकाई के सचिव एमवी गोविंदन ने आरोप लगाया कि संगठन संघ के प्रति अपने रुख पर पर्दा डालने के लिए वाम दल पर इस्लामोफोबिया (इस्लाम के खिलाफ भय और घृणा) फैलाने का सोच समझकर आरोप लगा रहा है।

उन्होंने सोमवार से यहां शुरू हुई पार्टी की महीने भर चलने वाली राज्यव्यापी पीपुल्स डिफेंस रैली के बीच जिले में संवाददाताओं से कहा, जमात-ए-इस्लामी को लोगों को यह स्पष्ट रूप से बताना चाहिए कि आरएसएस के साथ वार्ता करके उसे क्या हासिल होगा। सच्चाई यह है कि इस्लामोफोबिया शब्द का इस्तेमाल करके जमात-ए-इस्लामी और आरएसएस के रुख पर पर्दा डालने की सोच समझकर कोशिश की जा रही है।

गोविंदन ने कहा कि वे इसके लिए (अपने रुख को छिपाने के लिए) माकपा पर दोषारोपण की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने मांग की कि संगठन संघ परिवार के साथ वार्ता से होने वाले लाभ के बारे में बताए। इससे कुछ दिन पहले मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने भी आरएसएस के साथ वार्ता को लेकर जमात-ए-इस्लामी की आलोचना की थी।

जमात-ए-इस्लामी ने पिछले महीने नई दिल्ली में आरएसएस के साथ वार्ता की थी, जिसकी दक्षिणी राज्य के विभिन्न हलकों में तीखी आलोचना हुई।

# ईडी ने झारखंड ग्रामीण विकास विभाग से जुड़े धनशोधन के मामले में देशभर में छापे मारे

**नई दिल्ली रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने झारखंड ग्रामीण विकास विभाग में कथित अनियमितताओं से जुड़े धनशोधन के एक मामले में मंगलवार को कई स्थानों पर छापा मारा। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।

सूत्रों ने बताया कि संघीय जांच एजेंसी के अधिकारियों ने धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत झारखंड की राजधानी रांची, जमशेदपुर और दिल्ली सहित लगभग 24 स्थानों पर छापा मारा।

धनशोधन का यह मामला सरकारी काम देने के बदले में कथित रूप से दलाली दिए जाने के संबंध में राज्य सतर्कता ब्यूरो की शिकायत से जुड़ा है। सूत्रों का कहना है कि इन आरोपों के संबंध में और सबूत एकत्र करने के लिए छापे मारे जा रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि झारखंड ग्रामीण विकास विभाग के एक अधिकारी और कुछ हवाला डीलर एवं दलालों के परिसर पर छापे मारे जा रहे हैं।

# मैं चाहूंगा कि मेरे बच्चे हों : राहुल

**भाषा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि वह अपनी दादी इंदिरा गांधी के पसंदीदा थे, तो बहन प्रियंका गांधी वाद्रा उनकी नानी पाओला माइनो की लाडली थीं। राहुल गांधी की नानी इटली की नागरिक थीं, जिनका कुछ महीने पहले ही निधन हुआ। इटली के अखबार कोरियरे देला सेरा को दिए साक्षात्कार में 52 वर्षीय राहुल गांधी ने शादी से जुड़े सवालों का भी जवाब दिया और कहा कि वह चाहेंगे कि उनके बच्चे हों।

अब तक शादी नहीं करने के कारण के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, यह अजीब है...मैं नहीं जानता। बहुत सारी चीजें करने हो हैं। परंतु मैं चाहूंगा कि बच्चे हों। दाढ़ी बढ़ाने के संदर्भ में राहुल गांधी ने कहा, मैंने फैसला किया था कि पदयात्रा (भारत जोड़ो यात्रा) के दौरान दाढ़ी नहीं कटवाऊंगा। अब मुझे फैसला यह करना है कि आगे दाढ़ी रखनी है या नहीं रखनी है।

उन्होंने अखबार को बताया, मैं अपनी दादी का लाडला था, तो मेरी बहन मेरी नानी की लाडली थी। राहुल गांधी ने कहा, मेरी नानी 98 साल की उम्र तक दुनिया में रहीं और मेरा उनसे बहुत लगाव था, मेरा अपने मामा वाल्टर, ममेरे भाई-बहनों और पूरे परिवार से भी जुड़ाव रहा है। उनका यह साक्षात्कार एक फरवरी को प्रकाशित हुआ था। इसमें उन्होंने आरोप लगाया है कि किसी भी देश में फासीवाद उस वक्त पैर पसारता है, जब लोकतांत्रिक ढांचे ध्वस्त होने लगते हैं और संसद सही ढंग से नहीं चलती।

# हाथी ने 12 दिनों में 16 लोगों को मार डाला

**भाषा।** रांची

**झारखंड** के पांच जिलों में पिछले 12 दिनों में एक हाथी के हमले में कथित रूप से कम से कम 16 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें से चार लोग रांची में मंगलवार को मारे गए। वन अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

रांची के संभागीय वन अधिकारी श्रीकांत वर्मा ने बताया कि इटकी प्रखंड में धारा 144 के तहत प्रशासन ने निषेधाज्ञा लगा दी है एवं एक स्थान पर पांच से अधिक लोगों जुटने पर रोक लगा दी है, ताकि हाथी के हमले में और लोग हताहत न हों। उन्होंने कहा कि इस प्रखंड के ग्रामीणों को खासकर सुबह और शाम को घरों के अंदर ही रहने को कहा गया है, उन्हें किसी हाथी के करीब नहीं जाने की भी सलाह दी गई है। वर्मा ने पीटीआई-भाषा से कहा, ग्रामीण उस हाथी के पास भीड़ लगा दे रहे हैं जिसकी वजह से आज एक व्यक्ति की मौत हुई। उन्हें भीड़ लगाने से रोकने की कोशिश के तहत इटकी प्रखंड में आज धारा 144 लगा दी गई। प्रधान मुख्य वन संरक्षक शशिकार सामंत ने बताया कि वन विभाग उस हाथी को काबू में लाने के लिए पश्चिम बंगाल के एक विशेषज्ञ दल की मदद लेने समेत सभी संभावित कदम उठा रहा है जिस पर 12 दिनों में हजारीबाग, रामगढ़, चतरा, लोहरदगा और रांची जिलों में 16 लोगों को मार डालने का संदेह है।

उन्होंने पीटीआई-भाषा से कहा, हमने रांची के वन संरक्षक की अगुवाई में चार संभागों के वन अधिकारियों की एक समिति बनाई है। समिति तय करेगी कि क्या उसी हाथी के हमले में सभी 16 लोगों की मौत हुई है। यदि समिति यह निष्कर्ष निकालती है तो हम एक -दो दिन में निर्णय लेंगे। उन्होंने कहा, ऐसा लगता है कि हाथी मतवाले की तरह व्यवहार कर रहा है। समिति यह पता लगाएगी कि क्या हाथी जानबूझकर लोगों पर हमला कर रहा है या लोग अपनी मौत के लिए के लिए खुद ही जिम्मेदार हैं।

# विकिपीडिया का आरोप, साकपपिट ने अडाणी के बारे में अतिशयोक्ति भरी, झूठी बातें लिखी

**भाषा।** नई दिल्ली

**मुक्त** इंटरनेट पर आधारित विश्वकोष विकिपीडिया ने आरोप लगाया है कि एक दशक से अधिक समय से साक पपिट ने दिग्गज कारोबारी गौतम अडाणी, उनके परिवार और कारोबार के बारे में अतिशयोक्ति भरी और झूठी बातें लिखी हैं।

साक पपिट इंटरनेट पर सक्रिय ऐसे फर्जी खातों को कहते हैं, जो ब्लॉग, फोरम, विकिपीडिया और फेसबुक तथा ट्विटर जैसे सोशल नेटवर्किंग मंच का इस्तेमाल कर किसी व्यक्ति या मुद्दे के पक्ष में जनमत तैयार करते हैं।

विकिपीडिया ने कहा कि इन साक पपिट में कुछ कंपनी के कर्मचारी भी हैं और इन्होंने गैर-तटस्थ सामग्री जोड़ने तथा सूचना पर विकिपीडिया की चेतावनियों को हटाने का काम किया।

गौरतलब है कि अडाणी की कुल संपत्ति आधार में एक महीने से भी कम समय में 70 अरब डॉलर की कमी हुई है और वह दुनिया के तीसरे सबसे धनी व्यक्ति से फिसलकर 25वें स्थान पर आ गए हैं। ऐसा अमेरिकी शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के बाद हुआ, जिसमें उसने समूह पर खातों में हेराफेरी, शेयर की कीमतों को बढ़ाने तथा धन शोधन जैसे आरोप लगाए थे। अडाणी समूह ने इन आरोपों से इनकार किया है और कानूनी कार्वाई की चेतावनी दी है।

विकिपीडिया ने 20 फरवरी की भ्रामक सूचना रिपोर्ट में इस बात का उल्लेख किया है। क्या उन्होंने (अडाणी) और उनके कर्मचारियों ने विकिपीडिया लेखों से संबंधित गैर-तटस्थ पीआर संस्करणों के जरिए विकिपीडिया के पाठकों को धोखा देने की कोशिश की? इस सवाल के जवाब में रिपोर्ट में कहा गया, उन्होंने निश्चित रूप से ऐसा किया।

# हर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी और अधिक हो: राष्ट्रपति

**भाषा।** ईटानगर

**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को कहा कि देश के समग्र और समावेशी विकास के लिए राज्यों की विधानसभाओं, जन-प्रतिनिधित्व की अन्य संस्थाओं सहित हर कार्य क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी और अधिक होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अनुशासन और मर्यादा संसदीय प्रणाली की पहचान हैं तथा यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि चर्चा की सामग्री एवं गुणवत्ता उच्चतम स्तर की हो।

अरुणाचल प्रदेश विधानसभा के विशेष सत्र को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा, अरुणाचल प्रदेश की विधानसभा सहित सभी राज्यों की विधानसभाओं तथा जन-प्रतिनिधित्व की अन्य संस्थाओं में महिलाओं की भागीदारी बढ़नी चाहिए। मेरा मानना है कि हमारे देश के समग्र और समावेशी विकास के लिए हर कार्य क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी और अधिक होनी चाहिए।

उन्होंने कहा, अनुशासन और मर्यादा संसदीय प्रणाली की पहचान हैं। हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि चर्चा की सामग्री और गुणवत्ता उच्चतम स्तर की हो। साथ ही हमें विकास और जन-कल्याण के मुद्दों पर आम सहमति बनाने की जरूरत है।

राष्ट्रपति ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश की संस्कृति, विविधता और प्राकृतिक सुंदरता, इस राज्य को भारत में एक विशेष स्थान प्रदान करती है।

उन्होंने कहा कि आज पूरा देश अरुणाचल प्रदेश की ओर यहां की क्षमता तथा यहां के लोगों की उपलब्धियों के कारण नई दृष्टि से देख रहा है।



मुर्मू ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश में देश में प्रकृति के प्रथम कटोरे के रूप में उभरने की क्षमता है। उन्होंने कहा कि यह राज्य खासी मंदारिन संतरे और कीवी उत्पादन में पहले स्थान पर है जबकि बड़ी इलायची के उत्पादन में इसका देश में दूसरा स्थान है। उन्होंने कहा कि अरुणाचल की इस धरती पर सदियों से स्व-शासन और जमीनी लोकतंत्र की एक जीवंत प्रणाली विद्यमान है। राष्ट्रपति ने कहा कि आदिवासी संस्कृति अपने समूह की आकांक्षाओं को पूरा करने में निष्पक्ष, पारदर्शी और जवाबदेह बनकर सच्चे लोकतंत्र और सुशासन के मूल सिद्धांतों को आत्मसात करती है। उन्होंने कहा कि अरुणाचल प्रदेश ने पक्के घोषणापत्र के माध्यम से जलवायु परिवर्तन के लिए प्रतिबद्धता दिखाने का संकल्प लिया है। मुर्मू ने कहा, मुझे आशा है कि अन्य राज्य भी इससे प्रेरणा लेते हुए इस मॉडल को अपनाने की दिशा में आगे बढ़ेंगे।

राष्ट्रपति ने कहा कि उन्हें यह देखकर प्रसन्नता होती है कि विकास का सूर्य अरुणाचल प्रदेश को प्रकाशित कर रहा है और आज यह भारत की प्रगति की धारा का महत्वपूर्ण स्रोत है। उन्होंने कहा कि यह राज्य और यहां के सरल तथा निष्ठावान लोग देश की आर्थिक और सामाजिक प्रगति में अपना अमूल्य योगदान दे रहे हैं।

मुर्मू ने अपनी विधानसभा को जानें पहल की सराहना की।

# सरकार ने शत्रु संपत्तियों के माध्यम से 3,400 करोड़ रुपए से अधिक धनराशि अर्जित की

**भाषा।** नई दिल्ली

**सरकार** ने शत्रु संपत्तियों के निस्तारण से 3,400 करोड़ रुपए से अधिक धनराशि अर्जित की है। इनमें ज्यादातर शेयर और सोने जैसी चल संपत्तियां हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

शत्रु संपत्तियां उन लोगों की होती हैं जो विभाजन के दौरान भारत छोड़ गए थे और 1962 व 1965 के युद्ध के बाद पाकिस्तान और चीन की नागरिकता ले चुके हैं।

गृह मंत्रालय (एमएचए) के एक अधिकारी ने मंगलवार को कहा, भारत के शत्रु संपत्ति संरक्षक (सीईपीआई) ने शत्रु संपत्तियों के निपटान से कुल 3,407.98 करोड़ रुपए अर्जित किए हैं, जिसमें 2018-19, 2019-20, 2020-21 और 2021-22 में 152 कंपनियों के 7,52,83,287 शेयर (2,708.9 करोड़ रुपए) और राजस्व प्राप्तियों के रूप में 699.08 करोड़ रुपए शामिल हैं। कुल मिलाकर भारत सरकार टकसाल, मुंबई के माध्यम से शत्रु संपत्ति अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार जनवरी 2021 में 49,14,071 रुपए में 1699.79 ग्राम सोना और 10,92,175 रुपए में 28.896 किलोग्राम चांदी के गहने बेचे गए हैं। सरकार ने अब तक किसी भी अचल शत्रु संपत्ति से धनराशि अर्जित नहीं की है।

एक अन्य अधिकारी ने कहा कि पाकिस्तान और चीन की नागरिकता ले चुके लोगों ने कुल 12,611 प्रतिष्ठान या शत्रु संपत्ति छोड़ी हैं। इन 12,611 संपत्तियों में से 12,485 पाकिस्तानी नागरिकों से और 126 चीनी नागरिकों से संबंधित हैं।शत्रु संपत्तियां सीईपीआई के अधीन आती हैं, जो शत्रु संपत्ति अधिनियम के तहत गठित एक प्राधिकरण है।

शत्रु संपत्तियों की सबसे अधिक संख्या उत्तर प्रदेश (6,255) में पाई गई। इसके बाद पश्चिम बंगाल (4,088), दिल्ली (659), गोवा (295), महाराष्ट्र (208), तेलंगाना (158), गुजरात (151), त्रिपुरा (105), बिहार (94), मध्य प्रदेश (94), छत्तीसगढ़ (78) और हरियाणा (71) रहे। केरल में 71, उत्तराखंड में 69, तमिलनाडु में 67, मेघालय में 57, असम में 29, कर्नाटक में 24, राजस्थान में 22, झारखंड में 10, दमन-दीव में चार और आंध्र प्रदेश और अंडमान में एक-एक शत्रु संपत्तियां हैं।

# वार्नर भारत के खिलाफ अंतिम दो टेस्ट से बाहर

● कोहनी की चोट के कारण नहीं खेल पाएंगे

भाषा। नई दिल्ली



**खराब फॉर्म से** जूझ रहे ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर कोहनी में फ्रेक्चर के कारण मंगलवार को बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के बाकी बचे दो टेस्ट मैचों से बाहर हो गए जिससे मेहमान टीम को झटका लगा। वार्नर चोट से उबरने के लिए सिडनी जाएंगे लेकिन उनके चार मैच की टेस्ट श्रृंखला के बाद तीन मैच की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए भारत लौटने की उम्मीद है। एकदिवसीय श्रृंखला की शुरुआत 17 मार्च से मुंबई में होगी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने एक बयान में कहा, डेविड वार्नर भारत के टेस्ट दौरे से बाहर हो गए हैं और स्वदेश लौटेंगे। बयान के अनुसार, वार्नर को दिल्ली में दूसरे टेस्ट में कोहनी पर चोट लगी थी और उन्हें हेयरलाइन फ्रेक्चर हो गया था। आगे की जांच में पता चला कि उन्हें रिहैबिलिटेशन से गुजरना होगा जिसके कारण वह टेस्ट श्रृंखला के बाकी हिस्से में नहीं खेल पाएंगे। इसमें कहा गया, वर्तमान में यह अनुमान लगाया गया है कि वह टेस्ट सीरीज के बाद तीन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए भारत लौटेंगे। ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी में भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज की गेंद हेलमेट में लगने के बाद कनकशन (सिर में चोट लगने से बेहोशी जैसी स्थिति) की स्थिति के कारण दूसरे टेस्ट की दूसरी पारी में वार्नर की जगह मैथ्यू रेनशॉ ने ली थी। हेलमेट पर गेंद लगने से पहले एक गेंद बाएं हाथ के इस बल्लेबाज के हाथ में भी लगी थी और उनकी कोहनी में हेयरलाइन फ्रेक्चर हो गया था। बाएं हाथ का यह बल्लेबाज दो टेस्ट की तीन पारियों में सिर्फ 26 रन बना पाया है। ऑस्ट्रेलिया पहले दोनों टेस्ट गंवाकर चार टेस्ट की श्रृंखला में 0-2 से पीछे है। नई दिल्ली में वार्नर की जगह ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी में पारी का आगाज करने उतरे ट्रेविड हेड के एक मार्च से इंदौर में शुरू होने वाले तीसरे टेस्ट में उस्मान ख्वाजा के साथ सलामी बल्लेबाज की भूमिका निभाने की उम्मीद है। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड पहले ही चोट के कारण श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। अंगुली से चोट से उबर रहे तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क और कैमरन ग्रीन भी पहले दो टेस्ट में नहीं खेले। हालांकि ग्रीन के इंदौर में खेलने के लिए फिट होने की उम्मीद है। वह दूसरे टेस्ट में चुने जाने के काफी करीब थे। इस दौरान उन्होंने नेट्स में तेज गेंदबाजों का सामना किया था। लेग स्पिनर मिचेल स्वेपसन भारत वापस आने वाले हैं। नागपुर में पहले टेस्ट के बाद वह अपने पहले बच्चे के जन्म के लिए स्वदेश लौट गए थे।

## भारत में आपको संभलकर खेलना होगा : वेनुटो

### ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजी कोच ने दी नसीहत

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजी कोच माइक्ल डि वेनुटो ने मंगलवार को कहा कि दूसरे टेस्ट मैच मे उनकी टीम ने स्कोरिंग रेट बढ़ाने का प्रयास करके बहुत बड़ी गलती की और उन्हें भारत मे बहुत संभलकर खेलना चाहिए। भारत ने दिल्ली में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में छह विकेट से जीत दर्ज करके बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी बरकरार रखी। डि वेनुटो ने कहा कि पारी के पतन से पहले तक उनके बल्लेबाज रणनीति के अनुसार आगे बढ़ रहे थे। ऑस्ट्रेलिया ने 28 रन के अंदर अंतिम आठ विकेट गंवा दिए थे। स्टीव स्मिथ के स्वीप शॉट खेलने के प्रयास मे आउट होने के बाद ऑस्ट्रेलिया बल्लेबाजी ताश के पत्तो की तरह बिखर गई और उसकी पूरी टीम 31.1 ओवर मे 113 रन पर ढेर हो गई। भारत को 115 रन का लक्ष्य मिला जो उसने 26.4 ओवर मे हासिल कर दिया। डि वेनुटो ने मंगलवार को यहां कहा, निश्चित तौर पर हमारी रणनीति गलत हो गई थी। हमने अच्छी रणनीति बनाई थी लेकिन अगर खिलाड़ी रणनीति से इतर काम करेंगे तो उन्हें परेशानी झेलने होगी और हमने यही देखा। मैच मे निश्चित तौर पर तब हमारा पलड़ा थोड़ा भारी था और खिलाड़ियों को लगा कि अगर हम जल्दी 50 रन और बना लेते है तो टीम फायदे में रहेगी लेकिन इस देश में आप ऐसा नही कर सकते। हमने इस पर बात की थी, इसलिए ऐसा नही था कि यह कोई नई चीज थी। लेकिन दबाव मे अजीबोगरीब चीजें हो जाती हैं और हमने देखा कि हमारे कई खिलाड़ी क्रीज पर जाते ही स्वीप शॉट खेल कर रन बटोरना चाहते हैं। ऐसा नही है कि यह बहुत निराशा की बात है लेकिन बल्लेबाजी के वे 90 मिनट अच्छे नही थे। ऑस्ट्रेलिया के अधिकतर बल्लेबाजों ने स्वीप शॉट खेलने के प्रयास मे अपने विकेट गवाएं और डि वेनुटो ने स्वीकार किया कि जो खिलाड़ी इसे खेलने में माहिर न हो उसके लिए यह जोखिम भरा हो सकता है। यह निश्चित तौर पर स्पष्ट था कि हमने कहां गलती की। बल्लेबाजी मे हमने एक तरह का ही तरीका अपनाया। आपको इस देश मे संभलकर खेलते हुए आगे बढ़ना होता है। अगर अपनी रणनीति से भटकते हो तो फिर आप मुश्किल में पड़ जाओगे। डि वेनुटो ने इस संबंध में सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा का उदाहरण दिया जिन्होंने पिछले साल पाकिस्तान मे 150 से अधिक के औसत से रन बनाए थे और उसके बाद श्रीलंका में खेली गई श्रृंखला में भी अच्छा प्रदर्शन किया था।



# सानिया ने दुबई में हार के साथ अपने करियर का अंत किया

भाषा। दुबई



**भारतीय टेनिस** स्टार सानिया मिर्जा ने मंगलवार को यहां डब्ल्यूटीए दुबई ड्यूटी फ्री चैम्पियनशिप के पहले दौर में अपनी अमेरिकी जोड़ीदार मैडिसन कीज के साथ सीधे सेटों में हारकर अपने चमकदार करियर का अंत किया। सानिया और कीज की जोड़ी रूस की वेरोनिका कुदेरमेतोवा और ल्यूडमिला सैमसोनोवा से ठीक एक घंटे तक चले मैच में 4-6, 0-6 से हार गईं वेरोनिका एकल में 11वें और युगल रैंकिंग में पांचवें नंबर पर हैं जबकि ल्यूडमिला युगल में 13वें स्थान पर हैं छत्तीस वर्षीय सानिया 2003 में पेशेवर बनी थी। उन्होंने अपने करियर में छह ग्रैंडस्लैम खिताब जीते जिनमें तीन महिला युगल और इतने ही मिश्रित युगल के खिताब शामिल है। महिला युगल में उन्होंने अपने तीनों ग्रैंडस्लैम खिताब मार्टिना हिंगिस के साथ मिलकर जीते। अपने तीन मिश्रित युगल ग्रैंडस्लैम खिताब में से दो खिताब उन्होंने हमवतन महेश भूपति (2009 में ऑस्ट्रेलियाई ओपन और 2012 में फ्रेंच ओपन) के साथ मिलकर जीते। उन्होंने ब्रूनो सोरेस के साथ मिलकर अमेरिकी ओपन का खिताब जीता था। दुबई ओपन में दोनों टीमों ने शुरू में एक दूसरे की सर्विस तोड़ी जिससे एक समय स्कोर 4-4 से बराबरी पर था। इसके बाद हालांकि रूसी जोड़ी ने सानिया और कीज की सर्विस तोड़ी और फिर अपनी सर्विस बचाकर पहला सेट अपने नाम किया। सानिया और उनकी जोड़ीदार ने दूसरे सेट के शुरू में ही अपनी सर्विस गंवा दी और इसके बाद वापसी करने में नाकाम रही।

### टेनिस बहुत महत्वपूर्ण लेकिन मेरे जीवन में सब कुछ नहीं

**दुबई।** टेनिस सानिया मिर्जा के जीवन का अहम पहलू है और रहेगा लेकिन इस दिग्गज खिलाड़ी का कहना है कि खेल को ही सब कुछ नही मानने से उन्हें हर बार कोर्ट पर कदम रखते हुए आक्रामक खेल दिखाने की आजादी मिली। खेल को अलविदा कहने जा रही सानिया ने कहा कि उनके दिल मे हार का कभी डर नही था क्योंकि इससे खिलाड़ी रक्षात्मक हो जाता है। सानिया ने अपने युग के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों मे शामिल तत्कालीन अमेरिकी ओपन चैंपियन स्वेतलाना कुज्नेत्सोवा, स्विस दिग्गज मार्टिना हिंगिस, नादिया पेत्रोवा और फ्लाविया पेनेटा के खिलाफ जीत हासिल की। हालांकि वह एकल मुकाबलों में दिग्गज खिलाड़ियों सेरेना विलियम्स और वीनस विलियम्स से हारी लेकिन अमेरिकी बहनों को कड़ी चुनौती पेश की। सानिया ने कहा, जिस चीज ने मुझे इतना आक्रामक बनाया और वह मानसिकता असल मे हारने का डर नही होना था। मेरे लिए टेनिस हमेशा से मेरे जीवन का एक बहुत, बहुत बड़ा और महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है लेकिन यह मेरा पूरा जीवन नही है। और यही वह मानसिकता है जिसके साथ मै उतरी थी। सबसे बुरा यह हो सकता है कि आप एक टेनिस मैच हार सकते है और फिर वापस आकर पुनः प्रयास कर सकते है।

### कतर के खिलाफ दो मैत्री मैच खेलेगी भारत की अंडर-17 फुटबॉल टीम

**नई दिल्ली।** भारत की अंडर-17 फुटबॉल टीम एएफसी अंडर-17 एशियाई कप की तैयारियों के सिलसिले में 27 और 28 फरवरी को कतर के खिलाफ दो मैत्री मैच खेलेगी। बिबियानो फर्नांडीस के कोचिंग वाली भारतीय टीम ने पिछले साल एएफसी अंडर-17 एशियाई कप के लिए क्वालीफाई किया था और वह नवंबर से गोवा में अभ्यास कर रही है।

### दिमित्रुक भारतीय मुक्केबाजी टीम के विदेशी कोच नियुक्त

**नई दिल्ली।** भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) ने मंगलवार को मशहूर कोच दिमित्री दिमित्रुक को अगले दो साल के लिए राष्ट्रीय टीम का विदेशी कोच नियुक्त किया। दिमित्रुक पिछले 12 वर्षों से आयरिश एथलेटिक बॉक्सिंग एसोसिएशन में हाई परफॉर्मेंस कोच के रूप में कार्य कर रहे थे। वह विश्व चैंपियनशिप सहित आगामी प्रतिष्ठित प्रतियोगिताओं में भारत की पुरुष और महिला मुक्केबाजी टीम के विदेशी कोच के रूप में काम करेंगे।

### गैब्रिएल की वनडे श्रृंखला के लिए वेस्टइंडीज टीम में

**सेंट जोंस।** तेज गेंदबाज शेनन गैब्रिएल 2019 विश्व कप के बाद वेस्टइंडीज की ओर से पहला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबला खेल सकते हैं। गैब्रिएल को अगले महीने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाली तीन मैच की श्रृंखला के लिए सोमवार को वेस्टइंडीज की टीम में चुना गया। वह अगले हफ्ते से शुरू हो रही दो टेस्ट की श्रृंखला के लिए पहले ही दक्षिण अफ्रीका में है।

### लद्दाख ने जमी हुई झील पर हाफ मैराथन कराके गिनीज विश्व रिकॉर्ड बनाया

**लेह।** केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख ने 13,862 फीट ऊंची पेंगोग झील में शून्य से कम तापमान में अपनी पहली 21 किलोमीटर दौड़ का सफलतापूर्वक आयोजन करके इतिहास रचा। इसे गिनीज विश्व रिकॉर्ड में दुनिया की सबसे ऊंची जमी हुई झील पर हुई हाफ मैराथन के रूप में दर्ज किया गया। भारत और चीन की सीमा पर 700 वर्ग किलोमीटर में फैली पेंगोग झील का सर्दियों के दौरान तापमान माइनस 30 डिग्री सेल्सियस तक होता है जिससे खारे पानी की झील बर्फ से जम जाती है।

### सीनियर राष्ट्रीय बैडमिंटन में खेलेंगे प्रणय व श्रीकांत

**पुणे।** शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ी एचएस प्रणय और किदांबी श्रीकांत बुधवार से यहां शुरू हो रही अंतरराज्यीय-अंतरक्षेत्रीय तथा सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में आकर्षण का केंद्र होंगे। ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली पीवी सिंधू और विश्व की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी साइना नेहवाल इस प्रतियोगिता में नही खेलेंगी। चैंपियनशिप में हालांकि कई अन्य शीर्ष खिलाड़ी भाग लेंगे, जिनमें विश्व चैंपियनशिप के पूर्व कांस्य पदक विजेता बी साई प्रणीत भी शामिल है। इस प्रतियोगिता का आयोजन दो साल बाद किया जा रहा है।

### थीम रियो ओपन में हारे

**रियो डी जिनेरियो।** डोमीनिक थीम को रियो ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में तीन सेट में थियागो मोंटेइरो के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। मोंटेइरो ने थीम को सोमवार को पहले दौर के मुकाबले में 6-1, 3-6, 7-6 से हराया। दुनिया के तीसरे नंबर के पूर्व खिलाड़ी की रैंकिंग 96 तक गिर गई है।

# कमिंस के पास चिंता करने के लिए बहुत कुछ

● दूसरे टेस्ट में स्वयं से गेंदबाजी कराना भूल गया: बोर्डर

भाषा। सिडनी

**दिग्गज** क्रिकेटर एलेन बोर्डर का मानना है कि पैट कमिंस के पास चिंता करने के लिए काफी कुछ है क्योंकि भारत के खिलाफ श्रृंखला कप्तान के रूप में उनकी पहली असली परीक्षा थी और इस प्रक्रिया में दिल्ली में दूसरे टेस्ट में उन्होंने स्वयं से काफी कम गेंदबाजी कराई। ऑस्ट्रेलिया ने नागपुर और दिल्ली में शुरुआती दो टेस्ट हारने के बाद बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी जीतने का मौका गंवा दिया है। भारत दौरे पर आने से पहले कप्तान के रूप में सिर्फ एक मैच में शिकस्त झेलने वाले कमिंस दिल्ली में छह विकेट की हार के दौरान ऑस्ट्रेलियाई अंतिम एकादश में एकमात्र तेज गेंदबाज थे। उन्होंने पहली पारी में सिर्फ 13 ओवर फेंके और भारत की दूसरी पारी में बिल्कुल भी गेंदबाजी नहीं की। बोर्डर ने कहा, मुझे लगता है कि पैट ने उस टेस्ट मैच में खुद से बहुत कम गेंदबाजी कराई। ऐसे मौके थे जब हम भटकने लगे थे, खासकर भारत की पहली पारी में जब हमने उन्हें एक अच्छी साझेदारी बनाने का मौका दिया। उस समय अगर वह दो या तीन ओवर आक्रामक गेंदबाजी करता तो... ऑस्ट्रेलिया ने भारत का स्कोर सात विकेट पर 139 रन कर दिया था लेकिन अक्षर पटेल और रविचंद्रन अश्विन ने 114 रन की साझेदारी की जिससे मेजबान टीम ने अपने स्कोर को मेहमान टीम के स्कोर से एक रन कम तक पहुंचा दिया।

### भारतीय स्पिनरों के खिलाफ ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों की मदद को तैयार हेडन: रिपोर्ट



**नई दिल्ली।** दिग्गज बल्लेबाज मैथ्यू हेडन भारत के खिलाफ मौजूदा टेस्ट श्रृंखला में आस्ट्रेलिया की बल्लेबाजी की समस्या दूर करने के लिए तैयार है अगर उन्हें ऐसा करने के लिए कहा जाता है तो। ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों को पहले दो टेस्ट में भारतीय स्पिनरों ने काफी परेशान किया। ऑस्ट्रेलिया ने नागपुर और नई दिल्ली में रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा के नेतृत्व मे भारतीय स्पिनरों के खिलाफ 40 में से 32 विकेट गंवाए। हेडन ने मेजबान प्रसारणकर्ता स्टार स्पोर्ट्स के लिए श्रृंखला पर टिप्पणी करते हुए कहा कि वह भारतीय स्पिनरों के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की मदद करने के लिए खुशी-खुशी अपना हाथ आगे बढ़ाएंगे और वह इसके लिए कुछ नही लेंगे। सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड ने हेडन के हवाले से कहा, शत प्रतिशत, दिन या रात, किसी भी समय। बाएं हाथ के इस 51 वर्षीय पूर्व बल्लेबाज ने कहा, मुझे जब भी कुछ भी करने के लिए कहा जाता है तो मै हमेशा किसी भी समय उसके लिए हां कहता हूं।

# रुद्रांक्ष ने लगाया स्वर्णिम निशाना

● 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में व्यक्तिगत पदक जीता

● महिला वर्ग में तिलोत्तमा को कांस्य

भाषा। काहिरा



**गत विश्व चैंपियन** रुद्रांक्ष पाटिल ने मंगलवार को यहां आईएसएसएफ निशानेबाजी विश्व कप की पुरुष 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा का स्वर्ण पदक जबकि तिलोत्तमा सेन ने इसी स्पर्धा के महिला वर्ग में कांस्य पदक जीतकर भारत का दबदबा बनाए रखा। भारत अब प्रतियोगिता में तीन स्वर्ण सहित चार पदक जीत चुका है। दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी रुद्रांक्ष ने स्वर्ण पदक के मुकाबले में जर्मनी के मैक्समिलियन उल्बरिच को 16-8 से हराया। रुद्रांक्ष रैंकिंग दौर में भी 262.0 अंक के साथ शीर्ष पर रहे थे जबकि उल्बरिच ने 260.6 अंक जुटाए थे। तिलोत्तमा ने 262.0 के स्कोर के साथ रैंकिंग राउंड में शीर्ष आठ में जगह बनाई लेकिन वह 0.1 के न्यूनतम संभावित अंतर से स्वर्ण पदक मैच में जगह बनाने से चूक गई। उनका पदक प्रतियोगिता में भारत का दूसरा कांस्य पदक है। ग्रेट ब्रिटेन की सियोनैड मैकिंटोश ने स्वर्ण पदक के मुकाबले में स्विट्जरलैंड की ओलंपिक चैंपियन नीना क्रिस्टन को 16-8 से हराया। इससे पहले रुद्रांक्ष ने क्वालीफिकेशन दौर में 629.3 अंक के साथ सातवें स्थान पर रहते हुए रैंकिंग दौर में जगह बनाई थी। पुरुष 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में हिस्सा ले रहे अन्य भारतीय निशानेबाज दिव्यांश सिंह पंवार और हृदय हजारिका रैंकिंग दौर में जगह बनाने से मामूली अंतर से चूक गए। रैंकिंग दौर में शीर्ष आठ क्वालीफायर पांच शॉट की पांच सीरीज में चुनौती पेश करते हैं जिससे स्वर्ण पदक के मुकाबले में हिस्सा लेने वाले शीर्ष दो निशानेबाजों का फैसला होता है। पहली सीरीज के बाद इजराइल के अनुभवी निशानेबाज सर्गेई रिकटर शीर्ष पर थे जबकि रुद्रांक्ष उनसे 1.2 अंक पीछे थे। रुद्रांक्ष ने दूसरी सीरीज में वापसी की और अपने 10वें शॉट में 10.9 के परफेक्ट स्कोर के साथ पहली बार बढ़त बनाई। तीसरी सीरीज के अंत तक उन्होंने क्रोएशिया के मिरान मारिसिच पर 0.2 अंक की मामूली बढ़त बना रखी थी। रुद्रांक्ष ने चौथी सीरीज के अंत तक 1.1 अंक की बढ़त हासिल कर ली। रिकटर तीसरे स्थान पर बरकरार थे। सिर्फ चार निशानेबाज दौड़ में थे। विश्व चैंपियन रुद्रांक्ष ने 25 शॉट के बाद 262 अंक से शीर्ष स्थान हासिल किया और उल्बरिच 260.6 अंक के साथ मारिसिच और रिकटर को पछाड़कर दूसरे स्थान पर पहुंचने में सफल रहे। मारिसिच ने 260.5 अंक के साथ कांस्य पदक जीता। जर्मनी के निशानेबाज ने रुद्रांक्ष के साथ स्वर्ण पदक के मुकाबले में जगह बनाई। शुरुआती सात शॉट के बाद मुकाबला 7-7 से बराबर था।

# शिव थापा और हुसामुद्दीन की जीत से शुरुआत



भाषा। सोफिया

**भारत के अनुभवी** मुक्केबाज शिव थापा और हुसामुद्दीन ने मंगलवार को यहां 74वें स्ट्रैंड्जा मेमोरियल अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी टूर्नामेंट में जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की। थापा (63.5 किग्रा) ने फ्रेडरिक जेन्सेन लुंडगार्ड के खिलाफ शुरू से ही दबदबा बना कर रखा और अपने प्रतिद्वंदी को 5-0 से हराया। हुसामुद्दीन (57 किग्रा) भी आत्मविश्वास से भरे दिखे और मुकाबले की शुरुआत से ही उन्होंने चीन के ल्यू पिंग को बैकफुट पर रखा तथा 4-। से जीत दर्ज करके प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। निशांत देव (71 किग्रा) को तोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता आयरलैंड के एडन वाल्श से 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। भारत की तीन महिला मुक्केबाजों ने सोमवार की रात को अगले दौर में जगह बनाई थी। कलावानी (48 किग्रा) ने फिलीपींस की टेसारा क्लियो को 5-0 से जबकि अनामिका (50 किग्रा) ने चीन की चांग युआन को 5-0 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। विनाक्षी (57 किग्रा) ने अजरबेजान की हमजाएवा अघामालिएवा मशाती पर 4-। से जीत दर्ज की। अंकुशिता बोरो (66 किग्रा) मौजूदा विश्व चैंपियन आयरलैंड की एमी ब्रॉडहस्ट से ।-4 से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गईं।

### खाली गेंदों की अधिक संख्या हमें पहले ही परेशान कर रही है: हरमनप्रीत

**गक्बेरहा (दक्षिण अफ्रीका)।** कप्तान हरमनप्रीत कौर ने स्वीकार किया है कि स्ट्राइक रोटेट करने की भारत की अक्षमता चिंताजनक संकेत हैं। टीम चर्चा कर रही है कि महिला टी20 विश्व कप सेमीफाइनल से पहले खाली गेंद खेलने की लंबे समय से आ रही समस्या को कैसे हल किया जाए। दिसंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला के दौरान और फिर टी20 विश्व कप से पहले त्रिकोणीय श्रृंखला में भी टीम को स्ट्राइक रोटेट करने को लेकर परेशानी का सामना करना पड़ा। मौजूदा टूर्नामेंट में इंग्लैंड और आयरलैंड के खिलाफ ग्रुप दो के मैच में भारत ने क्रमशः 51 और 41 खाली गेंद खेली।

# रिचा घोष की 16 स्थान की छलांग

● आईसीसी महिला टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष 20 में

भाषा। दुबई



**भारत** की विकेटकीपर बल्लेबाज रिचा घोष दक्षिण अफ्रीका में चल रहे सबसे छोटे प्रारूप के विश्व कप में कुछ अच्छी पारियों की बदौलत मंगलवार को नवीनतम आईसीसी महिला टी20 रैंकिंग में 16 पायदान की छलांग लगाकर पहली बार बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष 20 में पहुंच गईं। महिला टी20 विश्व कप में वेस्ट इंडीज के खिलाफ 41 और इंग्लैंड के खिलाफ 47 रन की नाबाद पारियों ने रिचा को करियर के सर्वश्रेष्ठ 20वें स्थान पर पहुंचा दिया। वह स्मृति मंधाना (तीसरे), शेफाली वर्मा (10वें), जेमिमा रोड्रिग्स (12वें) और हरमनप्रीत कौर (13वें) के बाद शीर्ष 20 में जगह बनाने वाली पांचवीं भारतीय बल्लेबाज हैं। न्यूजीलैंड की ऑलराउंडर अमेलिया केर और पाकिस्तान की मुनीबा अली करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल करने वाली अन्य बल्लेबाज हैं। पार्ल में श्रीलंका के खिलाफ मैच विजई 66 रन की पारी खेलने वाली केर 16वें स्थान पर हैं। पाकिस्तान की बाएं हाथ की सलामी बल्लेबाज मुनीबा टी20 शतक लगाने वाली अपने देश की पहली महिला बनने के बाद 10 स्थान की छलांग से करियर के सर्वश्रेष्ठ 64वें स्थान पर पहुंच गई हैं। गेंदबाजों में भी केर तीन स्थान के फायदे से 13वें स्थान पर पहुंच गई हैं। बांग्लादेश के खिलाफ नाबाद 48 रन बनाने वाली ऑस्ट्रेलिया की कप्तान मेग लेनिंग एक स्थान के फायदे से चौथे स्थान पर हैं।

# भारत सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा



● इंग्लैंड की पाक पर धमाकेदार जीत

भाषा। केपटाउन

इंग्लैंड ने मंगलवार को यहां अपने आखिरी लीग मैच में पाकिस्तान पर 114 रन की धमाकेदार जीत के साथ आईसीसी महिला टी20 विश्व कप के ग्रुप दो में अपना पहला स्थान बरकरार रखा जिसका मतलब है कि ग्रुप में दूसरे स्थान पर रहने वाली भारतीय टीम को सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया की मजबूत टीम की चुनौती का सामना करना होगा। इंग्लैंड ने ग्रुप दो में अपने चारों में जीतकर आठ अंक हासिल किए। वह सेमीफाइनल में ग्रुप एक से दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम से भिड़ेगा। भारत ने चार में से तीन मैच जीते और वह छह अंकों के साथ ग्रुप दो में दूसरे स्थान पर रहा। सेमीफाइनल में उसका सामना गुरुवार को ऑस्ट्रेलिया से होगा जिसने ग्रुप एक में अपने चारों मैच जीतकर आठ अंक के साथ पहला स्थान हासिल किया था।

### भारत की जूनियर महिला हॉकी टीम ने दक्षिण अफ्रीका को शूट आउट में हराया

भाषा। नई दिल्ली

**भारतीय जूनियर** महिला हॉकी टीम ने दौरे के अपने अंतिम मैच में दक्षिण अफ्रीका की अंडर-21 टीम के खिलाफ पेनल्टी शूटआउट में 4-3 से जीत दर्ज की। अंडर-21 दक्षिण अफ्रीकी टीम के खिलाफ अपने सभी मैच जीतने के बाद भारत अब मेजबान देश की ए टीम से दो मैच खेलने की तैयारी कर रहा है। नियमित समय में दोनों टीम गोल करने में नाकाम रही जिसके कारण शूट आउट का सहारा लिया गया जिसमें भारतीय टीम ने 4-3 से बाजी मारी। दक्षिण अफ्रीका दौरा महत्वपूर्ण अंडर-21 एशिया कप के लिए टीम की तैयारियों का हिस्सा है जो आगामी एफआईएच महिला हॉकी जूनियर विश्व कप का क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट है। भारतीय टीम 24 और 25 फरवरी को दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ दो मैच खेलेगी जहां मेहमान टीम का लक्ष्य जीत की लय को बरकरार रखना होगा।

# मैं पूरी तरह से फिट : चाहर



● आईपीएल की तैयारी कर रहा हूं

भाषा। नई दिल्ली

**पिछले साल** दो बड़ी चोटों से जूझने के बाद भारतीय तेज गेंदबाज दीपक चाहर ने कहा है कि वह पूरी तरह से फिट हैं और 31 मार्च से शुरू हो रहे इंडियन प्रीमियर लीग से वापसी करने को तैयार हैं। तीस वर्षीय तेज गेंदबाज को स्ट्रेस फ्रेक्चर और फिर जांघ की तीसरे ग्रेड की चोट से उबरने में काफी मुश्किल हुई। वह पिछली बार भारत की ओर से बांग्लादेश में दूसरे एकदिवसीय में खेले थे जहां वह सिर्फ तीन ओवर गेंदबाजी कर पाए थे। वर्ष 2022 में चाहर भारत के लिए केवल 15 मैच ही खेल सके थे और चोट के कारण टी20 विश्व कप से भी बाहर हो गए थे। एनसीए में व्यापक रिहैबिलिटेशन के बाद चाहर आईपीएल की तैयारी कर रहे हैं जहां वह चेन्नई सुपर किंग्स का प्रतिनिधित्व करेंगे। मैं अपनी फिटनेस पर पिछले दो-तीन महीनों से कड़ी मेहनत कर रहा हूं, मैं पूरी तरह से फिट हूं और आईपीएल के लिए अच्छी तैयारी कर रहा हूं। उन्होंने कहा, मुझे दो बड़ी चोट लगी थीं। एक स्ट्रेस फ्रेक्चर था और एक जांघ की तीसरे ग्रेड की चोट। दोनों बहुत बड़ी चोट हैं। आप महीनों के लिए बाहर हो जाते हैं। चोट के बाद वापसी करते हुए समय लगता है, खासकर तेज गेंदबाजों को। अगर मैं एक बल्लेबाज होता तो मैं लंबे समय तक खेलता लेकिन एक तेज गेंदबाज के रूप में जब आपको स्ट्रेस फ्रेक्चर होता है, तो वापसी करना बहुत कठिन होता है।

### सौराष्ट्र 10 साल पहले मुंबई से खेलने से डरता था, अब उलटा है: नीरज ओडेड्रा

**नई दिल्ली।** सौराष्ट्र के मुख्य कोच नीरज ओडेड्रा ने पिछले एक दशक मे अपनी टीम के शानदार प्रदर्शन पर कहा है कि एक समय था जब उनकी टीम मुंबई से खेलने से डरती थी और अब वे और अन्य टीम हमारे से डरती है। नीरज ने स्वयं कहा था कि 2007-08 के बाद अपना पहला 50 ओवर का विजय हजारे ट्रॉफी खिताब जीतकर मौजूदा सत्र में उनकी टीम सफेद गेंद के प्रारूप में मजबूत बनकर उभरी है। उनादकट, अर्पित वसावदा, शेल्डन जैक्सन, चिराग जानी और धर्मेंद्रसिंह जडेजा जैसे टीम के अनुभवी खिलाड़ियों ने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया। यह ऐसी टीम है जिसमे 11वें स्थान तक बल्लेबाजी करने वाले खिलाड़ी है और टीम मे काफी ऑलराउंडर है। सौराष्ट्र पिछले सप्ताह 10 वर्षों मे अपना पांचवां रणजी फाइनल खेल रहा था लेकिन लगातार फाइनल में पहुंचने के बावजूद पिछले दशक के पहले हिस्से में उनके पास एक चैंपियन टीम से जुड़ा आत्मविश्वास नहीं था।

### उत्तर प्रदेश मिनी फुटबॉल एसोसिएशन की वार्षिक बैठक आयोजित



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश मिनी फुटबॉल एसोसिएशन की वार्षिक बैठक ब्राइट स्टार्ट कॉन्वेंट स्कूल नटखेड़ा रोड शक्तिनगर आलमबाग लखनऊ में सम्पन्न हुई। जिसमें असलम वारसी महासचिव उत्तर प्रदेश मिनी फुटबॉल एसोसिएशन उपस्थित रहे। जिन्होंने सर्व सम्मति से विजय श्रीवास्तव को लखनऊ मिनी फुटबॉल एसोसिएशन का महासचिव नियुक्त किया। इस के साथ साथसौरभ को जनपद कानपुर, अनुराग गुप्ता को सीतापुर का सचिव चुना गया। श्रीवास्तव ने बताया कि प्रदेश में मिनी फुटबॉल को बढ़ावा देना और लीग का आयोजन लखनऊ में करवाया जाएगा। शरीफ तारा लखीमपुर,अजीत कुमार बलिया,चंदा रानी बाराबंकी, उमंग कुमार बनारस, गौरवरायबरेली, विपिन कौशिक गाज़ियाबाद,रविकांत सहारनपुर तथा लखनऊ से मुशाहिद खान,रेनु मनचंदा,अविनाश , शर्मिला श्रीवास्तव, नेहा सोनी आदि मौजूद थे।